दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, शनिवार, 19 सितंबर 2026, भाद्रपद शुक्लपक्ष अष्टमी, विक्रम संवत-2084 वर्ष-10 अंक-148 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

अपने जीवन को एक विस्मयादिबोधक के रूप में जियें, न कि एक स्पष्टीकरण के रूप में।

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 05:36 प्रातः

अस्त : 05:48 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	31.0	22.0
जमशेदपुर	33.0	25.0
हजारीबाग	31.0	22.0
डालटनगंज	33.0	25.0

मुख्यमंत्री हेमंत की मां की तबीयत फिर बिगड़ी, सांस लेने में तकलीफ के बाद भर्ती

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां की तबीयत शुक्रवार को फिर खराब हो गई। पूर्व सीएम दिवंगत शिबू सोरेन की पत्नी रूपी सोरेन को सांस लेने में दिक्कत महसूस होने लगी। इसके बाद उन्हें फौरन अस्पताल ले जाया गया। उन्हें रांची के बरियातू रोड के पास मौजूद हिल व्यू नर्सिंग होम ले जाया गया। खबर लिखे जाने तक उनका इलाज किया जा रहा था। अस्पताल में रूपी सोरेन का इलाज कर रहे डॉक्टर नीतीश प्रिया ने बताया कि उनकी हालत फिलहाल कंट्रोल में है। रूपी सोरेन को सांस लेने में दिक्कत पेश आ रही थी। जब जांच कराई गई तो उनकी छाती में इन्फेक्शन का पता चला है। डॉक्टरों की टीम उन पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

2 दिन पहले ही बेंगलुरु से लौटी हैं रूपी सोरेन

अस्पताल के चिकित्सकों के मुताबिक, जांच में छाती में संक्रमण की पुष्टि हुई है। फिलहाल, उनकी हालत नियंत्रण में बताई जा रही है। रूपी सोरेन पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझ रही हैं और उनका इलाज चल रहा है। वह दो दिन पहले ही बेंगलुरु से इलाज और स्वास्थ्य जांच कराने के बाद रांची लौटी थीं। उनके साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी बेंगलुरु गए थे। रांची लौटने के बाद शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दोबारा अस्पताल ले जाना पड़ा।

गुरुवार से ही थी दिक्कत

बताया गया कि गुरुवार देर शाम से ही उन्हें सांस लेने में परेशानी महसूस हो रही थी। शुक्रवार को परेशानी बढ़ने के बाद परिजनों ने उन्हें हिल व्यू अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों की टीम ने तत्काल उनका इलाज शुरू किया और जरूरी निगरानी में रखा। रूपी सोरेन के स्वास्थ्य को लेकर परिवार की ओर से फिलहाल कोई विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। अस्पताल में उनके उपचार के साथ उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। आने वाले समय में चिकित्सकों की ओर से जारी मेडिकल अपडेट के बाद उनकी स्थिति को लेकर और जानकारी मिल सकती है।

परिवार के करीबी लोगों ने जल्द स्वस्थ होने की कामना की

रूपी सोरेन झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष शिबू सोरेन की पत्नी हैं। उनकी तबीयत बिगड़ने और अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी सामने आने के बाद परिवार के करीबी लोगों और शुभचिंतकों ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। फिलहाल, अस्पताल प्रबंधन के अनुसार उनकी हालत नियंत्रण में है और चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज जारी है।

पेट में पहले से थी दिक्कत

सीएम हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन इधर कुछ दिनों से लगातार बीमार चल रही हैं। इससे पहले उन्हें पेट की दिक्कत थी। उनका इलाज भी कराया गया। लेकिन अब सांस लेने में दिक्कत के बाद उन्हें रांची में भर्ती कराया गया है। हालांकि अब उनकी तबीयत में सुधार बताया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 25 को

रांची। झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 25 सितंबर को होगी। बैठक प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। बैठक में राज्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा के बाद निर्णय लिए जाने की संभावना है।

नंदीग्राम उपचुनाव
ममता के समर्थन के ऐलान के कुछ ही घंटों बाद कांग्रेस उम्मीदवार गिरफ्तार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम विधानसभा उपचुनाव में एक और बड़ा नाटकीय घटनाक्रम सामने आया है। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान को समर्थन देने की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई हत्या के एक पुराने मामले में की गई है। गौरतलब है कि शुक्रवार को ही ममता गुट की उम्मीदवार संचिता प्रधान ने अपना नामांकन वापस ले लिया था। इसके तुरंत बाद ममता बनर्जी ने प्रेसवार्ता कर नंदीग्राम उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान को समर्थन का एलान किया। इस बड़ी राजनीतिक घोषणा के कुछ ही समय बाद पुलिस ने मिलन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नंदीग्राम से कांग्रेस उम्मीदवार एक पुराने हत्या के मामले में आरोपित हैं और उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। इसी वारंट के आधार पर शुक्रवार को उन्हें हिरासत में लिया गया। बता दें कि, शनिवार को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन है। नामांकन की समय सीमा समाप्त होने से ठीक पहले, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के गढ़ माने जाने वाले नंदीग्राम में विपक्षी उम्मीदवार की गिरफ्तारी से राजनीतिक गलियारों में भारी हड़कंप मच गया है। इस कार्रवाई पर कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने इसे राजनीतिक साजिश करार देते हुए कहा, अचानक से यह मामला सामने आ गया। इस तरह से भाजपा एक दलीय शासन व्यवस्था स्थापित करना चाहती है। क्या इस देश में विपक्षी राजनीति के लिए कोई जगह नहीं बचेगी?

जेपीएससी, जेएसएससी सीजीएल केस मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई

एसआईटी की मॉनिटरिंग करेंगे रिटायर्ड जज

100 प्रतिशत नियुक्तियां गलत नहीं : हाइकोर्ट

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने जेपीएससी की सीडीपीओ परीक्षा और जेएसएससी-सीजीएल के जरिए हुई नियुक्तियों को रद्द करने के राज्य सरकार के फैसले पर पहले से लगी रोक बरकरार रखी। जस्टिस दीपक रोशन की अदालत में शुक्रवार को जेपीएससी की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) परीक्षा और जेएसएससी-सीजीएल समेत विभिन्न भर्ती परीक्षाओं से हुई नियुक्तियों को रद्द करने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हुई।

सभी नियुक्तियों में गड़बड़ी नहीं हुई

सुनवाई के दौरान अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि अब तक सामने आए तथ्यों से ऐसा प्रतीत होता है कि सभी नियुक्तियां सही तरीके से नहीं हुई हैं, लेकिन यह भी तथ्य है कि सभी नियुक्तियों में गड़बड़ी नहीं हुई है। अदालत ने इस बात पर भी चिंता जताई कि जेपीएससी को परीक्षा आयोजित करने और नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी करने में दो-तीन साल लग जाते हैं। ऐसे में एक साथ बड़ी संख्या में नियुक्तियां रद्द करने से उन अधिकारियों की नौकरी प्रभावित हो सकती है, जिनके खिलाफ व्यक्तिगत तौर पर कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है।

अनियमितताओं की जांच की निगरानी रिटायर जस्टिस गौतम चौधरी करेंगे

अदालत ने भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की जांच की निगरानी के लिए हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश गौतम कुमार चौधरी को नियुक्त किया है। वहीं, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी आरके मलिक को नोडल अधिकारी बनाया गया है। शुक्रवार की सुनवाई में राज्य सरकार और झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की ओर से अदालत में जवाब दाखिल किया गया।

अनियमितताओं से प्रभावित हुई पूरी प्रक्रिया

राज्य सरकार की ओर से दाखिल शपथ पत्र में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द करने के फैसले को सही ठहराते हुए कहा गया कि परीक्षा की पूरी प्रक्रिया कथित अनियमितताओं से प्रभावित हो गई थी। सरकार के अनुसार, ऐसी स्थिति में सही तरीके से सफल हुए अभ्यर्थियों और कथित तौर पर अनुचित तरीके से लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों के बीच स्पष्ट अंतर करना मुश्किल था। सरकार ने अपने जवाब में सुप्रीम कोर्ट के उन दिशा-निर्देशों का हवाला दिया है, जिनके अनुसार यदि किसी परीक्षा की पूरी प्रक्रिया दूषित हो जाए और सही तथा गलत तरीके से चयनित अभ्यर्थियों में अंतर करना संभव न हो तो पूरी परीक्षा रद्द की जा सकती है।

अब तक 28 लोगों की हुई गिरफ्तारी

सरकार ने इसी आधार पर सीजीएल परीक्षा रद्द करने के फैसले का बचाव किया है। शपथ पत्र में कहा गया है कि सीजीएल परीक्षा से जुड़े गोपनीय कार्य आईसीएन टेक्नोलॉजी को दिए गए थे। इनमें प्रश्नपत्रों की छपाई और उन्हें परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने सहित अन्य कार्य शामिल थे। सरकार के अनुसार, परीक्षा में कथित गड़बड़ी के मामले में एजेंसी के सीईओ सोमांश प्रकाश समेत 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 265 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। जांच में नेपाल के अलावा आसनसोल, कोलकाता, बिहार, झरिया और बोकारो में कथित तौर पर अभ्यर्थियों को प्रश्नों के उत्तर रटाए जाने की जानकारी मिलने का भी सरकार ने दावा किया है।

नेपाल ले जाए गए 28 में से 10 अभ्यर्थी सफल

सरकार के अनुसार, नेपाल ले जाए गए 28 अभ्यर्थियों में से 10 सीजीएल परीक्षा में सफल हुए हैं। मामले की जांच अभी जारी है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव रंजन, इंद्रजीत सिन्हा, अमृतांश वत्स, कुमार हर्ष, सोनल तिवारी और सुभाष रसिक सोरेन समेत अन्य ने पक्ष रखा। राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा और महाधिवक्ता रोहिताश्य रॉय तथा जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पीपरवाल और प्रिंस कुमार ने बहस की।

कोऑपरेटिव बैंक घोटाले मामले में ईडी की कार्रवाई

झारखंड और ओडिशा के सात ठिकानों पर एक साथ छापेमारी

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम की ओर से झारखंड और ओडिशा में कुल सात ठिकानों पर छापेमारी की जारी जा रही है। ईडी की ओर से झारखंड स्टेट कोऑपरेटिव बैंक घोटाले के मामले में पीएमएलए की धारा 17 के तहत तलाशी और जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। ये कार्रवाई झारखंड स्टेट कोऑपरेटिव बैंक (जेएससीबी) की सरायकेला शाखा के साथ बड़े पैमाने पर हुई धोखाधड़ी की चल रही जांच से जुड़ी है। यह धोखाधड़ी व्यवसायी संजय कुमार डालमिया ने जेएससीबी के तत्कालीन अधिकारियों की मिलीभगत से की थी।

सरायकेला में संजय डालमिया के आवास पर छापेमारी

सरायकेला में शुक्रवार की सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने ठेकेदार संजय डालमिया के पटनायक टोला स्थित आवास पर छापेमारी की। सुबह करीब सात बजे तीन वाहनों से पहुंची ईडी की टीम ने घर को अपने कब्जे में लेते हुए तलाशी शुरू की। टीम की ओर से घर के अंदर विभिन्न स्थानों पर दस्तावेजों और अन्य सामानों की जांच किए जाने की सूचना है।

35 करोड़ रुपये के लोन मामले में छापेमारी

बताया जा रहा है कि ईडी की ओर से कार्रवाई सहकारिता बैंक से करीब 35 करोड़ रुपये का लोन लेने और उसके भुगतान नहीं किए जाने से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में की जा रही है। ईडी की टीम मामले से संबंधित वित्तीय लेन-देन और दस्तावेजों की जांच कर रही है।

संजय डालमिया के घर के बाहर कड़ी सुरक्षा

छापेमारी के दौरान घर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था भी देखी गई। हालांकि, ईडी की ओर से अभी तक छापेमारी को लेकर आधिकारिक तौर पर विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। टीम की कार्रवाई जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही मामले में आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। लोन मामले पर कारोबारी संजय डालमिया जमानत पर बाहर है। मामला सरायकेला के जेएससीबी शाखा का है। यहां के अधिकारियों के साथ मिलकर संजय कुमार डालमिया ने बड़ा फ्रॉड किया था।

2017 में 4.14 करोड़ रु की फर्जी निकासी

जांच रिकॉर्ड के अनुसार, तीन और छह जून 2017 को करीब 4.14 करोड़ रुपये की राशि कथित तौर पर फर्जी तरीके से निकाली गई थी। इस रकम के एक हिस्से से डालमिया के पुराने ऋण खाते को बंद किए जाने का भी आरोप है। इस मामले में 22 अगस्त 2019 को सरायकेला थाने में करीब 38 करोड़ रुपये के कथित गबन को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में कारोबारी संजय कुमार डालमिया के अलावा बैंक के तत्कालीन अधिकारियों और कर्मचारियों को आरोपी बनाया गया था। इनमें तत्कालीन शाखा प्रबंधक सुनील कुमार सतपति, सहायक मदन लाल प्रजापति, तत्कालीन प्रबंधक वीरेंद्र कुमार, क्षेत्रीय कार्यालय चाईबासा के तत्कालीन एजीएम, लेखाकार शंकर बंदोपाध्याय, तत्कालीन एमडी मनोजनाथ शाहदेव, मुख्यालय के तत्कालीन एजीएम संदीप सेन और सीईओ बृजेश्वर नाथ सहित अन्य के नाम शामिल हैं। मामले में पुलिस जांच और बाद की कानूनी कार्रवाई के बाद कुछ आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। ईडी ने पीएमएलए के तहत ईसीआईआर दर्ज कर अब कथित अपराध से अर्जित रकम और उसके इस्तेमाल की जांच शुरू की है।

खराब सड़क ने लील ली दो युवकों की जान

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला क्षेत्र के तमलुक में गुरुवार रात सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे उस पर सवार तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गुरुवार शाम करीब सात बजे तीन लोग एक ही बाइक पर सवार होकर तमलुक इलाके से गुजर रहे थे। इसी दौरान खराब सड़क के कारण बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। एक व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य को आसपास के लोगों ने इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में इलाज के दौरान देर रात करीब दो बजे एक अन्य घायल की भी मौत हो गई। मृतकों में एक की पहचान बसु बास्के के रूप में हुई है, जबकि दूसरे मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। वहीं, बाइक चला रहे रथु का एमजीएम अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने शुक्रवार को मृतक बसु बास्के के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। दूसरे मृतक की पहचान के लिए पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

बिरसा चौक बाईपास रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान पर हाई कोर्ट की रोक

रांची। राजधानी रांची के बिरसा चौक से पहले बाईपास रोड पर चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान पर झारखंड उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को तत्काल रोक लगा दी। न्यायमूर्ति आनंदा सेन की अदालत ने रांची के उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक को प्रशासन की कार्रवाई रोकने का निर्देश दिया। अदालत ने अतिक्रमणकारियों को 31 दिसंबर तक सरकारी जमीन से स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। न्यायालय के आदेश के बाद बाईपास रोड पर जिला प्रशासन की ओर से चल रही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई फिलहाल थम गई है। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने आगामी त्योहारों को देखते हुए तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर रोक लगाने का निर्देश दिया। साथ ही अतिक्रमणकारियों को निर्धारित अवधि के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने को कहा। मामले में प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अखौरी अविनाश कुमार ने अदालत में पक्ष रखा। अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने मामले में कोई फीस नहीं ली है।

हाइकोर्ट से बड़गाईं जमीन मामले में हेमंत सोरेन की हस्तक्षेप याचिका खारिज

रांची। बड़गाईं की 8.86 एकड़ जमीन से जुड़े कथित फजीवाड़े मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड उच्च न्यायालय से शुक्रवार को झटका लगा। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने मुख्यमंत्री की ओर से दाखिल हस्तक्षेप याचिका (आईए) खारिज कर दी। इसके साथ ही रांची स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में मामले की आगे की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग भी स्वीकार नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने आईए के माध्यम से पीएमएलए की विशेष अदालत के उस आदेश पर 19 सितंबर तक रोक लगाने का आग्रह किया था, जिसमें उनकी डिस्चार्ज याचिका खारिज कर दी गई थी। साथ ही निचली अदालत में चल रही आगे की आपराधिक कार्यवाही पर भी रोक लगाने की मांग की गई थी। उच्च न्यायालय ने इस राहत को स्वीकार नहीं किया। मामले में मुख्यमंत्री की ओर से विशेष पीएमएलए अदालत के डिस्चार्ज याचिका खारिज करने के आदेश को मुख्य याचिका के माध्यम से उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। इस याचिका पर सुनवाई अभी जारी है। उच्च न्यायालय ने नौ सितंबर को मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा था और 16 सितंबर को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आईए पर आदेश सुरक्षित रखा था। ईडी की ओर से उच्च न्यायालय में वरीय अधिवक्ता अमित कुमार दास और अधिवक्ता सौरव कुमार ने पक्ष रखा। मुख्यमंत्री की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा ने पैरवी की। दरअसल, यह मामला रांची के बड़गाईं क्षेत्र की 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ा है। ईडी ने जमीन के कथित अवैध अधिग्रहण और हस्तांतरण से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन आरोपों से इनकार किया है। रांची की विशेष पीएमएलए अदालत ने आठ जून को उनकी डिस्चार्ज याचिका खारिज करते हुए मामले में आगे की कार्यवाही का रास्ता साफ किया था। विशेष पीएमएलए अदालत इस मामले में अंतू तिर्की, आर्किटेक्ट विनोद कुमार सिंह सहित अन्य आरोपितों के खिलाफ आरोप गठन कर चुकी है। मुख्यमंत्री समेत कुछ आरोपितों के खिलाफ आरोप गठन की प्रक्रिया अभी लंबित है। अब 19 सितंबर को विशेष पीएमएलए अदालत में मामले की सुनवाई होनी है।

संवाद देशभर के कुलपतियों के साथ ऑनलाइन संवाद, युवा शक्ति से बनेगा विकसित भारत

रांची विश्वविद्यालय की खेल उपलब्धियों की गूंजी धमक

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। विकसित भारत 2047 के संकल्प को जमीन पर उतारने के लिए देश की युवा शक्ति को संगठित करने की कवायद तेज हो गई है। इसी कड़ी में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से देशभर के कुलपतियों के साथ ऑनलाइन संवाद आयोजित किया गया। बैठक में रांची विश्वविद्यालय की उपलब्धियों ने विशेष ध्यान खींचा। कुलपति प्रो. सरोज शर्मा ने विश्वविद्यालय की खेल उपलब्धियों, नशामुक्ति अभियान और स्वास्थ्य एवं कल्याण की पहलों की जानकारी साझा की। बैठक का विषय भारत के युवा और विकसित भारत 2047 का विजन रहा। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने कहा कि विकसित भारत 2047 केवल लक्ष्य नहीं, बल्कि देश के भविष्य का संकल्प है। इसकी सबसे बड़ी ताकत युवा हैं। विश्वविद्यालयों को युवाओं की प्रतिभा, नवाचार और नेतृत्व क्षमता को राष्ट्र निर्माण की दिशा देने का महत्वपूर्ण केंद्र बताते हुए उन्होंने विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद-2027 और नशामुक्त युवा अभियान से विद्यार्थियों को जोड़ने का आह्वान किया।



हॉकी की बेटियों से फुटबॉल टीम तक, आरयू ने गाड़ा झंडा

बैठक में रांची विश्वविद्यालय की खेल उपलब्धियों का उल्लेख हुआ तो झारखंड की बेटियों की प्रतिभा भी चर्चा के केंद्र में रही। कुलपति प्रो. सरोज शर्मा ने बताया कि चीन में आयोजित जूनियर एशिया महिला हॉकी चैंपियनशिप में खिताब जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रांची विश्वविद्यालय की छात्राएं पार्वती कुमारी और विनिमा धान रहीं। उन्होंने कहा कि झारखंड की बेटियां अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का गौरव बढ़ाने की क्षमता रखती हैं।

विश्वविद्यालय की पुरुष फुटबॉल टीम ने पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में चैंपियन का खिताब हासिल किया, जबकि महिला टीम उपविजेता रही। वुशू टीम ने भी उपविजेता स्थान हासिल किया। पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में महिला टीम तीसरे स्थान पर रही।

कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और मानसिक कल्याण को भी प्राथमिकता दे रहा है। रिम्स और सीआईपी के सहयोग से स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र संचालित किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तंबाकू निषेध, नशामुक्त भारत, पर्यावरण संरक्षण, योग और सामाजिक जागरूकता अभियानों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

बैठक में विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद-2027 की चयन प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। विकसित भारत प्रश्नोत्तरी के बाद निबंध लेखन, जिला एवं राज्य स्तरीय प्रस्तुतियों के जरिए युवाओं का चयन होगा। राष्ट्रीय संवाद अगले वर्ष 10 से 12 जनवरी तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में प्रस्तावित है। इसमें युवा संसद, नवाचार, उद्यमिता, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक सरोकारों जैसे क्षेत्रों में युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

आयुष्मान व अबुआ योजना से 9.50 लाख लोगों का इलाज

झारखंड में दस साल में बदली स्वास्थ्य सुरक्षा की तस्वीर

3 वर्षों में 1,505 करोड़ रु. खर्च

रांची। आयुष्मान योजना ने झारखंड में दस वर्षों में स्वास्थ्य सुरक्षा की तस्वीर बदल दी है। राज्य में गंभीर बीमारी के इलाज के लिए गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सुरक्षा देने की व्यवस्था पिछले एक दशक में लगातार विस्तार के दौर से गुजरी है। कभी 30 हजार रुपये के सीमित स्वास्थ्य बीमा कवर से शुरू हुई यात्रा आज 15 लाख रुपये तक के स्वास्थ्य लाभ तक पहुंच चुकी है। इस बदलाव का सबसे बड़ा आधार केंद्र की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाई) और राज्य की मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (एमएमएएसएसवाई) बनी हैं। वर्तमान आंकड़े इस विस्तार की तस्वीर साफ करते हैं। वर्ष 2024-25 से लेकर वित्तीय वर्ष 2026-27 में अबतक इन दोनों योजनाओं के माध्यम से झारखंड में करीब 9.50 लाख लाभार्थियों का इलाज हुआ है। इन उपचारों पर लगभग 1,505 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। यानी औसतन प्रत्येक उपचार पर करीब 15,800 रुपये का व्यय हुआ है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार पॉलिसी वर्ष सात यानी वित्तीय वर्ष 2024-25 में करीब 3.70 लाख लाभार्थियों का इलाज हुआ और इस पर लगभग 560 करोड़ रुपये खर्च किए गए। अगले पॉलिसी वर्ष 2025-26 में उपचार कराने वाले लाभार्थियों की संख्या बढ़कर करीब 3.80 लाख हो गई। इस दौरान इलाज पर लगभग 670 करोड़ रुपये खर्च हुए। वर्तमान पॉलिसी वर्ष 2026-27 अभी जारी है। इसमें अबतक करीब 2 लाख लाभार्थियों का इलाज हो चुका है और लगभग 275 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। इस तरह तीनों वर्षों को मिलाकर उपचार का आंकड़ा 9.50 लाख के आसपास पहुंच चुका है। इन आंकड़ों से यह भी संकेत मिलता है कि स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं का उपयोग केवल सामान्य बीमारियों तक सीमित नहीं है। गंभीर और जटिल बीमारियों के इलाज के लिए भी इन योजनाओं का इस्तेमाल हो रहा है। सरकार की कोशिश अब केवल बीमा कवरेज बढ़ाने तक सीमित नहीं, बल्कि राज्य के भीतर ही ऐसी चिकित्सा सुविधाएं विकसित करने की है, जहां मरीजों को बड़े इलाज के लिए दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना पड़े।

30 हजार के कवर से 15 लाख तक का सफर

झारखंड में गरीब परिवारों के लिए स्वास्थ्य बीमा की मौजूदा व्यवस्था को समझने के लिए पिछले करीब एक दशक की यात्रा पर नजर डालना जरूरी है। आयुष्मान भारत से पहले राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना (आरएसबीवाई) के माध्यम से गरीब परिवारों को स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाता था। वर्ष 2015-16 के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार झारखंड में 16,82,894 सक्रिय आरएसबीवाई कार्ड थे और उस वित्तीय वर्ष में 13,686 अस्पताल में भर्ती दर्ज किए गए थे। उस समय आरएसबीवाई के तहत परिवार को सालाना 30 हजार रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मिलता था। इस दौर में स्वास्थ्य बीमा का दायरा और उपचार की पहुंच आज की तुलना में काफी सीमित थी। वर्ष 2013-14 के आंकड़ों में झारखंड में आरएसबीवाई के तहत करीब 19.23 लाख लाभार्थी परिवार दर्ज थे। इसके बाद राज्य ने अपनी स्वास्थ्य बीमा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया। वर्ष 2017 में झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना (एमएसबीवाई) को मंजूरी दी। उस समय योजना के तहत परिवारों को दो लाख रुपये तक का बीमा कवर देने का प्रस्ताव था।

2018 में आया बड़ा बदलाव

सितंबर 2018 में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना लागू होने के साथ देश की स्वास्थ्य सुरक्षा व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन आया। पीएमजेएवाई के तहत पात्र गरीब और कमजोर परिवारों को प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य कवर देने की व्यवस्था की गई। योजना का लाभ देशभर के सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में लिया जा सकता है तथा उपचार कैशलेस व्यवस्था के तहत उपलब्ध कराया जाता है। झारखंड में भी पीएमजेएवाई के साथ राज्य की स्वास्थ्य बीमा व्यवस्था को जोड़ा गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के आंकड़ों में 2021-22 तक झारखंड में 28,05,753 पात्र परिवार पीएम-जेएवाई के दायरे में थे। इसके अतिरिक्त राज्य योजना के तहत 29,05,180 अतिरिक्त परिवारों को भी समान स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा था। इस तरह दोनों व्यवस्थाओं के माध्यम से करीब 57 लाख परिवारों तक स्वास्थ्य सुरक्षा का विस्तार हुआ था।

कोरोना काल में भी जारी रही इलाज की व्यवस्था

कोविड-19 महामारी के दौर में स्वास्थ्य व्यवस्था पर जबरदस्त दबाव पड़ा। इसके बावजूद आयुष्मान व्यवस्था के तहत उपचार का सिलसिला पूरी तरह नहीं रुका। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सितंबर 2021 के आंकड़ों के अनुसार झारखंड में तब तक 9.37 लाख अस्पताल में भर्ती उपचार अधिकृत किए जा चुके थे और इनके लिए करीब 971 करोड़ रुपये की राशि अधिकृत हुई थी। अक्टूबर 2021 तक यह संख्या बढ़कर करीब 9.70 लाख और उपचार राशि लगभग 1,013.72 करोड़ रुपये हो गई। जनवरी 2022 तक झारखंड में अधिकृत अस्पताल भर्ती उपचारों की संचयी संख्या 10.67 लाख पहुंच गई थी। इनके लिए करीब 1,139.75 करोड़ रुपये की राशि अधिकृत हुई। उस समय तक राज्य में करीब 92.67 लाख आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके थे और कुल सूचीबद्ध अस्पतालों की संख्या 837 थी। यह आंकड़ा महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि इसमें कोविड काल से प्रभावित वर्षों की गतिविधियां भी शामिल हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के तथ्यपत्रों में अस्पताल में भर्ती और दावों के आंकड़े अलग-अलग दर्ज होते हैं तथा इनमें राज्य योजना के लाभार्थी भी शामिल हो सकते हैं। इसलिए इन्हें वर्तमान विभागीय आंकड़ों के साथ जोड़कर सीधे एक ही श्रृंखला मानना उचित नहीं होगा।

अबुआ योजना ने बढ़ाया दायरा

झारखंड में स्वास्थ्य सुरक्षा की अगली बड़ी कड़ी मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना बनी। इसका उद्देश्य ऐसे गरीब और वंचित परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा के दायरे में लाना है, जो केंद्र की पात्रता सूची में शामिल नहीं हो पा रहे थे। राज्य की योजना के माध्यम से करीब 35 लाख परिवारों को आच्छादित किए जाने की व्यवस्था है और इसका पूरा वित्तीय भार राज्य सरकार उठाती है। राज्य सरकार के आधिकारिक पोर्टल पर मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के लिए अलग लाभार्थी पहचान प्रणाली भी संचालित है, जिसके माध्यम से लाभार्थी स्वास्थ्य सुरक्षा कार्ड से जुड़ी प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इस व्यवस्था का सबसे अहम पहलू यह है कि राज्य ने स्वास्थ्य सुरक्षा को केवल केंद्र की पात्रता सूची तक सीमित रखने के बजाय अपने स्तर पर अतिरिक्त परिवारों को भी शामिल करने की कोशिश की है। यही कारण है कि झारखंड में स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का कवरेज पिछले वर्षों में लगातार विस्तृत हुआ है।

15 लाख रुपये तक पहुंचा लाभ

शुरूआत में आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रति परिवार पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य कवर था। झारखंड सरकार ने बाद में स्वास्थ्य सुरक्षा की सीमा बढ़ाकर 15 लाख रुपये तक कर दी। अब दोनों योजनाओं से जुड़े पात्र लाभार्थियों को इसी बढ़ी हुई सीमा का लाभ दिया जा रहा है। इसका महत्व ऐसे राज्य के लिए अधिक है जहां ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में गंभीर बीमारी का इलाज परिवार की आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर सकता है। कैंसर, हृदय रोग, किडनी, गंभीर सर्जरी और अन्य जटिल उपचारों में लाखों रुपये तक खर्च हो सकते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य सुरक्षा कवर बढ़ने का सीधा असर परिवार के जेब से होने वाले खर्च पर पड़ सकता है।

अस्पतालों का नेटवर्क भी बढ़ा

स्वास्थ्य बीमा की सफलता केवल लाभार्थियों की संख्या से तय नहीं होती। इसके लिए पर्याप्त संख्या में सरकारी और निजी अस्पतालों का सूचीबद्ध होना भी जरूरी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के जनवरी 2022 के आंकड़ों के अनुसार झारखंड में उस समय 837 अस्पताल सूचीबद्ध थे, जिनमें सरकारी, सार्वजनिक और निजी संस्थान शामिल थे। वर्ष 2025-26 के झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार पीएमजेएवाई के तहत राज्य में 550 सूचीबद्ध अस्पतालों के माध्यम से 19.34 लाख मरीजों को लाभ पहुंचा और संचयी संवितरण 2,553 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। सर्वेक्षण के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 से 2024-25 के बीच वार्षिक दावों में 23.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि बीते वर्षों में योजना का संचालन केवल लाभार्थियों की पहचान और कार्ड बनाने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अस्पतालों, उपचार पैकेज और दावों के भुगतान की पूरी व्यवस्था विकसित हुई है।

अब चुनौती इलाज की गुणवत्ता व राज्य में सुविधाएं बढ़ाने की

स्वास्थ्य सुरक्षा का दायरा बढ़ने के साथ अब अगली चुनौती यह है कि लाभार्थियों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिले। कई बार बीमा कवर उपलब्ध होने के बावजूद मरीजों को विशेषज्ञ उपचार के लिए बड़े शहरों या दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता है। ऐसे में बीमा कवरेज के साथ मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, जांच सुविधाओं और आधुनिक उपकरणों का विस्तार भी जरूरी है। झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक शशि प्रकाश सिंह ने बताया कि राज्य में दोनों योजनाओं का लाभ आम लोगों तक बेहतर तरीके से पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उनके मुताबिक गंभीर और जटिल बीमारियों का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए मैनपावर की उपलब्धता और जरूरत के आधार पर व्यापक स्तर पर काम किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य लोगों को गंभीर इलाज के लिए राज्य से बाहर जाने की मजबूरी से बचाना है।

दस साल की तस्वीर

यदि पिछले एक दशक की यात्रा को देखें तो झारखंड में गरीब परिवारों की स्वास्थ्य सुरक्षा व्यवस्था ने कई चरण पार किए हैं। वर्ष 2015-16 में 30 हजार रुपये के बीमा कवर और सीमित उपचार आंकड़ों से शुरू हुई व्यवस्था 2017 में राज्य की अपनी स्वास्थ्य बीमा पहल, 2018 में आयुष्मान भारत के विस्तार और इसके बाद राज्य की अतिरिक्त योजनाओं तक पहुंची। 2021-22 तक ही पीएमजेएवाई और राज्य योजना के संयुक्त ढांचे में लाखों परिवार शामिल हो चुके थे। अब 2026-27 में राज्य सरकार 15 लाख रुपये तक के स्वास्थ्य लाभ की व्यवस्था के साथ करीब 9.50 लाख उपचारों का आंकड़ा दर्ज कर रही है।

संक्षिप्त खबरें

सदर अस्पताल से डिस्चार्ज हुए देवेन्द्र नाथ

रांची। जेपीएससी-जेएसएससी में निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती व्यवस्था की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे देवेन्द्र नाथ महतो को पांच दिनों के उपचार के बाद गुरुवार को सदर अस्पताल, रांची से डिस्चार्ज कर दिया गया। स्वास्थ्य में गंभीर कमजोरी के कारण उन्हें 13 सितंबर 2026 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों के अनुसार, लंबे समय तक नियमित खान-पान और पर्याप्त आराम नहीं मिलने के कारण उनके शरीर में अत्यधिक थकान और कमजोरी की स्थिति बनी थी। जांच के दौरान कैल्शियम और विटामिन-डी की कमी के कारण नसों और मांसपेशियों में जकड़न तथा खिंचाव की समस्या भी सामने आई। अस्पताल से छुट्टी देते समय चिकित्सकों ने उन्हें नियमित उपचार के साथ पर्याप्त आराम करने और संतुलित खान-पान लेने की सलाह दी है। अस्पताल से बाहर आने के बाद देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि शरीर थक चुका है, लेकिन छात्रों के भविष्य और निष्पक्ष भर्ती व्यवस्था की लड़ाई कमजोर नहीं पड़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। महतो ने आंदोलन को लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से जारी रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि छात्रों के हित और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाई जाती रहेगी।

अभय तिवारी की पत्नी व भाई की जमानत याचिका खारिज

रांची। अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की कोर्ट ने जेएसएससी-सीजीएल भर्ती फर्जीवाड़ा मामले के आरोपित अभय तिवारी की पत्नी और भाई की जमानत याचिका पर फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सुषमा कुमारी और अक्षय तिवारी दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। पूर्व की सुनवाई में अदालत ने दोनों पक्षों की दलील पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अधिवक्ता अमितेश कुमार और अधिवक्ता सचिन कुमार ने पक्ष रखा था।

झारखंड हाई कोर्ट ने बर्खास्त सिपाही को सेवा निरंतरता और बकाया वेतन देने का दिया आदेश

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने बर्खास्तगी के बाद पुनर्बहाल किए गए झारखंड आर्म्ड पुलिस (जैप-8), पलामू के सिपाही जितेंद्र कुमार को 28 नवंबर 2015 से 13 अक्टूबर 2023 तक की अवधि की सेवा में निरंतरता का लाभ देने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने संबंधित अवधि का बकाया वेतन सहित सभी परिणामी लाभ देने का आदेश दिया है। अदालत ने इस अवधि को नो वर्क, नो पे के आधार पर बिना वेतन रखने और असाधारण अवकाश के रूप में मानने संबंधी आदेश को रद्द कर दिया। अदालत ने संबंधित अधिकारियों को रिकॉर्ड का सत्यापन कर सभी परिणामी लाभ देने तथा बकाया राशि का भुगतान आदेश की प्रति प्राप्त होने की तारीख से 12 सप्ताह के भीतर करने का निर्देश दिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता नेहा भारद्वाज ने पक्ष रखा। दरअसल, जितेंद्र कुमार जैप-8, पलामू में कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। उनके खिलाफ 30 दिसंबर 2014 को विभागीय आरोप पत्र गठित किया गया था। उन पर फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी हासिल करने और पुलिस विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये लेने के आरोप लगाए गए थे। विभागीय जांच में आरोप प्रमाणित पाए जाने के बाद 28 नवंबर 2015 को उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। इसके खिलाफ दायर उनकी अपील भी 18 मार्च 2016 को खारिज कर दी गई थी। इसके बाद जितेंद्र कुमार ने बर्खास्तगी के आदेश को चुनौती देते हुए झारखंड उच्च न्यायालय का रुख किया था।

धान की खरीददारी की तैयारी करने का निर्देश

रांची। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने शुक्रवार को विभाग की समीक्षा बैठक कर धान की खरीदारी की तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में किसानों को समय पर भुगतान, धान की पारदर्शी खरीद, भंडारण, परिवहन की ऑनलाइन ट्रैकिंग, किसानों की जमीन के सत्यापन और बिचौलियों पर रोक सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। मौके पर मंत्री ने कहा कि इस वर्ष अच्छी धान फसल के पैदवार की संभावना को देखते हुए सरकार ने पहले से तैयारियां शुरू कर दी है। किसानों की जमीन के सत्यापन के बाद ही उसके अनुरूप धान की खरीद की जाएगी। वहीं, धान परिवहन करने वाले वाहनों को ट्रैकिंग सिस्टम से जोड़ा जाएगा, जिससे खरीद केंद्र से मिलर और भंडारण तक धान की आवाजाही पर नजर रखी जा सके। बैठक में वर्तमान वित्तीय वर्ष में 50 लाख क्विंटल धान खरीद और 19 लाख क्विंटल चावल तैयार करने का लक्ष्य बताया गया। राज्य में 1000 मीट्रिक टन क्षमता वाले 15 नए गोदाम बनाने का भी निर्णय लिया गया।

लाखों की धोखाधड़ी मामले में महिला सहित दो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

रांची। राजधानी रांची के अरगोड़ा थाने में 37 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस संबंध में काजल सिंह ने अरगोड़ा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

काजल सिंह की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरती देवी और उनके पति प्रमोद पांडे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316 (2), 318 (4) और 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता काजल सिंह ने पुलिस को बताया है कि दोनों आरोपितों ने अपनी व्यक्तिगत और पारिवारिक जरूरतों का हवाला देकर उनसे रुपये लिए थे। आरोप है कि रुपये लेते समय आरोपितों ने तय समय पर पूरी रकम वापस करने का भरोसा दिलाया था। भरोसा कर काजल सिंह ने अलग-अलग तिथियों पर आरोपितों को नगद रुपये दे दिए।

शिकायत में काजल सिंह ने अलग-अलग तिथियों में किए गए नकद लेनदेन का ब्योरा अपनी डायरी में दर्ज होने की बात कही है। आवेदन के अनुसार 18 अगस्त 2025 से 5 जुलाई 2026 के बीच कई बार रकम दी गई। शिकायतकर्ता के अनुसार डायरी में दर्ज लेनदेन की कुल राशि करीब 34.60 लाख रुपये है। इसके अलावा अन्य छोटे-बड़े नकद खर्च को जोड़कर कुल देय राशि करीब 37 लाख रुपये होने का दावा किया गया है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि शुरूआत में आरोपितों ने समय पर पैसे लौटाने का भरोसा दिया, लेकिन तय समय बीतने के बाद भी जब उन्होंने अपनी रकम वापस मांगी तो दोनों आरोपित अलग-अलग बहाने बनाकर मामले को टालते रहे। आरोप है कि लगातार तकादा करने के बाद आरोपितों ने रकम वापस करने से इनकार कर दिया। काजल सिंह ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि आरती देवी और प्रमोद पांडे ने उनका विश्वास हासिल करने के बाद उनसे बड़ी मात्रा में नकद राशि ली। शिकायतकर्ता ने इसे सुनियोजित तरीके से विश्वास में लेकर रकम हड़पने और अमानत में खयानत का मामला बताया है।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को दिए आवेदन में मामले से संबंधित साक्ष्य भी उपलब्ध कराने की बात कही है। इसमें नगद लेनदेन संबंधित दर्ज डायरी के पन्नों की छायाप्रति और आरोपितों के मोबाइल नंबरों पर हुई बातचीत और कॉल डिटेल को महत्वपूर्ण साक्ष्य बताया गया है। अरगोड़ा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की जिम्मेदारी सब-इंस्पेक्टर आनंद कुमार साह को सौंपी है।

चेंबर ने केंद्र से की यूपीआई लेन-देन पर शुल्क वापस लेने की मांग

रांची। फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने केंद्र सरकार से दो हजार रुपए से अधिक के चुनिंदा यूपीआई व्यापारी लेन-देन पर प्रस्तावित एमडीआर को वापस लेने की मांग की है। चेंबर के अध्यक्ष तुलसी पटेल ने इस संबंध में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र भेजकर व्यापार और उद्योग जगत की चिंताओं से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि देश में यूपीआई के व्यापक प्रसार और स्वीकार्यता में व्यापारियों के लिए शून्य एमडीआर व्यवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। छोटे दुकानदारों, व्यापारियों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, खुदरा विक्रेताओं एवं सर्विस सेक्टर के प्रतिष्ठानों ने इसी कारण डिजिटल भुगतान को तेजी से अपनाया है।

चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि दो हजार रुपये से अधिक के चुनिंदा व्यापारी-से-ग्राहक लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर, निर्धारित प्रति-लेन-देन अधिकतम सीमा के अधीन, लागू किए जाने से व्यापारिक प्रतिष्ठानों की परिचालन लागत बढ़ सकती है। किसी एक लेन-देन पर यह राशि भले ही कम दिखाई दे, लेकिन बड़ी संख्या में डिजिटल लेन-देन करने वाले व्यवसायों के लिए इसका संचयी प्रभाव महत्वपूर्ण हो सकता है। उन्होंने कहा कि खुदरा विक्रेता, थोक व्यापारी, वितरक और सेवा क्षेत्र के अनेक व्यवसाय प्रतिस्पर्धी एवं सीमित लाभांश पर कार्य करते हैं। वर्तमान समय में कर्मचारियों, परिवहन, बिजली, किराया, अनुपालन तथा अन्य परिचालन खर्चों में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में डिजिटल भुगतान स्वीकार करने पर लगने वाली नियमित अतिरिक्त लागत व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर अतिरिक्त आर्थिक भार डाल सकती है। वित्त मंत्रालय को प्रेषित किये गए पत्राचार में कहा गया कि कई वर्षों से बिना एमडीआर के उपलब्ध यूपीआई भुगतान व्यवस्था ने देश में नकद से डिजिटल भुगतान को मजबूत किया है। ऐसे समय में व्यापारी स्तर पर डिजिटल भुगतान स्वीकार करने की लागत बढ़ने से कुछ क्षेत्रों में व्यापारियों के भुगतान संबंधी व्यवहार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। साथ ही कहा गया है कि चेंबर यूपीआई व्यवस्था की दीर्घकालिक स्थिरता और भुगतान सुरक्षा एवं संबंधित सेवाओं में आवश्यक निवेश की सरकार की आवश्यकता को समझता है, लेकिन चेंबर का मानना है कि इन उद्देश्यों की पूर्ति ऐसी व्यवस्था के माध्यम से की जानी चाहिए, जिससे व्यापारियों के लिए डिजिटल भुगतान स्वीकार करना हतोत्साहित न हो। चेंबर अध्यक्ष ने केंद्रीय वित्त मंत्री से दो हजार रुपये से अधिक के चुनिंदा यूपीआई व्यापारी लेन-देन पर प्रस्तावित एमडीआर को वापस लेने और व्यापारियों के लिए वर्तमान शून्य-एमडीआर व्यवस्था को जारी रखने का आग्रह किया।

एक नजर

विश्वकर्मा पूजा पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

रांची। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। दोनों ने भगवान विश्वकर्मा से राज्यवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में कहा कि विश्वकर्मा पूजा के पावन अवसर पर सभी राज्यवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा की कृपा से सभी के जीवन में सुख-समृद्धि आने तथा श्रम, कौशल और सृजन के क्षेत्र में निरंतर प्रगति की कामना की। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी विश्वकर्मा पूजा पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि भगवान विश्वकर्मा की कृपा से हर उस हाथ को सम्मान, शक्ति और सफलता मिले, जो अपने श्रम, हुनर, मेहनत और लगन से परिवार, समाज, राज्य और देश के निर्माण में योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर सभी को श्रम और सृजन के प्रति सम्मान का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपने परिश्रम और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से समृद्ध एवं सशक्त झारखंड के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने भगवान विश्वकर्मा से सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की और अपने संदेश का समापन जोहार के साथ किया।

सहायक आचार्य नियुक्ति मामले में उच्च न्यायालय ने 43 सीटें सुरक्षित रखने का दिया निर्देश

रांची। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से सहायक आचार्य (विज्ञापन संख्या 13/2023) के पद पर नियुक्ति से संबंधित आदित्य कुमार एवं अन्य की याचिका पर झारखंड उच्च न्यायालय में गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने प्रार्थियों को अंतरिम राहत देते हुए 43 सीटों को उनके हित में सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। साथ ही सुनवाई की तारीख 30 अक्टूबर तय की। अगली तारीख को मामले में अंतिम सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता शुभम मिश्रा ने न्यायालय का ध्यान इस बिंदु की ओर दिलाया कि सभी प्रार्थियों ने अपनी-अपनी संबंधित श्रेणी में अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इसके बावजूद याचिकाकर्ताओं को नियुक्ति प्रक्रिया में उचित अवसर नहीं मिल पाया है। अधिवक्ता ने न्यायालय के समक्ष यह भी प्रस्तुत किया कि पारा और नन-पारा, दोनों श्रेणियों में सीटें रिक्त होने के बावजूद अधिक अंक प्राप्त करने वाले याचिकाकर्ताओं के मामले पर समुचित विचार नहीं किया गया है। इससे पूर्व की सुनवाई में न्यायालय की ओर से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया गया था। लेकिन निर्धारित समय के बावजूद आयोग की ओर से जवाब दाखिल नहीं हो सका। कोर्ट ने मामले को 30 अक्टूबर को अंतिम सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

श्रद्धाभाव से हुई भगवान विश्वकर्मा की पूजा

रांची। राजधानी रांची में गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा की पूजा श्रद्धापूर्वक और धूमधाम से की गई। इस अवसर पर लोगों ने अपने वाहनों को धुलवाकर विधिपूवर्क पूजा-अर्चना की। वहीं रांची के विभिन्न उद्यौगिक संस्थानों, हार्डवेयर और मशीनरी से संबंधित स्थान, दुकान एवं अन्य कार्यालयों में भी भगवान विश्वकर्मा की अराधना की गई। रांची के कोकर, अरगोड़ा, हरमू, रातू रोड,धुर्वा , डोरंडा सहित कई इलाकों में पंडाल बनाकर ऑटो चालक अन्य लोगों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा की। इधर, रांची के धुर्वा स्थित एचईसी के एचएमबीपी यूनिट के कार्यशाला संख्या 43-44 में भी भगवान विश्वशकर्मा की प्रतिमा रख कर फल, फूल और गंधादि सहित अन्य पूजन सामग्री से विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर एचएमबीपी यूनिट के सिनियर मैनेजर इंचार्ज संजीव कुमार, मैनेजर चंद्रभूषण प्रसाद, मैनेजर मृणाल चौधरी, रामप्रवेश राम, राजीव रंजन कुमार,धीरज प्रताप सिंह, अमरेन्द्र कुमार, अजीत कुमार सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

रांची में बारिश का कोटा पूरा, अब तक 1207.9 मिमी वर्षा दर्ज

झारखंड में सामान्य से 6 फीसदी कम वर्षा

21 सितंबर तक गरज के साथ बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में इस मानसून सीजन में बारिश का कोटा पूरा हो गया है। रांची में एक जून से 17 सितंबर तक 1207.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पूरे झारखंड में अब तक 878.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, जबकि इस अवधि में सामान्य वर्षा 935.3 मिलीमीटर होनी चाहिए थी। इस तरह राज्य में अब तक सामान्य से छह प्रतिशत कम बारिश हुई है।

मौसम विभाग ने 21 सितंबर तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में गरज के साथ बारिश होने तथा आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। लोगों से मौसम खराब होने के दौरान सावधानी बरतने की अपील की गई है।

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश धनबाद जिले के पुटकी में 69 मिलीमीटर दर्ज की गई। इस दौरान सबसे अधिक तापमान पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में 37.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि सबसे कम तापमान लातेहार में 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और धूप खिली रही। तेज धूप के कारण दिनभर गर्मी और उमस महसूस की गई। रांची में अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 35.6 और न्यूनतम 25.2 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 34.4 और न्यूनतम 24.7 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 31.1 और न्यूनतम 23.5 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 35.8 और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

श्रद्धा व उल्लास के साथ मनी विश्वकर्मा पूजा

आर.के. कंस्ट्रक्शन साइट पर रही विशेष धूमधाम कारखानों, संस्थानों और घरों में पूजे गए उपकरण

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। सृष्टि के प्रथम वास्तुकार, शिल्पकार और ब्रह्मांड के इंजीनियर भगवान विश्वकर्मा का पावन पर्व गुरुवार को राजधानी में पूरे श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक अनुष्ठानों के साथ मनाया गया। शहर के औद्योगिक क्षेत्रों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से लेकर निर्माण स्थलों और घरों तक भक्तिमय माहौल देखने को मिला। बिरसा चौक के समीप स्थित बिरसानगर के 'रुद्राक्षा एन्क्लेव' (आर.के. कंस्ट्रक्शन साइट) में पूजा को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। यहां पूरे परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था और दिनभर उत्सव जैसा माहौल बना रहा। इसके अलावा शहर की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों, कारखानों, मोटर गैराजों, वेल्डिंग शॉप्स, इंजीनियरिंग फर्मों और तकनीकी संस्थानों में भी विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

मशीनों, गाड़ियों व इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों की हुई वंदना

समारोह के दौरान कार्यस्थलों पर श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा की मनमोहक प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा की। इसके साथ ही घरों में भी लोगों ने गाड़ियों, सिलाई मशीनों और इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की साफ-सफाई कर उनका पूजन किया। कार्यस्थल पर दैनिक उपयोग में आने वाले औजारों, मशीनों और तकनीकी उपकरणों को साफ-सुथरा कर भगवान से सुख-समृद्धि, व्यापार में उन्नति और कार्यों में सुरक्षा की प्रार्थना की गई।

निर्माण और तकनीक के देवता हैं भगवान विश्वकर्मा

आर.के. कंस्ट्रक्शन के विनोद प्रकाश ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को शिल्प, निर्माण और समस्त तकनीकी कार्यों का आराध्य देव माना जाता है। किसी भी निर्माण कार्य की सफलता और कार्यस्थल की सुरक्षा उनके आशीर्वाद से ही संभव है। उनके पूजन से कार्यों में निरंतर प्रगति और समृद्धि आती है। पूजा के समापन के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद एवं भंडारे का वितरण किया गया।

संक्षिप्त

रातू किला मैदान में करम पूर्व संध्या का आयोजन आज

रातू। करम पूर्व संध्या संचालन समिति रातू के तत्वाधान में भव्य करम पूर्व संध्या महोत्सव शनिवार को रातू किला मैदान में आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव में सैकडो गांव के खोडहा भाग लेगें। आयोजको ने बताया कि सभी खोडहा का पारितोषिक देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने पहान महतो, कोटवार, पईनभरा, गांव के खोडहा के अगुवा, ग्राम प्रधान, आम व खास सामाजिक संगठनो के अगुवाओ से अपने सांस्कृतिक चिह्न, वेशभुषा एवं गोज बाजे के साथ आने की अपील की है।

यूपीएस कोयलाडीह में घुसे दो हाथी, स्कूल क्षतिग्रस्त

सिल्ली। प्रखंड क्षेत्र के यूपीएस कोयलाडीह (अजयगढ़) विद्यालय में बुधवार की शाम दो हाथियों के घुसने से अफरा–तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार 16 सितंबर 2026 को शाम करीब सात बजे दो हाथी विद्यालय परिसर में पहुंच गए। हाथियों ने विद्यालय के क्लास रूम और रसोई घर के दरवाजे समेत बक्से आदि को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद विद्यालय प्रभारी ने इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दी। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी गुरुवार, 17 सितंबर को विद्यालय पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया। अधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधन को नियमानुसार क्षतिपूर्ति दिलाने का आशवासन दिया। घटना के बाद विद्यालय प्रबंधन और आसपास के ग्रामीणों में हाथियों की गतिविधियों को लेकर चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में हाथियों की लगातार आवाजाही को देखते हुए सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। साथ ही विद्यालय परिसर के आसपास विशेष निगरानी रखने की भी अपील की गई है।

सर्वत्र रही विश्वकर्मा पूजा की धूम

छोटा मुरी में धूमधाम से मनी विश्वकर्मा पूजा मूर्ति विसर्जन आज

नवप्रदेश संवाददाता

सिल्ली। छोटा मुरी में श्री श्री विश्वकर्मा पूजा धूमधाम और भक्तिमय माहौल में मनाई गई। इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की आकर्षक प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूजा के दौरान प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। समिति की ओर से पूजा स्थल पर प्रकाश समेत अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। श्री श्री विश्वकर्मा पूजा समिति, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुरी-2 के सदस्यों की बैठक में 17 सितंबर को पूजा तथा 19 सितंबर को प्रतिमा विसर्जन का निर्णय लिया गया था। निर्णय के अनुसार गुरुवार को पूजा संपन्न हुई। शुक्रवार को श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी भोग का आयोजन किया गया। शनिवार, 19 सितंबर को विधिवत प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा। पूजा आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति का पुनर्गठन भी किया गया। इसमें बहादुर सिंह मुंडा को अध्यक्ष, रणदीप महतो को उपाध्यक्ष, सुभाष कुमार महतो को सचिव, टिंकू कुमार को उपसचिव, कृष्ण कुमार पासवान को कोषाध्यक्ष और गोरख चंद्र सिंह को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया। कार्यकारिणी में संजय कुमार दास, खगेश्वर महतो, मनोहर महतो, दिनेश सिंह मुंडा, अमित कुमार महली, अरुण कुमार महतो, रवि कुमार शर्मा, बिनोद कुमार महतो, गुरूपदो महतो, जयप्रकाश कुमार, संजीव कुमार मिस्त्री और राज नारायण शर्मा समेत अन्य सदस्य शामिल हैं। समिति सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।



भक्ति के साथ हुई देव शिल्पी विश्वकर्मा की पूजा

सोनाहातू: प्रखंड क्षेत्र में देव शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा का पूजा उत्साह एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में भगवान विश्वकर्मा की पूजा किया गया। लोहे के कारोबार करने वाले व्यापारियों सहित सभी प्रकार के वाहन मालिकों , गैरेजो में पूजा किया गया।पूजा आयोजकों ने गुरुवार ओर शुक्रवार संध्या आरती के बाद भजन–कीर्तन का आयोजन कराया। सोनाहातू शिवा वोल्डिंग वर्क्स में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा–पाठ और संध्या आरती की गयी थी। साथ हीं प्रसाद एवं खान पान की भी व्यवस्था भी आयोजक द्वारा कराया गया था।

राहे में कई स्थानों पर हुई पूजा

राहे। प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ दो दिनों तक विश्वकर्मा पूजा किया गया। कुछ स्थानों में गुरुवार ओर कुछ स्थानोंए शुक्रवार को पूजन किया गया। राहे चौक, गोमदा चौक आदि स्थानों में भव्य प्रतिमा और पंडाल बनाया गया था। पंडाल में स्थापित विश्वकर्मा के प्रतिमा स्थल पर पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ आदि करा कर पूजन को संपन्न कराए।

प्रतिमा विसर्जन के साथ विश्वकर्मा पूजा संपन्न, बेड़ो में भव्य शोभायात्रा, ढोल-नगाड़ों से गूंजा क्षेत्र

बेड़ो। प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना शुक्रवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ धूमधाम से संपन्न हुई। विभिन्न पूजा स्थलों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा की गई। गुरुवार को बड़ाईक चौक और विद्युत सब स्टेशन परिसर में विशेष पूजा का आयोजन हुआ। इसके अलावा निजी औद्योगिक इकाइयों, प्रतिष्ठानों और कार्यस्थलों पर भी पूजा-अर्चना की गई। शुक्रवार को विसर्जन के अवसर पर प्रतिमा को आकर्षक ढंग से सजे वाहन पर विराजमान कर एनएच-23 पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों और बाजों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। भगवान विश्वकर्मा के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा के बाद देर शाम श्रद्धालुओं ने प्रतिमा को स्थानीय तालाब में विधिवत विसर्जित किया। विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पूजा और शोभायात्रा को लेकर पूरे दिन क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा।

गणेशोत्सव का समापन, नम आंखों से दी विदाई

रातू। छोटा नागपुर नव युवक संघ गणेश पूजा समिति के तत्वावधान में चिंता हरण गणेश शिव मंदिर काठीटांड़ प्रांगण में चल रहे पांच दिवसीय गणेशोत्सव का समापन शुक्रवार को रातू बड़ा तालाब में प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हो गया। शाम में काठीटांड़ से भव्य विसर्जन जुलूस निकाला गया, जो काठीटांड़ चौक, ब्लॉक चौक होते हुए बड़ा तालाब पहुंचा। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने नम आंखों से बप्पा को विदाई दी। मौके पर सुबोध साहु, प्रदीप कुमार प्रकाश, ईश्वर साहू, सुषमा तिर्की, राजमन साहू, अजय विश्वकर्मा, राजू साहू, मोहन कुमार साहू, कृष्णा गोप, शिवलखन प्रसाद, हरि साहू, टिपेंद्र साहू सहित समिति के कई सदस्य व श्रद्धालु उपस्थित थे।

Sd/-
CEO, Jasmin
Jharkhand, Ranchi
PR 389941 Agriculture (26-27) D

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरीतिलैया
योग्य लाभुकों को मिलेगा शौचालय निर्माण का प्रोत्साहन राशि
12,000.00 (बारह हजार रुपया मात्र)
1. SC/ST परिवार
कार्यपालक अभियंता
PR 390005 (Drinking Water and Sanitation) 26-27 (D) पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।

गणेश प्रतिमा का धूमधाम से विसर्जन

बुढ़मू। गणेश पूजा के अवसर पर बुढ़मू बाजारटांड़ में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा का शुक्रवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ विसर्जन किया गया। विसर्जन से पहले भक्तों ने बाजारटांड़ से बुढ़मू चौक तक भव्य जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल श्रद्धालु गणपति बप्पा के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। लाउडस्पीकर पर बज रहे भक्ति एवं उत्साहपूर्ण गीतों पर युवाओं और श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। जुलूस के दौरान पूरा क्षेत्र गणपति बप्पा के जयकारों से गूंजता रहा। विसर्जन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं में पूरे आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। पूजा समिति के सदस्यों ने शांतिपूर्ण तरीके से विसर्जन कार्यक्रम संपन्न कराया। इस अवसर पर बुढ़मू प्रखंड के उप प्रमुख हरदेव साहू, समिति के अध्यक्ष जयपाल साहू, जय साहू, मुन्ना साहू, वासदेव बैठा, राजू गोस्वामी, उप संरक्षक शंकर साहू सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। विसर्जन जुलूस में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

एक करोड़ की ठगी का आरोपी रातू से गिरफ्तार, दिल्ली पुलिस ने दबोचा

दिल्ली पुलिस की टीम ने रातू पुलिस के सहयोग से दलादिली में दबोचा

नवप्रदेश संवाददाता

रातू। करोड़ों रुपये की ठगी के फरार आरोपी को दिल्ली पुलिस ने रातू पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान संजू मिश्रा उर्फ टुनटुन के रूप में हुई है, जो गांधी नगर रांची का रहने वाला है। फिलहाल उसे रातू थाना में रखा गया है, जहां उससे दिल्ली पुलिस द्वारा गहन पूछताछ की जा रही है।

दलादली से हुई गिरफ्तारी - जानकारी के अनुसार दिल्ली पुलिस की एक विशेष टीम ठग की तलाश में रांची आई थी। आरोपी अपने किसी निजी काम से दलादली रातू इलाके में आया था, इसी दौरान दिल्ली पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और रातू पुलिस की मदद से घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया।

देश भर में फैला है ठगी का जाल : पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी संजू मिश्रा उर्फ टुनटुन पर देश के विभिन्न राज्यों में लोगों को झांसे में लेकर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। वह बेहद शातिर तरीके से लोगों को अपने जाल में फंसाता था और मोटी रकम ऐंठ लेता था। उसके खिलाफ दिल्ली समेत कई राज्यों में ठगी के मामले दर्ज हैं। दिल्ली पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश में थी।

ट्रांजिट रिमांड पर ले जाएगी दिल्ली पुलिस : गिरफ्तारी के बाद आरोपी को कानूनी प्रक्रिया के तहत स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस ट्रांजिट रिमांड लेकर उसे दिल्ली ले जाएगी, जहां उससे ठगी के पूरे नेटवर्क को लेकर पूछताछ होगी। पुलिस अब उसके बैंक खातों, लेन-देन और इस गिरोह में शामिल अन्य सहयोगियों की भी जांच कर रही है। इस संबंध में रातू थाना प्रभारी आदिकांत महतो ने बताया कि आरोपी फिलहाल रातू थाना में हिरासत में है। सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर उसे दिल्ली पुलिस को सौंप दिया जाएगा। दिल्ली पुलिस के दो अधिकारी भी रातू थाना में ही है।

कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं
कार्यालय अधीक्षक, मंडलकारा, कोडरमा
अल्पकालीन ई-निविदा सूचना
PR 389984 Home, Prison And Disaster Management(26-27)#D

20 सितंबर को होगा केसरवानी वैश्य समाज का 11वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन

नवप्रदेश संवाददाता

पिस्का नगड़ी। रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा के तत्वावधान में 11वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन सह वार्षिक मिलन समारोह 20 सितंबर को लालगुटवा बैंक्वेट हॉल, कटहल मोड़ में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। सम्मेलन में रांची के अलावा गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा और खूंटी जिले के केसरवानी वैश्य समाज के परिवार शामिल होंगे। आयोजन में विवाह योग्य युवक-युवतियों को परिचय का मंच उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे परिवारों के बीच आपसी परिचय और संवाद का अवसर मिलेगा। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य संरक्षक तपेश्वर केसरी, संरक्षक प्रो. प्रेम सागर केसरी, जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार केसरी, महामंत्री रूपेश केसरी, कोषाध्यक्ष रवि कुमार केसरी, महिला अध्यक्ष नेहा केसरी एवं रेखा केसरी ने कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने समाज के लोगों से सपरिवार सम्मेलन में शामिल होने की अपील की। मौके पर दौलत राम केशरी, पूर्व जिलाध्यक्ष कार्तिक केशरी, मनीष केशरी, राधेश्याम केशरी, दिलीप केशरी, सीताराम केशरी, हेमंत केशरी, शिवम केशरी, अंकित कुमार केशरी, अखिलेश केशरी और आदित्य केसरी समेत अन्य उपस्थित थे।

केदली में फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

बुढ़मू। युवा सपोर्टिंग क्लब केदली के तत्वावधान में बुढ़मू प्रखंड के केदली मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन मुख्य अतिथि लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि पार्टी के कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक, प्रमोद प्रसाद गुप्ता, कपिल साहू, शिवपूजन ठाकुर, मोहन नायक, देवी चरण नायक, मनोज साहू, मुकेश साहू और कृष्णा महतो मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फुटबॉल को किक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस मौके पर हरिनाथ साहू ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल से एकजुटता, अनुशासन और स्वस्थ जीवन की भावना मजबूत होती है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। आयोजक मनोज साहू ने बताया कि विजेता टीम को एक खस्सी और 10 हजार रुपये, उपविजेता को एक खस्सी और पांच हजार रुपये दिए जाएंगे। तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को एक–एक खस्सी और एक–एक हजार रुपये देकर सम्मानित किया जाएगा।

रातू में नौकरी के नाम पर ठगी, सुपरवाइजर की नौकरी का झांसा देकर नेटवर्क मार्केटिंग में फंसाया

रातू। थाना क्षेत्र में नौकरी के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। सुपरवाइजर की नौकरी का झांसा देकर बिहार और बंगाल के तीन युवकों को नेटवर्क मार्केटिंग में फंसाकर 71 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़ितों ने गुरूवार को रातू थाना में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई और राशि वापसी की मांग की है। थाना में दिए आवेदन के अनुसार पीड़ित प्रियांशु कुमार पिता माधुरी साह, मानसी, जिला-खगड़िया, बिहार का रहने वाला है। उसने बताया कि वह बेगूसराय में था, तभी उसके दोस्त मंजेश कुमार ने कहा कि रांची में सुपरवाइजर का काम है, यहां आकर काम करोगे तो अच्छा वेतन मिलेगा। उसके कहने पर पांच जुलाई को सुबह 10 बजे दिए गए पते- ललितग्राम, नियर नारायणा पैलेस, काटीटांड़, रातू, रांची पहुंचा। वहां गुलसन कुमार एवं रोहित कुमार ने इंटरव्यू लिया और रजिस्ट्रेशन के नाम पर 760 रुपये लेकर ऑनलाइन आईडी बना दी, जिसका प्रिंट उसके पास है। आरोप है कि फिर 20 दिन तक ट्रेनिंग में रखा, इस दौरान गुलसन कुमार के कहने पर अन्य लड़कों से संपर्क कराया। इस दौरान रहने व खाने के नाम पर उससे 31,000 रुपये नकद ले लिए गए। 31 अगस्त को काम अटपटा लगने पर उसने काम छोड़ने की बात कही तो कहा गया कि रिजाइन देने के दो हफ्ते बाद पैसा वापस मिल जाएगा, फिर एक महीना बोला गया, लेकिन पैसा नहीं मिला। पीड़ित के अनुसार उसके अलावा दो अन्य दोस्तों के साथ भी इसी प्रकार की ठगी हुई है-1. ज्योति कुमार पिता सुधीर पंडित, ग्राम-बारो कादिर चक, जिला-बेगूसराय, बिहार - रजिस्ट्रेशन 760 रुपये और नकद 20,000 रुपये 2. सुजीत गिरि पिता सुशांतो गिरि, निवासी ग्राम-बंशीचक, थाना-बेलदा, जिला-पश्चिम मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल - रजिस्ट्रेशन 760 रुपये और नकद 20,000 रुपये। पीड़ितों ने रातू थाना प्रभारी से मंजेश कुमार और उसके वरिष्ठ गुलसन कुमार के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर राशि वापस दिलाने की मांग की है।

प्रपत्र VI 'क'
समाहर्ता या समुचित सरकार
उपायुक्त का कार्यालय, चतरा
(भू-अर्जन शाखा)
प्रारंभिक अधिसूचना
PR 390017 Land Reforms(26-27).D

खेल

गुड़गुड़जाड़ी में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

रिमझिम क्लब को हराया, अजय टीम को खिताब

नवप्रदेश संवाददाता

मांडर। प्रखंड क्षेत्र के गुड़गुड़जाड़ी गांव में सरना नवयुवक संघ गुड़गुड़जाड़ी के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का समापन हुआ। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला रिमझिम क्लब बांसजाड़ी और अजय टीम गुड़गुड़जाड़ी के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर रहने के बाद ट्राइब्रेकर का सहारा लिया गया। इसमें अजय टीम गुड़गुड़जाड़ी ने रिमझिम क्लब बांसजाड़ी को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है कि इन प्रतिभाओं को उचित मंच और अवसर उपलब्ध कराया जाए। ग्रामीण इलाकों में इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। इसलिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन लगातार होते रहना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य परमेश्वर भगत और मुखिया बिगी उराइन ने खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरित किए। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष रामबिलास टोप्पो, उपाध्यक्ष मंगा उरांव, जगदेव उरांव, सोमनाथ उरांव, प्रो. सोमरा उरांव, सहदेव उरांव तथा कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव समेत अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान शिविर आयोजित

नवप्रदेश/बोकारो: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा बोकारो (भाजयुमो) की ओर से सेक्टर-1 स्थित इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के ह्यसेवा संकल्प अभियानह्व के तहत किया गया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा बोकारो (भाजयुमो) की ओर से सेक्टर-1 स्थित इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के ह्यसेवा संकल्प अभियानह्व के तहत किया गया। शिविर का उद्घाटन बेरमो के निवर्तमान विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा के बोकारो जिलाध्यक्ष विनोद महतो ने की। शिविर में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के अलावा आम नागरिकों ने हिस्सा लेकर रक्तदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि रक्तदान मानवता और समाजसेवा से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है। आपात स्थिति में जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में ऐसे शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं एवं आम लोगों से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। जिला महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि ह्लरक्तदान महादान है। युवाओं को आगे बढ़कर रक्तदान करना चाहिए, ताकि जरूरतमंद मरीजों की मदद की जा सके। भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने निभाई सक्रिय भूमिका शिविर को सफल बनाने में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय त्यागी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहित लाल सिंह, कुमार अमित, विक्रम पांडेय, किसान मोर्चा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मुकेश राय, महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह, एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता शंकर रजक, निवर्तमान सांसद के प्रतिनिधि भैया आरएन ओझा, हरेराम मिश्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

शिविर का उद्घाटन बेरमो के निवर्तमान विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा के बोकारो जिलाध्यक्ष विनोद महतो ने की। शिविर में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के अलावा आम नागरिकों ने हिस्सा लेकर रक्तदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि रक्तदान मानवता और समाजसेवा से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है। आपात स्थिति में जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में ऐसे शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं एवं आम लोगों से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। जिला महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि ह्लरक्तदान महादान है। युवाओं को आगे बढ़कर रक्तदान करना चाहिए, ताकि जरूरतमंद मरीजों की मदद की जा सके।

भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने निभाई सक्रिय भूमिका शिविर को सफल बनाने में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय त्यागी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहित लाल सिंह, कुमार अमित, विक्रम पांडेय, किसान मोर्चा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मुकेश राय, महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह, एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता शंकर रजक, निवर्तमान सांसद के प्रतिनिधि भैया आरएन ओझा, हरेराम मिश्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

नावाडीह के नए थाना प्रभारी अनिल लिंडा ने पदभार संभाला

नवप्रदेश/नावाडीह। नावाडीह के नए थाना प्रभारी के रूप में अनिल लिंडा ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते हुए पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि लोगो के सहयोग से क्षेत्र में अमन चैन कायम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच मधुर संबंध स्थापित करने की कोशिश की जाएगी। जनता किसी भी वक्त अपनी समस्याएं लेकर आ सकती है। यथासंभव पुलिस की ओर से मदद दी जाएगी। अनिल लिंडा इससे पहले बी एस सिटी थाना में सेवा दे रहे थे। जहां से स्थानांतरित करते हुए उन्हें नावाडीह थाना प्रभारी बनाया गया है।

बेरमो थाना के नए थाना प्रभारी बने नित्यानंद महतो, संभाला पदभार

नवप्रदेश/बेरमो। बेरमो थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में नित्यानंद महतो ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया हैंइससे पूर्व नित्यानंद महतो बोकारो पुलिस केंद्र में पदस्थापित थे। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध पर अंकुश लगाने और आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने को अपनी प्राथमिकता बताया।

न्यूज IN ब्रीफ

चार गांवों में 63 केवीए के ट्रांसफार्मर, बिजली संकट से मिलेगी राहत

पीपरा। प्रखंड क्षेत्र के भीतिहा, दमवा, तेंदुआ पीपरा एवं तेंदुईं गांव में 63 केवीए क्षमता के नए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए गए हैं। इससे लंबे समय से बिजली संकट झेल रहे ग्रामीणों को राहत मिलने की उम्मीद है। ग्रामीणों के अनुसार, कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर और बार-बार खराबी के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित होती थी। ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने में विधायक संजय कुमार सिंह यादव के साथ जिला परिषद सदस्य ददन पासवान, तेंदुईं की मुखिया उषा देवी तथा समाजसेवी निरंजन सिंह एवं अरविंद कुमार सिंह की पहल महत्वपूर्ण रही। नए ट्रांसफार्मर मिलने पर ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

विधायक के प्रयास से बदला ट्रांसफार्मर, गांव में लौटी बिजली

हरिहरगंज। तूरी पंचायत के लंगूराही गांव में पिछले 15 दिनों से खराब ट्रांसफार्मर के कारण करीब 200 घरों में बिजली आपूर्ति बाधित थी। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी विधायक संजय कुमार सिंह यादव को दी। विधायक की पहल पर विद्युत विभाग ने जले हुए 100 केवीए ट्रांसफार्मर के स्थान पर 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया। नया ट्रांसफार्मर लगने के बाद गांव में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई। इससे ग्रामीणों में खुशी है। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार जताया।

संत मरियम विद्यालय में श्रद्धा के साथ मनी विश्वकर्मा पूजा

मेदिनीनगर। संत मरियम आवासीय विद्यालय, कजरी परिसर में भगवान विश्वकर्मा की पूजा श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। विद्यालय के बस चालकों एवं सह-चालकों ने अपने वाहनों की साफ-सफाई कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने बस चालकों, सह-चालकों, इलेक्ट्रीशियन, रसोई कर्मचारियों और सफाई कर्मियों सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को अंगवस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशंसा प्रमाणपत्र भी दिया गया। उन्होंने कर्मचारियों को टेस्टर एवं प्लास जैसे उपयोगी उपकरण भी प्रदान किए और कार्य को जिम्मेदारी, सावधानी एवं ईमानदारी से करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्राचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

वज्रपात से तीन भैंसों की मौत, पशुपालक बेहोश

हरिहरगंज। हरिहरगंज और पीपरा थाना क्षेत्र में बारिश के दौरान वज्रपात की अलग-अलग घटनाओं में तीन भैंसों की मौत हो गई। हरिहरगंज थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव स्थित हड़ियाही मुख नहर के पास वज्रपात की चपेट में आने से दो भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई। भैंस मालिक कुलहीया निवासी कृष्णा यादव भी बेहोश होकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने उन्हें हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। दोनों भैंसों की अनुमानित कीमत करीब 90 हजार रुपये बताई गई है।

नशा मुक्ति का दिलाया संकल्प

नवप्रदेश/कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में माय भारत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में ह्लनशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारतह्व कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रशिक्षुओं को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। मौके पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। प्राचार्य डॉ. मोहित कुमार तिवारी समेत शिक्षक, कर्मचारी एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

सड़क हादसा: एक की मौत, सात घायल

बोकारो में गुरुवार देर रात एक सड़क हादसा हुआ। सेक्टर-4 मजदूर मैदान में गणेश पूजा का मेला देखकर लौट रहे लोगों से भरे ऑटो को कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो चालक पिछरी निवासी सुनील वर्मा (60) की मौके पर ही मौत हो गई। ऑटो में सवार सात लोग घायल हुए हैं।

बोकारो। 74 वर्षीय महिला और उनकी भतीजी की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी घायलों का इलाज बोकारो जनरल अस्पताल में चल रहा है। मृतक सुनील वर्मा के बेटे मनोज कुमार ने बताया कि उनके पिता टेंपो लोन पर लेकर चलाते थे। इसी ऑटो से वह अपने परिवार का गुजारा करते थे। ऑटो खरीदने के बाद परिवार की आर्थिक हालत कुछ सुधरी थी। सुनील वर्मा के दो बेटे और एक बेटी का अभी विवाह नहीं हुआ है ।परिजनों के मुताबिक, गणेश मेला देखने के बाद सुनील वर्मा ऑटो में सवार लोगों को लेकर पिछरी लौट रहे थे। सेक्टर-12 थाना क्षेत्र के उखरीद मोड़ के पास एक कार ने ऑटो को ओवरटेक करने की कोशिश की। इस दौरान कार पहले डिवाइडर से टकराई, फिर अनियंत्रित होकर ऑटो से जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो चालक सुनील वर्मा की मौके पर ही जान चली गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार के नंबर प्लेट पर पुलिस का स्टीकर लगा था। घायल ऑटो सवार हेमंत मिश्रा के परिजनों ने बताया कि उनके परिवार के सात लोग ऑटो में सवार थे। हादसे में उनकी मां और भतीजी गंभीर रूप से घायल हुई हैं। डॉक्टरों ने उनके इलाज में करीब आठ लाख रुपये खर्च होने की बात कही है।

एनसीसी कैडेट्स को सड़क सुरक्षा की जानकारी

नवप्रदेश/कोडरमा। राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर में चल रहे 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी ने करीब 600 कैडेट्स को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा और यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल पारस लिंबू ने डीटीओ को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

चौपारण थाना में बड़ा फेरबदल, कई पुलिस पदाधिकारियों का तबादला

नवप्रदेश/चौपारण। हजारीबाग पुलिस विभाग में जारी स्थानांतरण आदेश के बाद चौपारण थाना की पुलिस टीम में व्यापक बदलाव हुआ है। थाना में लंबे समय से पदस्थापित कई पुलिस पदाधिकारियों को जिले के अलग-अलग थानों एवं ओपी में भेजा गया है, जबकि विभिन्न थानों से नए पदाधिकारियों की चौपारण थाना में पदस्थापना की गई है। चौपारण थाना से स्थानांतरित होने वालों में पुअनि दिव्य प्रकाश को केरेडारी, पुअनि रतन टूड्डू को सदर, पुअनि श्रवण कुमार पासवान को चरही तथा पुअनि सुबिन्द्र राम को लोहसिंघना थाना भेजा गया है। वहीं सअनि मनोज कुमार सिंह-2 को महिला थाना बरही, रामू महतो को पदमा ओपी, मो. कमरूद्दीन को केरेडारी, जगदीश चंद्र प्रधान को बड़ा बाजार ओपी, लालचंद्र साह को महिला थाना सदर, बादल कुमार महतो एवं कैलाश चंद्र महतो को यातायात थाना, भाजु एक्का को लोहसिंघना, विशेश्वर चौधरी को पगार ओपी तथा बाबूलाल चातर को बड़ा बाजार ओपी को (चोरदाहा चेकपोस्ट) भेजा गया है। इधर, चौपारण थाना में पुअनि विपिन कुमार वर्मा, संतोष कुमार-2, अभिषेक कुमार, हेमराज कुमार एवं सुरेंद्र कुमार की पदस्थापना की गई है। इसके अलावा सअनि अजय कुमार-2, सुरेंद्र कुमार, बिनोद कुमार यादव, साकेश कुमार सिंह, योगेंद्र कुमार मेहता, चंदन सिंह, बैजनाथ प्रसाद महतो, रंजीत कुमार, लक्ष्मण तिवारी एवं स्टेफन हेम्ब्रम को भी चौपारण थाना में पदस्थापित किया गया है। आदेश के अनुसार सभी पदाधिकारियों को निर्धारित स्थान पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

एक लाख दीपों से सजाई गई प्रधानमंत्री मोदी की आकृति

नवप्रदेश/कोडरमा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा जिला इकाई की ओर से चाराडीह स्थित आरपीवाई ग्लोबल स्कूल परिसर में करीब एक लाख दीपों से प्रधानमंत्री की आकृति बनाई गई। राधा-कृष्ण मंदिर में दीपोत्सव का आयोजन कर उनके दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। कार्यक्रम में सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय लोग शामिल हुए।

ड्राइवर्स डे पर दृष्टि आई हॉस्पिटल ने लगाया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

नवप्रदेश/चौपारण। ड्राइवर्स डे के अवसर पर इंडियनऑयल के झारखंड फ्यूल स्टेशन, दनुआ के सहयोग से दृष्टि आई हॉस्पिटल, चौपारण एवं अफरोज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ट्रक चालकों और स्थानीय लोगों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 61 लोगों की ओपीडी जांच की गई।नेत्र जांच के दौरान 35 लोगों का रिफ्रैक्शन किया गया, जबकि 25 लोगों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। वहीं, जांच में एक मरीज में मोतियाबिंद की पहचान हुई। मरीज को आगे आवश्यक उपचार कराने की सलाह दी गई। शिविर में वाहन चालकों को नियमित रूप से आंखों की जांच कराने तथा स्पष्ट दृष्टि के साथ सुरक्षित वाहन चलाने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में इंडियनऑयल के फील्ड ऑफिसर राहुल कुमार, पंप मैनेजर मो. निसार अहमद, दृष्टि आई हॉस्पिटल के प्रशासक मो. शाहरुख खान सहित समाज के गणमान्य एवं प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे।आयोजकों ने कहा कि लंबे समय तक वाहन चलाने वाले चालकों के लिए अच्छी दृष्टि बेहद महत्वपूर्ण है। समय पर आंखों की जांच कराने से दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान कर उनका उपचार संभव है। इससे सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षित यातायात में भी योगदान मिल सकता है।आयोजकों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य चालक समुदाय के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह पहल ह्लस्वस्थ चालकझ्रसुरक्षित सड़कझ्रमजबूत भारतह्व के संदेश के साथ आयोजित की गई। शिविर में 61 लोगों की ओपीडी, 35 रिफ्रैक्शन, 25 लोगों को मेडिसिन तथा एक मरीज में मोतियाबिंद चिन्हित किया गया।

केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति की वार्षिक बैठक 20 सितंबर को

मेदिनीनगर। श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति, पलामू की वार्षिक बैठक 20 सितंबर, रविवार को सदर अस्पताल रोड स्थित दुर्गा मंडप, गीता भवन के बगल में दोपहर 12:15 बजे से होगी। बैठक में महासमिति के वार्षिक चुनाव, आगामी दुर्गोत्सव की तैयारियों, आयोजन की व्यवस्था और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। अध्यक्ष दुर्गा जौहरी एवं उपाध्यक्ष नवीन तिवारी ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

वज्रपात मुआवजे में धोखाधड़ी का आरोप

नवप्रदेश/सतगावां। मीरगंज पंचायत के झरगांव में वर्ष 2023 में वज्रपात से हुई दो बच्चों की मौत के बाद मिले मुआवजे में 3.50 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। पीड़ित परिवार ने मुखिया मंटू चौधरी पर राशि निकलवाने का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया है। थाना प्रभारी ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है। वहीं मुखिया ने आरोपों को निराधार बताया है।

आरपीवाई बीएड कॉलेज में इंडक्शन कार्यक्रम शुरू

नवप्रदेश/कोडरमा। रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में नए सत्र 2026-28 के प्रशिक्षुओं के लिए तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम शुरू हुआ। प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, खेल मैदान और अन्य सुविधाओं का भ्रमण कराया गया। प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने अनुशासन को व्यक्तित्व विकास की आधारशिला बताया।

प्रमुख प्रतिनिधि ने रक्तदान कर युवाओं को किया प्रेरित

नवप्रदेश/चौपारण। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा हजारीबाग द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में चौपारण प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा ने शामिल होकर रक्तदान किया। उन्होंने स्वयं रक्तदान करते हुए युवाओं को भी अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में इसका महत्वपूर्ण योगदान होता है। युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।शिविर के दौरान उदय राणा के इस पहल की सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सराहना की। उन्होंने कहा कि समाजसेवा के कार्यों में युवाओं की भागीदारी सकारात्मक संदेश देती है। रक्तदान जैसे पुनीत कार्य से जरूरतमंद लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलती है।इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकताओं एवं बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान शिविर में भाग लिया। उदय राणा ने कहा कि भविष्य में भी सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए लोगों को जागरूक करने का प्रयास जारी रहेगा।

बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव की दी जानकारी

नवप्रदेश/सतगावां। बैंक ऑफ इंडिया की सतगावां शाखा ने सिहास में बैंकिंग सतर्कता जागरूकता शिविर लगाया। ग्रामीणों को साइबर ठगी से बचने के उपाय बताए गए और ओटीपी, एटीएम पिन व पासवर्ड किसी से साझा नहीं करने की अपील की गई। ठगी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई।

दनुआ घाटी में बेकाबू टेलर ने तीन वाहनों को लिया चपेट में

नवप्रदेश/चौपारण। दनुआ घाटी में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। विश्वकर्मा पूजा के दिन एक बार फिर तेज रफ्तार टेलर ने कार, कंटेनर और 409 छोटी ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। भीषण हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 409 छोटी ट्रक सड़क से करीब 40 फीट नीचे गहरी खाई में जा गिरी। वाहन के खाई में गिरते ही उसमें सवार लोग अंदर फंस गए। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में जुट गए। कुछ ही देर में घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार और पिकेट प्रभारी नितीश कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस जवानों ने स्थानीय लोगों की मदद से खाई में उतरकर राहत-बचाव अभियान चलाया। काफी मशक्कत के बाद 409 में फंसे दोनों लोगों को बाहर निकाला गया और इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

केमिकल से धान की फसल बर्बाद, किसानों में आक्रोश



नवप्रदेश/चंदवारा। उरवा गोरी पुल के समीप अज्ञात वाहन से कथित रूप से जहरीला केमिकल फेंके जाने से करीब 30 डिसमिल खेत में लगी धान की फसल प्रभावित होने का मामला सामने आया है। किसानों ने प्रशासन से खेतों का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन कराने की मांग की है। मुखिया प्रतिनिधि राजदेव पासवान ने दोषी वाहन की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है।

कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

(अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०- 54, वर्ष 2026-27)

[illegible]

Sl No.	Name of work	Estimate Cost	Cost of Bsq.	Earnest Money	Time of completion
1	2	3	4	5	6
1	Construction of Pcc road from kanya Madhya Vidyalaya [illegible]	[illegible]	[illegible]	100000	04 months
2	Construction of PCC Road from old Panchayat Bhawan to house of [illegible] Yadav, At.- Vill-Paradih, GP-Paradih, Block-Chatra	[illegible]	[illegible]	[illegible]	04 months
3	Construction of PCC Road from [illegible] to house of [illegible], Block-Chatra	[illegible]	[illegible]	48000	04 months
4	Construction of PCC Road from [illegible] to New house of [illegible], Block-Kanhachatti	[illegible]	[illegible]	49000	04 months
5	Repairing of Classroom at UPG PS [illegible], Block-Kunda	[illegible]	[illegible]	17000	04 months
6	Construction of 2 Additional Classroom (ACR) at UPG PS [illegible], Block-Kunda	[illegible]	[illegible]	50000	04 months
7	Construction of 2 Additional Classroom (ACR) at UPG PS [illegible], Block-Kunda	[illegible]	[illegible]	50000	04 months
8	Construction of 2 Additional Classroom (ACR) at UPG PS [illegible], Block-Kunda	[illegible]	[illegible]	50000	04 months
9	Construction of 2 Additional Classroom (ACR) at UPG PS [illegible], Block-Kunda	[illegible]	[illegible]	50000	04 months
10	Repairing of Classroom at UPG PS [illegible], Block-Kunda	[illegible]	1250	20000	04 months
11	Construction of 2 Nos Toilet for girls & Boys at UPG PS [illegible], Block-Kunda	[illegible]	[illegible]	37000	04 months
12	Construction of Boundary Wall at UPG M.S. [illegible], Block-Tandwa	[illegible]	1250	20000	04 months
13	Construction of Boundary Wall at UPG M.S. [illegible], Block-Tandwa	[illegible]	2500	27000	04 months
14	Construction of Boundary Wall at UPG M.S. [illegible], Block-Tandwa	[illegible]	[illegible]	34000	04 months
15	Construction of Boundary Wall at UPG M.S. [illegible], Block-Tandwa	[illegible]	2500	27000	04 months
16	Construction of Boundary Wall at UPG PS [illegible], Block-Tandwa	[illegible]	2500	24000	04 months
17	Construction of Boundary Wall at DPEP UPG M.S. [illegible], Block-Tandwa	[illegible]	5000	49000	04 months
18	Construction of Boundary Wall at UPG M.S. [illegible], Block-Tandwa	[illegible]	1250	20000	04 months
19	Construction of Boundary Wall at UPG M.S. [illegible], Block-Tandwa	[illegible]	[illegible]	49000	04 months
20	Construction of Boundary Wall at UPG M.S. [illegible], Block-Tandwa	[illegible]	[illegible]	34000	04 months
21	Construction of Boundary Wall at UPG M.S. [illegible], Block-Tandwa	[illegible]	[illegible]	59000	04 months
22	Construction of Boundary Wall at UPG M.S. [illegible], Block-Tandwa	[illegible]	[illegible]	67000	04 months
23	Construction of Boundary Wall at UPG PS [illegible], Block-Tandwa	[illegible]	[illegible]	66000	04 months

निविदा की शर्तें –

[illegible]

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, चतरा

PR 389957 District (26-27)_D

उपायुक्त ने किया जिला कृषि कार्यालय का निरीक्षण, कहा

कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता करें सुनिश्चित

संवाददाता

लातेहार : उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी संदीप कुमार द्वारा आज जिला कृषि कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में संचालित विभिन्न कार्यों एवं अभिलेखों का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

उपायुक्त ने कार्यालय में बायोमेट्रिक उपस्थिति, आगत-निर्गत पंजी, कैश बुक सहित अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालय में संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की प्रगति, लाभुकों को मिल रहे लाभ तथा योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अभिलेखों का संधारण अद्यतन एवं व्यवस्थित रूप से किया जाए। योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित हो, ताकि पात्र लाभुकों को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। उन्होंने कार्यालय के कार्यों में अनुशासन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने का निर्देश दिया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बालूमाथ में कोयला वाहनों से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम को लेकर प्रशासन गंभीर, अनुपालन के निर्देश

लातेहार : बालूमाथ क्षेत्र में कोयला वाहनों के परिचालन से उत्पन्न धूल एवं वायु प्रदूषण तथा इससे आमजनों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए उपायुक्त संदीप कुमार द्वारा आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में जारी निर्देश में कहा गया है कि कोयला परिवहन के दौरान उड़ने वाले धूल-कणों की रोकथाम के लिए केंद्रीय/राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण (ठत्रछ) द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

निर्देश के तहत अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार को संबंधित पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जनप्रतिनिधियों–जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, मुखिया आदि–की सहभागिता से प्रखंड कार्यालय, बालूमाथ में बैठक आयोजित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। कोयला कंपनियों एवं अन्य वाहनों से होने वाले वायु एवं धूल प्रदूषण की रोकथाम के साथ-साथ सड़क सुरक्षा एवं जान-माल की सुरक्षा से संबंधित उपायों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।आवागमन पथ पर कोयले की धूल की सफाई के लिए टिपर, ट्रॉली, ऑटोमेटिक स्वीपिंग मशीन, वाटर स्प्रिंकलर एवं एंटी-फॉगिंग मशीन जैसे आवश्यक उपकरणों के उपयोग को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सफाई मित्रों की बहाली, घरों से कचरे के उठाव एवं उपयोगकर्ता शुल्क के संग्रहण हेतु समिति/एनजीओ के गठन की दिशा में भी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है।उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपरोक्त बिंदुओं का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए एक सप्ताह के भीतर अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए।

पीएम मोदी के जन्मदिवस पर बालूमाथ अस्पताल में रक्तदान शिविर

बालूमाथ संवाददाता : इदेश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को बालूमाथ अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भाजपा के दोनों मंडल अध्यक्ष अखिलेश भोगता एवं गजेंद्र हिमांशु की उपस्थिति में कार्यकताओं एवं समर्थकों ने रक्तदान कर सामाजिक सेवा का संदेश दिया।रक्तदान शिविर में सागर कुमार, राहुल कुमार, अनूप कुमार वर्मा, विजय प्रसाद, विशाल, गोलू, राजेश यादव, पंकज कुमार पांडेय, प्रवेश सोनी, निश्चय कुमार, श्रवण कुमार, आशीष कुमार एवं वीरेंद्र महतो समेत कई लोगों ने रक्तदान किया।इस अवसर पर पूर्व मंडल महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि रामकुमार गुप्ता, विजय यादव, महामंत्री राजेंद्र प्रसाद, महेंद्र साव, यादव विजय ठाकुर, करण कुमार, विजय प्रसाद, प्रवेश सोनी समेत कई भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।आयोजकों ने कहा कि रक्तदान महादान है और जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने में रक्त की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को सेवा कार्य के रूप में मनाते हुए रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

न्यूज IN ब्रीफ

सलैया पंचायत के जम्बुआ गांव में फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन

हेरहंज : हेरहंज प्रखंड के सलैया पंचायत अंतर्गत जम्बुआ गांव में फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। टूनार्मेंट में आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से खिलाड़ियों और टीमों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। पूरे आयोजन के दौरान खेल प्रेमियों की अच्छी–खासी भीड़ देखने को मिली।कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष लाडले खान, दामोदर तुरी, जुगनू खान, तुलेसर गंझू, अरुण तुरी, राजेश गंझू एवं कुलेसर गंझू सहित अन्य गणमान्य लोग एवं स्थानीय ग्रामीण भी शामिल रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के खेल आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। आयोजकों ने सभी खिलाड़ियों एवं सहयोग करने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस तरह के खेल आयोजनों को बढ़ावा देने की बात कही।

नशा मुक्त युवा भारत अभियान के तहत संकल्प एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन

लातेहार : बनवारी साहू महाविद्यालय के सभागार में एनएसएस के तत्वावधान में नशा मुक्त युवा भारत अभियान के तहत 100 सप्ताह का संकल्प तथा हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा विद सदस्य बंशी यादव उपस्थित हुए।कार्यक्रम की शुरूआत में एनएसएस के जिला नोडल पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने युवाओं को नशा मुक्ति के बारे में अवगत कराया। इसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेश पांडेय ने अपने भाषण में नशा मुक्ति के विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला।तत्पश्चात मुख्य अतिथि बंसी यादव जी ने अपना संबोधन भाषण दिया तथा युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद प्राचार्य डॉ. नरेश पांडेय द्वारा सभी को नशा मुक्ति की शपथ/संकल्प दिलाया गया।इस अवसर पर काफी संख्या में विद्यार्थी तथा ठरर के स्वयंसेवक – आयुष चौधरी, देवेन्द्र सिंह, कविता कुमारी, धीरज कुमार तथा अन्य शिक्षक–कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन ठरर स्वयंसेवक आयुष चौधरी के द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम की समाप्ति पर धन्यवाद ज्ञापन पूर्व प्राचार्य डॉ. पी. के. तिवारी के द्वारा किया गया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

वज्रपात से दो महिलाएं घायल, एक रिम्स रेफर

गारू । गारू थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोटाम में 17 सितम्बर शाम करीब पांच बजे बारिश के साथ हुए वज्रपात की चपेट में आने से दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों की पहचान कोटाम निवासी शशिकला देवी (41) पति भागेश्वर सिंह और अंति देवी (52) पति जगमोहन सिंह के रूप में हुई है। घटना के बाद दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। शशिकला देवी की स्थिति नाजुक होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेजा गया, जबकि अंति देवी का इलाज सदर अस्पताल लातेहार में चल रहा है। पीड़ित परिजनों ने प्रशासन से आपदा प्रबंधन के तहत सरकारी सहायता और चिकित्सा मदद की मांग की है।

गारू प्रखंड में धूमधाम से हुआ विश्वकर्मा मूर्ति विसर्जन

गारू। गारू प्रखंड क्षेत्र में विश्वकर्मा पूजा के बाद मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम धूमधाम और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। गारु प्रखंड के कोटाम, सरयू, करवाई, रुद, बारेसांढ़, मायापुर सहित विभिन्न ग्रामीण इलाकों में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाओं को विधिवत विसर्जन किया गया। सुबह से ही पूजा पंडालों में अंतिम आरती और हवन का दौर चला, जिसके बाद श्रद्धालु ढोल–नगाड़ों और डीजे की धुन पर नाचते–गाते विसर्जन घाट पहुंचे।विसर्जन के दौरान ₹बाबा विश्वकर्मा की जय₹ के जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठा। युवाओं में विसर्जन को लेकर खासा उत्साह देखा गया। महिलाएं और बच्चे भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रशासन की ओर से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी की गई। सभी जगहों पर विसर्जन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। लोगों ने एक–दूसरे को शुभकामनाएं देकर समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

जय सरना स्पोर्टिंग क्लब, कुर्मी टोला के तत्वावधान में फुटबॉल महाकुंभ-2026 का भव्य उद्घाटन

चंदवा : जय सरना स्पोर्टिंग क्लब, कुर्मी टोला के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल महाकुंभ–2026 ग्राम काली कुर्मी टोला खेल मैदान में भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के सैकड़ों खेलप्रेमी, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, समाज के प्रबुद्ध लोग एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों, मुखिया एवं पाहन जी द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर मिलता है और खेल के माध्यम से समाज में एकता एवं भाईचारा मजबूत होता है। यह फुटबॉल प्रतियोगिता 18 सितंबर 2026 से 25 सितंबर 2026 तक वंदना प्रखंड, पंचायतझडुमारो, ग्रामझकाली कुर्मी टोला स्थित खेल मैदान में आयोजित की जा रही है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी खेलप्रेमियों एवं ग्रामीणों से प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की है।

आयोजन समिति एवं प्रमुख अतिथियों की उपस्थिति

जय सरना स्पोर्टिंग क्लब, कुर्मी टोला, अध्यक्षः अनिल उरांव एवं अजय उरांव, सचिवः संजय उरांव एवं सकलू उरांव, कोषाध्यक्षः राकेश समारोह में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंकित तिवारी सहित जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डुमारो पंचायत से मुखिया सुनिता खलखो एवं उपमुखिया लाला उरांव, मल्हन पंचायत के मुखिया जतरू मुंडा, स्वतंत्रता सेनानी रंका टाना भगत, समाजसेवी भैरों भगत एवं महादेव उरांव, ग्राम प्रधान काली मंगन पाहन, सरना समिति सदस्य बुधूवा उरांव, कांके विधायक प्रतिनिधि शशि मुंडा तथा आदिवासी टाना भगत उच्च विद्यालय निद्रा के प्रधानाध्यापक मुखदेव गोप की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अलावा सीजीएम स्कूल के डायरेक्टर, मैकलुस्कीगंज कुश कुमार यादव, शंकर टाना भगत, सुनील कुमार, केश्वर सिंह, सुनील उरांव, रमेश टाना भगत, बिरसा टाना भगत, संजय उरांव, राकेश उरांव, अनिल उरांव, अर्जुन गंझू, सकलू उरांव, चारों उरांव, राजेश उरांव, विश्वामित्र टाना भगत, बेगन गोप, डब्लू पाहन, आनंद गंझू, संतोष गंझू, शोषण भगत, किशोर कुमार, रामभजन सिंह खरवार, सुशील उरांव, श्रीकांत गंझू, सचित उरांव, चरकु उरांव एवं विक्रम सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं उपस्थित ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग एवं सहभागिता से फुटबॉल महाकुंभ–2026 को सफल एवं यादगार बनाया जाएगा।

108 एम्बुलेंस कर्मचारियों का आंदोलन 20 दिनों के लिए स्थगित

मांगें पूरी नहीं होने पर 06 अक्टूबर से पुनः चरणबद्ध आंदोलन

बब्लू खान

रांची झारखंड प्रदेश एम्बुलेंस कर्मचारी संघ द्वारा 108 आपातकालीन एम्बुलेंस कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर प्रस्तावित चरणबद्ध आंदोलन को माननीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की अध्यक्षता में 16 सितंबर 2026 को हुई बैठक में दिए गए सकारात्मक आश्वासन के बाद 20 दिनों के लिए स्थगित किया गया है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष *नीरज तिवारी* ने बताया कि बैठक में माननीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा कर्मचारियों की मांगों पर *15झ20 दिनों के भीतर विचार कर मांगों को पूरा करने का आश्वासन* दिया गया था। इसी आश्वासन के सम्मान में संघ ने तत्काल प्रभाव से प्रस्तावित आंदोलन को स्थगित किया है।

संघ द्वारा राज्य के सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों, सिविल सर्जनों एवं संबंधित पदाधिकारियों को पत्र प्रेषित कर संशोधित आंदोलन कार्यक्रम की सूचना देते हुए आवश्यक अनुमति, प्रशासनिक सहयोग एवं सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर मांगों का समाधान नहीं होता है, तो संघ द्वारा 06 अक्टूबर 2026 से पुनः चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार–

● 06 से 09 अक्टूबरः कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे। ● 09 अक्टूबरः सभी जिलों में सिविल सर्जन कार्यालय से उपायुक्त कार्यालय तक कैंडल मार्च। ● 12 अक्टूबरः सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष भि● 14 अक्टूबरः सिविल सर्जन कार्यालय से उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन।● 16 अक्टूबरः राज्यभर में एक दिवसीय पूर्ण हड़ताल एवं कार्यालय, नामकुम, रांची के समक्ष धरना-प्रदर्शन। ● 21 अक्टूबर सेः मांगों के समाधान तक राज्यभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं चरणबद्ध तरीके से विभिन्न स्थानों पर विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा।

संघ ने स्पष्ट किया कि सभी कार्यक्रम *लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से* आयोजित किए जाएंगे। संघ को उम्मीद है कि सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा में 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों की लंबित मांगों का समाधान किया जाएगा।

लातेहार पुलिस की बड़ी कार्रवाईः गुलगुलिया का रूप धर बंद घरों की रेकी, चार गिरफ्तार

रेलवे स्टेशन से दबोचे गए चार संदिग्ध, सोने-चांदी के आभूषण, 1.07 लाख नकद और सात मोबाइल बरामद

बब्लू खान

लातेहार। जिले में लगातार हो रही चोरी एवं गृहभेदन की घटनाओं के उद्भेदन में लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लातेहार रेलवे स्टेशन के पास से चार संदिग्ध अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के आभूषण, 1 लाख 7 हजार 130 रुपये नकद, सात मोबाइल फोन समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। मामले को लेकर शुक्रवार को एसपी कार्यालय सभागार में लातेहार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप कुमार गुप्ता ने प्रेस वार्ता कर पूरी कार्रवाई की जानकारी दी।

एसडीपीओ संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर जिले में चोरी एवं गृहभेदन की घटनाओं के उद्भेदन के लिए उनके नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम गठित की गई थी। टीम तकनीकी एवं मानवीय सूचनाओं के आधार पर लगातार संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए छापामारी कर रही थी। इसी क्रम में अनुसंधान के दौरान मिली महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने लातेहार रेलवे स्टेशन के पास कार्रवाई करते हुए चार संदिग्धों को पकड़ा।

पूछताछ में कई चोरी की घटनाओं का खुलासा

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ के दौरान अपने स्वीकारोक्ति बयान में लातेहार थाना क्षेत्र के चार कांडों के अलावा चंदवा और बारियातु थाना क्षेत्रों में हुई चोरी की घटनाओं में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी कथित तौर पर गुलगुलिया का रूप धारण कर गांव-गांव घूमते थे और बंद घरों की रेकी करते थे। बंद मकानों को चिन्हित करने के बाद मौका देखकर चोरी की वारदात को अंजाम देते और फिर सीमावर्ती जिलों अथवा दूसरे राज्यों की ओर निकल जाते थे।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में शीतल कुमारी (18 वर्ष), पिता समरंजन पासवान, गुलगुलिया मोहल्ला, शिव मोहल्ला के पास, बाजार टांड़, बारियातु; मार्गो खेरवार (लगभग 18 वर्ष), पिता लम्बू खेरवार, वर्तमान पता गुलगुलिया मोहल्ला, शिव मोहल्ला, बारियातु, स्थायी पता डिहरी के पास, बाजार टांड़, रोहतास, बिहार; मनीषा देवी (24 वर्ष), पति अमन राजपुत, पिता राज रवानी, गुलगुलिया मोहल्ला, शिव मोहल्ला के पास, बाजार टांड़, बारियातु; तथा बंटी कुमार उर्फ बड्डे (लगभग 18 वर्ष), पिता राज रवानी, गुलगुलिया मोहल्ला, शिव मोहल्ला, शामिल हैं।

छापेमारी टीम में ये रहे शामिल

पूरी कार्रवाई में एसडीपीओ लातेहार संदीप कुमार गुप्ता, पुलिस निरीक्षक-सह-थाना प्रभारी लातेहार अशोक कुमार पासवान, पुलिस अवर निरीक्षक राजा दिलावर, शशि कुमार, राहुल सिन्हा, कामता कुमार, रामाकांत गुप्ता, संतोष कुमार और राजू हेम्ब्रम, सहायक अवर निरीक्षक अरविन्द तिवारी, आरक्षी 582 राहुल कुमार दुबे (तकनीकी शाखा), आरक्षी 20 अवध सिंह, आरक्षी 255 रमेश कुमार यादव तथा महिला आरक्षी 67 संतोषी कुमारी शामिल थीं।

सोने-चांदी के आभूषण और नकदी बरामद

पुलिस ने आरोपियों के पास से दो सोने की चेन, तीन मंगलसूत्र, एक मांगटीका, दो जीतिया, दो सोने की अंगूठियां, एक लॉकेट, एक ढोलना, चार जोड़ी कान के आभूषण, दो चांदी के लॉकेट, एक चांदी का चंद्रहार, दो जोड़ी चांदी की पहुंची, चांदी का ब्रेसलेट एवं अन्य आभूषण बरामद किए हैं। इसके अलावा ?1,07,130 नकद और सात मोबाइल फोन भी पुलिस के हाथ लगे हैं।

इन क्षेत्रों में वारदातों से जुड़ाव की जांच

पुलिस अब बरामद आभूषणों और अन्य सामान के संबंध में संबंधित कांडों की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। लातेहार के अलावा चंदवा और बारियातु थाना क्षेत्रों में हुई चोरी की घटनाओं से आरोपियों के कथित जुड़ाव की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ और अनुसंधान के आधार पर अन्य घटनाओं के संबंध में भी जानकारी सामने आ सकती है।

धूल-गर्द और कोल वाहनों की आवाजाही से त्रस्त बालूमाथ दिन भर बंद

बालूमाथ संवाददाता : बालूमाथ मुख्य मार्ग पर हाईवा एवं अन्य भारी कोल वाहनों की लगातार आवाजाही से उड़ रही धूल, जाम और उससे उत्पन्न परेशानियों के विरोध में शुक्रवार को बालूमाथ बाजार स्वतःस्फूर्त बंद रहा। स्थानीय व्यवसायियों एवं ग्रामीणों के आह्वान पर बाजार की अधिकांश दुकानें बंद रहीं। आवश्यक सेवाओं को छोड़कर दुकानें बंद रहने से पूरे दिन बाजार में सन्नाटा और सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम चहल-पहल देखने को मिली। व्यवसायियों एवं ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य मार्ग से लगातार भारी कोल वाहनों के

गुजरने के कारण सड़क पर धूल के गुबार उठते रहते हैं। इसका सबसे अधिक असर बाजार के दुकानदारों, राहगीरों, महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों पर पड़ रहा है। दुकानदारों ने बताया कि बार-बार सफाई करने के बावजूद कुछ ही देर में दुकानों और सामान पर धूल की परत जम जाती है, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा है।

धूल से स्वास्थ्य और कारोबार दोनों प्रभावितः स्थानीय लोगों के अनुसार धूल के कारण आंखों में जलन, सांस लेने में परेशानी समेत कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दुकानों में रखा सामान धूल से खराब होने तथा ग्राहकों को आने-जाने में परेशानी के कारण व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। भारी वाहनों की आवाजाही के बीच बाजार में कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न होने से आवागमन भी प्रभावित होता है।

एमएमडीआर बिल 2026 के विरोध में चंदवा में झामुमो का धरना आज राज्यसभा सांसद बैद्यनाथ राम होंगे शामिल

चंदवा। झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कार्यालय, रांची के निदेर्शानुसार एमएमडीआर बिल 2026 के विरोध में शनिवार, 19 सितंबर को पूरे झारखंड के प्रखंड मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में लातेहार जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देश पर चंदवा प्रखंड कार्यालय के समक्ष भी धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बैद्यनाथ राम के शामिल होने की जानकारी दी गई है।झामुमो चंदवा प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी ने बताया कि धरना कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। उन्होंने चंदवा प्रखंड के सभी केंद्रीय समिति सदस्यों, जिला कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों, प्रखंड समिति के पदाधिकारियों, 17 पंचायत समिति के पदाधिकारियों, बूथ स्तर के पदाधिकारियों तथा पार्टी के सभी कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में धरना स्थल पर पहुंचने की अपील की है। झामुमो नेताओं के अनुसार यह कार्यक्रम झारखंड के अधिकार, हित और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर आयोजित किया जा रहा है। पार्टी कार्यकताओं से समय पर पहुंचकर एकजुटता प्रदर्शित करने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया है।

छोटका ओकेया में विश्वकर्मा पूजा पर लगा भव्य मेला

बालूमाथ संवाददाता : छोटका ओकेया में विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर श्री विश्वकर्मा पूजा सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण पहुंचे। पूरे क्षेत्र में पूजा को लेकर उत्साह और भक्तिमय माहौल देखने को मिला।मेले का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, जिला सांसद प्रतिनिधि सह पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एवं विधायक प्रतिनिधि विजय यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान समिति एवं ग्रामीणों की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया।उद्घाटन के अवसर पर अतिथियों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करते हुए कहा कि धार्मिक एवं



सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन के लिए पूजा समिति एवं ग्रामीणों को बधाई दी।मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें, चाट-पकौड़ी, झूले समेत अन्य मनोरंजन के साधन आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों एवं युवाओं ने झूलों का आनंद लिया, जबकि ग्रामीणों ने मेले की रौनक का भरपूर आनंद उठाया।आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष कृष्णा यादव, सचिव कालेश्वर राणा, कोषाध्यक्ष मनीषा साव सहित मनोज पाठक, राजेश पाठक, अनिल पाठक, विकास ठाकुर, महेश भईया, कैलाश राणा, गुड्डू मिश्रा, पुष्पेंद्र मिश्रा, प्रभात मिश्रा, सुशील पाठक, दरोगी यादव, रीना देवी समेत अन्य सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। मेले में छोटका ओकेया के बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

संपादकीय

भारत-अमेरिका रिश्तों पर खतरा!

भारत और अमेरिका के संबंध पिछले कुछ वर्षों में रणनीतिक साझेदारी की दिशा में तेजी से आगे बढ़े हैं, लेकिन रूस से तेल खरीद को लेकर पैदा हुआ नया विवाद इस रिश्ते की मजबूती की परीक्षा ले सकता है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रूस एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 को 262-159 मतों से पारित कर दिया है। विधेयक पहले ही अमेरिकी सीनेट से मंजूर हो चुका है और अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास अंतिम मंजूरी के लिए पहुंचा है। विधेयक का सबसे महत्वपूर्ण और भारत के लिए चिंताजनक पहलू यह है कि इसमें रूस से तेल और गैस खरीदने वाले कुछ देशों पर 100 प्रतिशत तक अतिरिक्त टैरिफ लगाने का अधिकार राष्ट्रपति को देने का प्रावधान है। इसका अर्थ यह नहीं कि भारत पर तत्काल 100 प्रतिशत शुल्क लग गया है, बल्कि यह कि अमेरिकी प्रशासन के पास निर्धारित परिस्थितियों में ऐसा कदम उठाने का कानूनी अधिकार होगा। भारत और चीन जैसे बड़े रूसी ऊर्जा खरीदार इस प्रावधान के संभावित दायरे में आ सकते हैं। भारत ने इस घटनाक्रम पर अपनी स्थिति साफ कर दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत अपने 1.4 अरब नागरिकों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और बदलती बाजार परिस्थितियों के अनुसार विभिन्न स्रोतों से ऊर्जा खरीद जारी रखेगा। साथ ही भारत ने स्पष्ट किया है कि इस अमेरिकी कदम के संभावित प्रभाव केवल अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि द्विपक्षीय संबंधों पर भी असर पड़ सकता है। यही इस पूरे विवाद का सबसे संवेदनशील पहलू है। भारत के लिए ऊर्जा खरीद महज व्यापार का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा का सवाल है। दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक भारत के लिए किसी एक देश या स्रोत पर निर्भर रहना व्यावहारिक विकल्प नहीं है। इसलिए नई दिल्ली लंबे समय से अलग-अलग देशों से ऊर्जा खरीद की नीति पर चलती रही है। रूस से सस्ता तेल मिलने के बाद उसकी खरीद बढ़ी है, लेकिन इसका आधार भारत के अनुसार आर्थिक और ऊर्जा हित हैं। दूसरी ओर अमेरिका रूस की ऊर्जा आय को सीमित कर उस पर आर्थिक दबाव बढ़ाना चाहता है। अमेरिकी दृष्टिकोण से रूस की ऊर्जा खरीद को कम करना उसके खिलाफ प्रतिबंधों को प्रभावी बनाने का हिस्सा है। लेकिन भारत के लिए यह सवाल उठता है कि क्या किसी तीसरे देश की विदेश नीति और प्रतिबंध व्यवस्था के कारण उसकी ऊर्जा जरूरतों तथा स्वतंत्र व्यापारिक निर्णयों पर दबाव डाला जाना उचित है। यहीं से भारत-अमेरिका संबंधों में वास्तविक चुनौती पैदा होती है। दोनों देशों के बीच रक्षा, तकनीक, व्यापार, हिंद-प्रशांत और रणनीतिक सहयोग के अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। ऐसे में तेल खरीद का विवाद यदि व्यापारिक दंड और टैरिफ की लड़ाई में बदलता है, तो इसका असर व्यापक संबंधों पर पड़ सकता है। भारत ने पहले ही अमेरिकी पक्ष के साथ उच्च स्तर पर अपनी चिंताएं साझा की हैं और अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही है। जरूरत टकराव बढ़ाने की नहीं, बल्कि संवाद का रास्ता मजबूत करने की है। भारत-अमेरिका संबंध किसी एक तेल सौदे से बड़े हैं। इसलिए मौजूदा विवाद को इस स्तर तक नहीं पहुंचना चाहिए कि वर्षों में बनी रणनीतिक साझेदारी व्यापारिक दबाव की भेंट चढ़ जाए। दोनों देशों के हित इसी में हैं कि मतभेदों को बातचीत की मेज पर सुलझाया जाए और ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार तथा रणनीतिक सहयोग के बीच संतुलन कायम रखा जाए।

मुद्दा

तेल पर अमेरिकी दबाव के बीच भारत की दो टूक!

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

अमेरिकी कांग्रेस द्वारा रूस और ईरान से संबंधित नए प्रतिबंध कानून को पारित कर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रूस से ऊर्जा खरीद जारी रखने वाले देशों पर सौ प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का अधिकार देने के बाद वैश्विक स्तर पर नए समीकरण बन गए हैं। अब दबाव भारत समेत उन तमाम देशों पर आ रहा है, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से तेज खरीदते हैं। एक ओर अमेरिका का संदेश साफ है कि वह ऐसे देशों पर शत-प्रतिशत टैरिफ की मार देगा, दूसरी ओर भारत है, जिसने अमेरिका को संदेश दिया है कि वह अपनी ऊर्जा सुरक्षा से समझौता नहीं कर सकता। वस्तुतः विदेश मंत्रालय ने साफ कह दिया है कि भारत अपने 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और बाजार की परिस्थितियों के अनुसार विभिन्न स्रोतों से ऊर्जा खरीद जारी रखेगा, जिस पर कि भारत अपने व्यापार और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम समय-समय पर उठाता रहेगा। एक तरह से देखें तो अमेरिका को यह संदेश देना जरूरी था। फिर रूस से भारत की तेल खरीद कोई आज की बात तो है नहीं, हां, इसमें इतना जरूर हुआ है कि 2022 के बाद तेजी आई है, वह भी इसलिए क्योंकि भारत को अपनी ऊर्जा लागत को नियंत्रित रखना था। यहां यह भी ध्यान रहे कि भारत ने रूस से तेल खरीदते समय दुनिया के अन्य देशों से ऊर्जा आयात बंद नहीं किया है। भारत की शुरू से नीति ही रही है कि वह किसी एक देश पर निर्भर न रहकर अपनी जरूरत के हिसाब से अधिकतम स्रोतों से ऊर्जा प्राप्त करता रहेगा। स्वभाविक तौर पर भारत का तर्क भी यही है कि जब विश्व के कई बाजारों में तेल उपलब्ध है, तब राजनीतिक प्राथमिकताओं के कारण महंगे विकल्प क्यों चुने जाएं? आज का घटनाक्रम अचानक पैदा नहीं हुआ है। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की ओर से भारत पर रूसी तेल की खरीद सीमित करने का दबाव रहता रहा है। 2025 में यह दबाव सीधे टैरिफ तक पहुंच गया था। अगस्त 2025 में राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत से आने वाले उत्पादों पर रूसी तेल आयात के कारण अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाया, फिर जब फरवरी 2026 में अमेरिका ने वही अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क हटाया तो कहा गया, भारत ने रूसी तेल आयात रोकने की दिशा में कदम उठाने और अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता व्यक्त की, इसलिए यही शुल्क हटाने का आधार है। ऐसे में इस पूरे घटनाक्रम को देखने पर एक बात साफ दिखाई देती है कि ऊर्जा खरीद का प्रश्न भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में बातचीत और दबाव, दोनों का हिस्सा बन चुका है, किंतु इस बीच एक अच्छा काम यह हुआ है कि भारत ने अमेरिका को बहुत स्पष्ट संदेश दिया है और वह यही है कि मोदी सरकार आम आदमी की जेब पर तेल का बोझ बिल्कुल नहीं डालेगी। हालांकि तेल के इतर दोनों देश (भारत-अमेरिका) रक्षा, तकनीक, शिक्षा, व्यापार और रणनीतिक मामलों में महत्वपूर्ण साझेदार हैं। भारत हमेशा से ही अमेरिका के साथ संबंधों को महत्व देता है और अमेरिका भी भारत को हिंद-प्रशांत तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण साझेदार मानता है, किंतु जब साझेदार एक देश दूसरे की ऊर्जा नीति निर्धारित करने लगे तब फिर विरोध का ही रास्ता शेष बचता है। बेशक, भारत को अमेरिका के साथ संवाद जारी रखना चाहिए, बातचीत से रास्ता निकालना चाहिए और जहां संभव हो वहां अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद भी खरीदने चाहिए, किंतु अंतिम निर्णय भारत के राष्ट्रीय हितों को ही ध्यान में रखकर लिए जाएंगे, यही किसी भी बराबरी की साझेदारी की बुनियादी शर्त है।

नैनीताल क्यों भूल रहा 146 वर्ष पुरानी प्राकृतिक आपदा

प्रयाग पांडेय

शेर -का-डांडा पहाड़ी में जहाँ 1880 के भूस्खलन ने भीषण तबाही मचाई थी, ब्रिटिश शासनकाल में उस पहाड़ी में निर्माण तो दूर घास काटने और फुलवारी बनाने की भी मनाही थी, सरकार ने उसी कमजोर पहाड़ी में 1985 में भारी-भरकम रोप-वे बना दिया। हैरत की बात यह है कि नैनीताल नगर में विगत चार दशकों में सर्वाधिक निर्माण कार्य निर्माण के लिए असुरक्षित घोषित पहाड़ियों में हुए हैं और हो रहे हैं। ब्रिटिश शासन काल में जिस क्षेत्र में फूलों की क्यारियां बनाने की भी सख्त मनाही थी, अब यह अति संवेदनशील क्षेत्र कंक्रीट के बियावान में तब्दील हो गया है।

नैनीताल में हुए प्रलयकारी भूस्खलन को 146 साल पूरे हो गए हैं। 18 सितंबर, 1880 को नैनीताल की शेर-का-डांडा पहाड़ी में विनाशकारी भूस्खलन हुआ था। इसने कुछ ही पलों में नैनीताल का भौगोलिक मानचित्र बदल दिया था। इस दर्दनाक त्रासदी में 108 हिंदुस्तानियों और 43 यूरोपियन समेत 151 लोगों के शव मिले। वैज्ञानिकों का मानना था कि कुछ शव पहाड़ी के नुकीले पत्थरों और मलबे के ढेरों में दबे हो सकते हैं। हादसे में कई लोग बाल-बाल बचे। बचाव कार्यों के दौरान मजिस्ट्रियल चार्ज ऑफ द स्टेशन मिस्टर लियोनार्ड टेलर सहित कई अंग्रेज सैन्य अधिकारी, जवान और दूसरे कारिंदों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। बचाव कार्यों के दौरान कुमाऊँ के तत्कालीन कमिश्नर सर हैनरी रैमजे बाल-बाल बचे। वे कमर तक मलबे में धंस गए थे। भूस्खलन में लाखों रुपए की संपत्ति नष्ट हो गई थी।

भूस्खलन ने कैप्टन हैरिस का भव्य एवं आलीशान विक्टोरिया होटल और इसके आसपास स्थित सभी घरों को नेस्तनाबूद कर दिया था। मालरोड के समीप स्थित 'बेल शॉप' नामक दुकान और माँ नयना देवी का मंदिर भी भूस्खलन की चपेट में आ गए थे। असेंबली रूम्स (वर्तमान कैपिटल सिनेमा) का एक हिस्सा झील में समा गया था और शेष बचा हुआ हिस्सा मलबे में दफ़्न हो गया था। वर्तमान बोट हाउस के पास वाला झील का एक हिस्सा पलक झपकते ही मैदान में तब्दील हो गया था। 1880 तक नैनीताल फलता-फूलता और सर्व सुविधा संपन्न खुशहाल नगर बन चुका था। तब यहाँ की आबादी 10.054 थी, जिसमें 2.957 महिलाएं और 7.097 पुरुष थे। अंग्रेज नैनीताल के मौसम और यहाँ की स्वास्थ्यवर्धक जलवायु से अभिभूत थे। वे नैनीताल के पर्यावरणीय खूबियों से तो भली- भांति वाकिफ हो चुके थे लेकिन ब्रिटिश हुक्मरान यहाँ के पारिस्थितिक तंत्र से छेड़छाड़ से हासिल खूबियों के लुत्फ उठाने की कीमत से अंजान थे। 18 सितंबर, 1880 को शेर-का-डांडा पहाड़ी में चंद सैकेंड के भीतर घटी विनाशकारी भूस्खलन की इस त्रासदी ने न केवल अंग्रेजी शासकों के होश उड़ा दिए बल्कि उन्हें भीतर तक हिला कर रख दिया था। हालांकि ब्रे-साइड का यह क्षेत्र प्रारंभ से ही अति संवेदनशील माना जाता था। 1880 से पूर्व भी इस क्षेत्र में कई मकान क्षतिग्रस्त हो चुके थे। नैनीताल की बसासत के करीब ढाई दशक बाद 1867 में पहला भूस्खलन भी इसी पहाड़ी में हुआ था, जिसमें चार लोगों की जान चली गई थी। इस क्षेत्र की संवेदनशीलता के मद्देनजर 1880 से पूर्व अंग्रेज शासक यहाँ दार्जिलिंग की तर्ज पर नाला तंत्र विकसित कर चुके थे लेकिन दार्जिलिंग का नाला तंत्र नैनीताल के भूगर्भीय हालातों में कारगर सिद्ध नहीं हुआ। 1880 से पहले शेर-का-डांडा पहाड़ी में आलीशान राजभवन के अलावा करीब डेढ़ दर्जन बंगले बने थे। बंगलों, उद्यान, टेनिस कोर्ट और सड़क-रास्तों आदि के निर्माण कार्यों में यहाँ की पहाड़ियों में भू-कटान और वृक्षों का पातन हुआ। इन निर्माण गतिविधियों के कारण यहाँ की प्राकृतिक भू-व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो चुकी थी।

1880 के तीसरे सप्ताह के प्रारंभ में नैनीताल में लगातार चार दिनों तक मूसलाधार बारिश हुई। निर्माण गतिविधियों के कारण वर्षा के पानी के निकास के प्राकृतिक मार्ग अवरुद्ध हो गए थे। प्राकृतिक नालों का वजूद खत्म हो गया था। वर्षा के जल की प्राकृतिक निकासी की व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गई थी। बंगलों और अन्य निमार्णों के लिए भूमि समतलीकरण के कारण वर्षा का पानी जमीन के उदर में जमा होने लगा। जमीन के गर्भ में समा गए पानी को बाहर निकलने के लिए उचित मार्ग नहीं मिला। नतीजतन वर्षा का पानी जमीन के अंदर जमा हो गया। अत्यधिक जल जमाव के कारण जमीन की सहन शक्ति क्षीण हो गई थी। इसी बीच आए भूकंप के एक हल्के झटके ने आग में घी का काम किया। 18 सितंबर, 1880 को जमीन के भीतर जमा पानी शेर-का-डांडा पहाड़ी के एक बड़े हिस्से को अपने साथ नैनी झील की ओर ले आया। धूल के एक गुबार के साथ गादनुमा इस मलबे के ढेर ने नगर में तबाही मचा दी थी। भूस्खलन के बाद कुमाऊँ के तत्कालीन कमिश्नर सर हैनरी रैमजे ने बचाव और राहत कार्यों की कमान खुद संभाली। युद्धस्तर पर बचाव कार्य किए गए। हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों और प्रभावितों की सहायता के लिए सर हैनरी रैमजे की अध्यक्षता में साठ हजार रुपए का सहायता कोष बनाया गया। 'द हिमालयन गजेटियर' के लेखक एडविन टी. एटकिंसन इस सहायता कोष के सचिव बनाए गए। काबिल-ए- गौर बात यह है कि इस प्राकृतिक आपदा के बाद नैनीताल म्युनिसिपल कमेटी के सभी सदस्यों ने नैतिकता के आधार पर सामूहिक रूप से त्यागपत्र दे दिए थे। इस भूस्खलन के बाद औपनिवेशिक सरकार नैनीताल की पहाड़ियों की सुरक्षा को लेकर बेहद संवेदनशील हो गई थी। ब्रिटिश सरकार ने इस हादसे को ₹त्रासदी₹ करार दिया।

हादसे के चौथे दिन 22 सितंबर, 1880 को नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेस के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर ने शेर-का-डांडा पहाड़ी की जांच के लिए कुमाऊँ के तत्कालीन कमिश्नर सर हैनरी रैमजे की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जाँच कमेटी बना दी थी। इसके बाद भारत के भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के उप अधीक्षक मिस्टर डब्ल्यू. थियोबॉल्ड ने शेर-का-डांडा पहाड़ी की जाँच की। इसी साल भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के वैज्ञानिक आर.डी. ओल्डहैम की अध्यक्षता में इंजीनियरों की एक जाँच कमेटी बनी। इसके अलावा सेना की ओर से दो कोर्ट ऑफ इंक्वायरी बैठाई गई। ब्रिटिश सरकार ने एक विशेष सिविल अधिकारी की नियुक्ति की। विशेष सिविल अधिकारी ने सरकार को अलग से अपनी जाँच रिपोर्ट सौंपी। नगर पालिका के तत्कालीन सदस्य एवं भू-विज्ञानी फ्रैडिक एडवर्ड जॉर्ज मैथ्यूज ने भी शेर- का- डांडा पहाड़ी की सुरक्षा की जाँच की थी, मैथ्यूज की जाँच रिपोर्ट 1882 में प्रकाशित हुई। विशेषज्ञों की रिपोर्ट के आधार पर शेर-का-डांडा की पूरी पहाड़ी को किसी भी प्रकार के निर्माण के लिए निषेद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया गया। यहाँ तक कि इस क्षेत्र में फुलबाड़ी बनाने पर भी पाबंदी लगा दी गई। इस पहाड़ी में अवस्थित करीब डेढ़ दर्जन बंगलों को बिना सिविल अधिकारी की लिखित अनुमति के किराए पर उठाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया था। तत्कालीन ओक ओपिनिंग्स स्कूल (अब बिड़ला विद्या मंदिर) और अन्य बंगलों में पानी जमा करने के लिए बने खालों को पाट दिया गया था। पहाड़ी में बने असुरक्षित भवनों को तोड़ने के आदेश जारी कर दिए गए। इस हादसे के बाद नैनीताल में वैज्ञानिक आधार पर एक नया नायाब नालातंत्र विकसित किया गया। 1880 से 1928 के दौरान समूचे नैनीताल को 69 बड़े और 234 ब्रांच नालों के जाल में लपेट दिया गया। सबसे अधिक नाले इसी पहाड़ी में बनाए गए। शेर-का-डांडा नाला सिस्टम के अंतर्गत अंग्रेजों ने 1880 से 1928 के दरम्यान 19 बड़े और 111 ब्रांच नाले बनाए थे। यहाँ बनाए गए बड़े नालों की लंबाई 29,270 फिट थी, जबकि ब्रांच नालों की लंबाई 34,982 फिट थी। वर्तमान में इनमें से अधिकांश ब्रांच नाले विलुप्त हो गए हैं। बड़े नालों के अस्तित्व पर भी संकट मंडरा रहा है।

18 सितंबर, 1880 के भूस्खलन के बाद सेंट-लू पहाड़ी में बने आलीशान राजभवन की सुरक्षा को लेकर ब्रिटिश सरकार बेहद चिंतित थी। यह भव्य राजभवन भूस्खलन की त्रासदी से महज एक वर्ष पहले 1879 में बनकर तैयार हुआ था। ब्रिटिश सरकार को हर हाल में इस नवनिर्मित राजभवन की सुरक्षा करनी थी। चूंकि राजभवन साम्राज्यवादी सत्ता के वैभव और शक्तिशाली सामर्थ्य का प्रतीक था। लिहाजा भूस्खलन के बाद इस पहाड़ी की सुरक्षा के मद्देनजर विषय विशेषज्ञों की अनेक उच्चस्तरीय जाँच कमेटियां बनीं। 1895 में सर एंटोनी पैट्रिक मैक्डॉनल, नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेस के लेफ्टिनेंट गवर्नर बने। उनके कार्यभार संभालते ही सेंट -लू के राजभवन को खाली कर दिया गया। डायोसेजन बॉयज स्कूल (शेरवुड कॉलेज) को अस्थायी राजभवन बना दिया गया। 1880 के भूस्खलन के बाद ब्रिटिश सरकार ने नैनीताल की संवेदनशील पहाड़ियों एवं झील की सुरक्षा के दीर्घकालिक उपाय सुझाने के लिए अनेक विशेषज्ञ कमेटियां बनाईं। विषय विशेषज्ञों की सलाह के मद्देनजर ब्रिटिश सरकार ने नैनीताल नगर को निर्माण के लिए सुरक्षित एवं असुरक्षित, दो क्षेत्रों में विभक्त कर दिया। संपूर्ण नगर में निर्माण के लिए सुरक्षित एवं असुरक्षित क्षेत्रों को विभक्त करने के लिए दर्जनों पिलर बनाए गए। निर्माण के लिए असुरक्षित क्षेत्रों में बड़े-बड़े सूचना- पट लगाए गए। भूस्खलन के लिहाज से अति संवेदनशील क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के निर्माण कार्यों पर सख़्त पाबंदी लगा दी गई। शेर-का-डांडा पहाड़ी सहित नैनीताल के अन्य संवेदनशील क्षेत्रों को निर्माण के लिए असुरक्षित घोषित कर दिया गया। ब्रिटिश शासनकाल के दौरान शेर-का-डांडा पहाड़ी समेत निर्माण निषिद्ध घोषित क्षेत्रों में नए निर्माण कार्य नहीं के बराबर हुए। स्वतंत्रता के बाद के करीब दो दशकों तक ब्रिटिशकालीन व्यवस्थाएं कायम रहीं। कालांतर में निर्माण के लिए सुरक्षित एवं असुरक्षित की सीमा रेखा खत्म होती चली गई। सरकार ने खुद इस नियम का उल्लंघन किया। शेर -का-डांडा पहाड़ी में जहाँ 1880 के भूस्खलन ने भीषण तबाही मचाई थी, ब्रिटिश शासनकाल में उस पहाड़ी में निर्माण तो दूर घास काटने और फुलवारी बनाने की भी मनाही थी, सरकार ने उसी कमजोर पहाड़ी में 1985 में भारी-भरकम रोप-वे बना दिया। हैरत की बात यह है कि नैनीताल नगर में विगत चार दशकों में सर्वाधिक निर्माण कार्य निर्माण के लिए असुरक्षित घोषित संवेदनशील पहाड़ियों में हुए हैं और हो रहे हैं। ब्रिटिश शासन काल में जिस क्षेत्र में फूलों की क्यारियां बनाने की भी सख़्त मनाही थी, अब यह अति संवेदनशील क्षेत्र कंक्रीट के बियावान में तब्दील हो गया है। शेर-का-डांडा के अलावा भी नैनीताल की अन्य कमजोर पहाड़ियों के उदर को खोदकर बेतरतीब निर्माण कार्यों का सिलसिला बदस्तूर जारी है। हैरानी की बात है कि हमारे हुक्मरान कैसे भूल रहे हैं 18 सितंबर 1880 की उस आपदा को और बजाए सीख लेने के ताबड़तोड़ निर्माण अनवरत जारी हैं।

(लेखक, नैनिताल निवासी वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं।)

चिप डिजाइन का लोकतंत्रीकरण



विवियन डेसालिफन

चिप डिजाइन कक्षा की सीख से वास्तविक सिलिकॉन अनुभव की ओर आगे बढ़ रहा है। इसका लाभ केवल आंकड़ों तक ही सीमित नहीं है। एक छात्र विचार से लेकर काम करने वाली चिप तक की यात्रा का अनुभव कर सकता है।

एक नये चिप की शुरुआत किसी छात्र, शोधकर्ता या उद्यमी के मन में एक विचार के रूप में हो सकती है। लेकिन उस विचार को अवधारणा से सिलिकॉन में बदलने के लिए महंगे सॉफ़्टवेयर, शक्तिशाली कंप्यूटर, प्रशिक्षित विशेषज्ञ और सेमीकंडक्टर निर्माण सुविधा तक पहुंच की जरूरत होती है। ज्यादातर कॉलेज और स्टार्ट-अप इस लागत को अकेले वहन नहीं कर सकते। चिपइन सेंटर, जिसे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने सी-डैक, बेंगलुरु में स्थापित किया है, साझा राष्ट्रीय अवसंरचना और चिप डिजाइन समर्थन के माध्यम से इन बाधाओं को दूर करने में मदद कर रहा है। एक ही जगह से महंगे संसाधनों तक सुरक्षित ऑनलाइन पहुँच प्रदान करके, यह हर कॉलेज को महंगे उपकरण खरीदने और अलग अवसंरचना निर्माण करने की जरूरत से बचाता है।

500 संगठनों के 1 लाख से अधिक इंजीनियर, जिनमें 400 शैक्षणिक संस्थान और 100 स्टार्ट-अप शामिल हैं, चिपइन सेंटर के इस साझा प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं, जिससे केंद्रीकृत चिप-डिजाइन सुविधा का यह सबसे बड़ा उपयोगकर्ता आधार बन गया है। व्यवहार में, चिपइन एक पेशेवर चिप-डिजाइन प्रयोगशाला को सीधे किसी छात्र के घर तक ले आता है। तकनीक केंद्र से दूर रह रहा एक छात्र प्रमुख संस्थानों के पास उपलब्ध उन्नत सॉफ़्टवेयर का इस्तेमाल कर सकता है। यह चिप डिजाइन को लोकतांत्रित बनाता है, जिससे प्रतिभा और विचार, न कि भौगोलिक स्थिति या वित्तीय ताकत, यह तय करते हैं कि कौन भाग ले सकता है।

चिपइन उन्नत इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन स्वचालन (ईडीए) उपकरणों तक पहुँच प्रदान करता है, जिनका इस्तेमाल चिप डिजाइन करने, इसके परिपथ (सर्किट) का परीक्षण करने और यह देखने के लिए किया जाता है कि क्या इसका विनिर्माण किया जा सकता है। यह शक्तिशाली कंप्यूटिंग, पुनः उपयोग योग्य डिजाइन ब्लॉक्स और मानक डिजाइन तरीकों की भी पेशकश करता है। परम उत्कर्ष सुपरकंप्यूटर जटिल अनुकरण प्रणाली का समर्थन करता है, जबकि राष्ट्रीय प्री-सिलिकॉन सत्यापन, प्लेटफॉर्म डिजाइन का विनिर्माण से पहले परीक्षण करने में मदद करता है।

सिर्फ उपकरण प्रत्येक समस्या का समाधान नहीं कर सकते। एक छोटी-सी गलती भी चिप को असफल कर सकती है। इसलिए, चिपइन, प्रशिक्षण, तकनीकी समर्थन और विनिर्माण अनुपालन जांच प्रदान करता है। इसके विशेषज्ञ इस बात की जांच करते हैं कि क्या डिजाइन, विनिर्माण केंद्र के नियमों का पालन करता है, क्या इसके कल-पुर्जे सही तरीके से जुड़े हैं और क्या यह विनिर्माण के लिए तैयार है। डिजाइन करने वाले को फीडबैक मिलता है और वे अपने काम में सुधार करते हैं, जब तक कि यह आवश्यक मानकों को पूरा न कर ले। लोकतंत्रीकरण का सबसे स्पष्ट उदाहरण है झ बहु-परियोजना वेफर (एमपीडब्लू) सेवा, जो एक कार्य-पद्धति है, जिसका उपयोग यूरोप में यूरोप्रैक्टिस और अमेरिका में एमओएसआईएस द्वारा भी किया जाता है। चूंकि संपूर्ण सेमीकंडक्टर वेफर बनाना महंगा है, इसलिए, चिपइन कई संस्थानों के डिजाइन की जांच करता है और उन्हें एक वेफर पर एक साथ रखता है। हर संस्थान एक छोटे हिस्से का इस्तेमाल करता है और लागत साझा करता है। वेफर का निर्माण मोहाली स्थित सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) में होता है और तैयार चिपों को उनके डिजाइन करने वालों को परीक्षण के लिए वापस भेज दिया जाता है।

ऐसी आठ साझा-वेफर अब तक 205 डिजाइनों को संस्थानों से एससीएल मोहाली तक ले जा चुकी हैं। चिपइन ने विदेशी विनिर्माण केन्द्रों में 100 से अधिक टेप-आउट्स को भी सक्षम किया है। टेप-आउट वह चरण है, जब पूरा डिजाइन विनिर्माण के लिए भेजा जाता है। यह कार्यक्रम लगभग एक लाख छात्रों और इंजीनियरों तक पहुँच चुका है और चार करोड़ घंटे से अधिक समय तक डिजाइन टूल का उपयोग हुआ है, जो दशार्ता है कि चिप डिजाइन कक्षा की सीख से वास्तविक सिलिकॉन अनुभव की ओर आगे बढ़ रहा है। इसका लाभ केवल आंकड़ों तक ही सीमित नहीं है। एक छात्र विचार से लेकर काम करने वाली चिप तक की यात्रा का अनुभव कर सकता है। एक प्रोफेसर महंगी प्रयोगशाला बनाए बिना व्यावहारिक डिजाइन के बारे में पढ़ा सकते हैं। एक स्टार्ट-अप एक विचार का परीक्षण कर सकता है और उत्पाद विकास के लिए पैसे बचा सकता है। उद्योग को ऐसे इंजीनियर मिलते हैं, जो वास्तविक डिजाइन और निर्माण की आवश्यकताओं को समझते हैं।

भारत की सेमीकंडक्टर महत्वाकांक्षाओं के लिए न केवल निर्माण क्षमता की जरूरत है, बल्कि ऐसे लोग भी चाहिए, जो उन चिप्स को डिजाइन कर सकें, जिन्हें विनिर्माण केंद्र बनाएंगे। उपकरण, कंप्यूटिंग, प्रशिक्षण, विशेषज्ञ सहायता, अनुपालन जांच और विनिर्माण पहुँच को एकीकृत करके, चिपइन दुर्लभ संसाधनों को साझा राष्ट्रीय क्षमता में बदल रहा है। चिप-डिजाइन अवसंरचना को हर दरवाजे तक पहुंचाकर, चिपइन सुनिश्चित कर रहा है कि भारत की अगली बड़ी चिप देश की किसी भी कक्षा, प्रयोगशाला या स्टार्ट-अप से सामने आ सकती है।

(लेखक सी-डैक, बेंगलुरु में वैज्ञानिक-एफ हैं)

भारतवंशी चीतों की बढ़ती संख्या



प्रमोद भार्गव

जंगल के हिंसक जीवों का प्रजनन चिड़ियाघरों में आश्चर्यजनक ढंग से प्रभावित होता है इसलिए शेर, बाघ, तेंदुए व चीते चिड़ियाघरों में जोड़ा बनाने की इच्छा नहीं रखते हैं। भारत में चीतों की अंतिम पीढ़ी के कुछ सदस्य बस्तर-सरगुजा के घने जंगलों में थे, जिन्हें 1947 में देखा गया था।

दुर्लभ चीता परियोजना की सफलता अंततः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास की देन है। मोदी देश ही नहीं दुनिया के ऐसे विरल सोच वाले नेता हैं, जो एक साथ अनेक विषयों पर सोचने के साथ क्रियान्वयन तो करते ही हैं, प्रकृति, पर्यावरण और वन्य जीव संरक्षण भी उनके सोच के दायरे में। देश में चीता पुनर्वास परियोजना उनकी इसी दृष्टि का एक सफल कीर्तिमान है। मध्यप्रदेश जिले के श्योपुर जिले में स्थित कूनो आभ्यारण्य की धरती पर अफ्रीका से लाए चीतों का पालन-पोषण चार साल पहले आरंभ हुआ था, जो अब एक बड़े भारतवंशी चीतों के कुल में बदल गया है। अफ्रीका से लाए चीतों के जीवित रहने की दर अनुमान से ज्यादा बेहतर रही। इसी का परिणाम है कि भारत में जन्म लेने वाले चीता शावकों का वंश लगातार बढ़ रहा है। कूनो में जन्मी मादा चीताएं अनेक बार मां बन चुकी हैं। इनसे जन्मे 19 शावक पूरी तरह स्वास्थ्य रहते हुए जंगली बाड़े में नटखट अठखेलियां करते हुए देखे जा सकते हैं। मानवीय निगरानी के बीच इनकी वृद्धि शत-प्रतिशत आंकी गई है। मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर 2022 को कूनो में नमीबियाई चीतों को छोड़ने के साथ इनके पुनर्वास की पहल हुई थी। वर्तमान में यहां चार मादाओं के 19 शावक उछलकूद मचाए हुए हैं। भारत की धरती पर अब तक 49 चीतों का जन्म हो चुका है, जिनमें से 32 जीवित हैं। यानी कूनो में चीतों के जीवित रहने की दर 65.3 प्रतिशत है, जबकि इनके मूल निवास स्थल अफ्रीकी जंगलों में प्राकृतिक रूप से महज 5 से 10 प्रतिशत शावक ही व्यस्क होने का सुख भोग पाते हैं। यहां ऐसा इसलिए संभव हो पाया, क्योंकि वनकर्मी अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से कर रहे हैं। दरअसल, कूनो का प्रबंधन बाहरी हस्तक्षेप से लगभग मुक्त है। इसीलिए यह वन प्रांत अफ्रीकी देशों से लाए गए चीतों के वंश के महाद्वीप में बदलता जा रहा है। यहां के वातावरण से अफ्रीका के वातावरण को भिन्न एवं प्रतिकूल माना जा रहा था, किंतु अब चीतों की संख्या में वृद्धि ने जता दिया है कि कूनो के जंगल का परिवेश इन चीतों के रहवास हेतु अनुकूलन रच रहा है। यह प्रकृति की ही देन हैं। प्रदेश के जंगलों में बाघ, तेंदुए और स्याहगोश तो पूर्व से ही हैं, अब बिल्ली प्रजाति का चीता भी यहां के आभ्यारण्यों में देखा जाने लगा है। प्रदेश के ही गांधी सागर आभ्यारण्य में भी चीते छोड़े गए हैं लेकिन यहां इनकी फिलहाल वंशवृद्धि शुरू नहीं हुई है। हालांकि चीता शावकों के जन्म को लेकर यह विडंबना देखने में आ रही है कि जो चीते बाड़े में जन्म लेते हैं, उनके जीवित रहने की दर तो उत्तम है, किंतु खुले जंगल में जन्मे ज्यादातर चीते जिंदा नहीं रह पा रहे हैं। कूनो में जन्मी मादा केजीपी-12 ने 11 अप्रैल 2026 को खुले जंगल में चार शावकों को जन्म देकर इतिहास रचा था। यह भारत में जन्मी किसी मादा द्वारा वन में प्राकृतिक प्रसव का पहला मामला था लेकिन एक महीने के भीतर 12 मई को चारों शावक मृत पाए गए।



इसके बाद छह जून को इनकी मां का भी निधन हो गया। ये मौतें कैसे हुईं, यह रहस्य ही बना हुआ है। नमीबिया से लाए गए आठ चीतों को मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में प्रधानमंत्री ने छोड़ा था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते और लाकर छोड़े गए थे। नई धरती और जलवायु परिवर्तन के चलते इन चीतों को आरंभ में यहां के मौसम से तालमेल बिठाने में दिक्कतें आईं। नतीजतन छह वयस्क और यहीं पैदा हुए चार शावकों में से तीन की मौतें भी हुईं थीं, इस कारण परियोजना पर सवाल भी खड़े किए गए थे। दक्षिण अफ्रीका से लाकर बसाए गए 12 चीतों को 18 फरवरी 2024 को दो साल पूरे हो हुए थे, इस अवधि में इन चीतों की मृत्यु दर में कमी ने परियोजना की सफलता के प्रथम लक्ष्य को प्राप्त कर लिया था। इनकी जीवित रहने की दर शुरूआत में नमीबिया से लाए चीतों से बेहतर रही थी। दक्षिण अफ्रीका से आए 12 चीतों में से 33.3 प्रतिशत की मौत हुई, जबकि नमीबिया से लाए गए चीतों में से 37.5 प्रतिशत चीतों की मौत हुई। अफ्रीका से लाई गई तीन मादा चीताओं ने अब तक 12 शावकों को जन्म दिया, जो भारतीय परिवेश में पलते एवं बढ़ते चले गए। इन्होंने ही नए घर कूनो में आबादी बढ़ाने की शुरूआत की थी। नए आवास स्थलों में 50 फीसदी चीतों की मौत को सामान्य माना जाता है।

एक समय था जब चीते की रफ्तार भारतीय वनों की शान हुआ करती थी लेकिन 1947 के आते-आते चीतों की आबादी पूरी तरह लुप्त हो गई। 1948 में अंतिम चीता छत्तीसगढ़ के सरगुजा में देखा गया था। जिसे मार गिराया गया था। चीता तेज रफ्तार का आश्चर्यजनक चमत्कार माना जाता है। अपनी विशिष्ट एवं लोचपूर्ण देयदृष्टि के लिए भी इस हिंसक वन्य जीव की अलग पहचान थी। शरीर में इसी चपलता के कारण यह जंगली प्राणियों में सबसे तेज दौड़ने वाला धावक है।

बीती सदी में चीतों की संख्या एक लाख तक थी लेकिन अफ्रीका के खुले घास वाले जंगलों से लेकर भारत सहित लगभग सभी एशियाई देशों में पाया जाने वाला चीता पूरे एशियाई जंगलों में गिनती के रह गए हैं। राजा चीता (एसिनोनिक्स रेक्स) जिम्बाब्वे में मिलता है। अफ्रीका के जंगलों में भी गिने-चुने चीते रह गए हैं। तंजानिया के सेरेंगती राष्ट्रीय उद्यान और नमीबिया के जंगलों में गिने-चुने चीते हैं। प्रजनन के तमाम आधुनिक व वैज्ञानिक उपायों के बावजूद जंगल की इस फुतीर्ली नस्ल की संख्या बढ़ाई नहीं जा पा रही थी। यह प्रकृति के समक्ष वैज्ञानिक दंभ की नाकामी मानी जाने लगी थी। जूलॉजिकल सोसायटी आफ लंदन की रिपोर्ट को मानें तो दुनिया में 91 प्रतिशत चीते 1991 में ही समाप्त हो गए थे। एशिया में ईरान में केवल 50 चीते शेष हैं। अफ्रीकी देश केन्या के मासीमारा क्शेत्र को चीतों का गढ़ माना जाता था लेकिन अब इनकी संख्या गिनती की रह गई है। ऐसे में भारत में चीतों की वंशवृद्धि दुनिया के लिए खुशखबरी है।

बीती सदी के पांचवें दशक तक चीते अमरीका के चिड़ियाघरों में भी थे। प्राणी विशेषज्ञों की अनेक कोशिशों के बाद इन चीतों ने 1956 में शिशुओं को जन्म भी दिया, परंतु किसी भी शिशु को बचाया नहीं जा सका। चीते द्वारा किसी चिड़ियाघर में जोड़ा बनाने की यह पहली घटना थी, जो नाकाम रही। जंगल के हिंसक जीवों का प्रजनन चिड़ियाघरों में आश्चर्यजनक ढंग से प्रभावित होता है इसलिए शेर, बाघ, तेंदुए व चीते चिड़ियाघरों में जोड़ा बनाने की इच्छा नहीं रखते हैं। भारत में चीतों की अंतिम पीढ़ी के कुछ सदस्य बस्तर-सरगुजा के घने जंगलों में थे, जिन्हें 1947 में देखा गया था। प्रदेश अथवा भारत सरकार इनके संरक्षण के जरूरी उपाय करने हेतु हरकत में आती, इससे पहले ही चीतों के इन अंतिम वंशजों को भी शिकार के शौकीन राजा-महाराजाओं ने मार गिराया और भारतीय चीतों की नस्ल पर पूर्ण विराम लग गया था। कूनो के बाद अब मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले के गांधीसागर अभ्यारण्य में चीते छोड़े गए हैं। यहां भी कूनो की तरह इनकी वंशवृद्धि की उम्मीद है। हमारे देश के राजा-महाराजाओं को घोड़ों और कुत्तों की तरह चीते पालने का भी शौक था। चीता शावकों को पालकर इनसे जंगल में शिकार कराया जाता था। राजा लोग जब जंगल में आखेट के लिए जाते थे, तो प्रशिक्षित चीतों को बैलगाड़ी में बिठाकर साथ ले जाते थे। इनकी आंखों पर पट्टी बांध दी जाती थी, जिससे यह किसी मामूली वन्य जीव पर न झपटे। जब शिकार राजाओं की दृष्टि के दायरे में आ जाता था, तो चीते की आंखों की पट्टी खोलकर शिकार की दिशा में हाथ से इशारा कर दिया जाता था। पलक झपकते शिकार चीते के जबड़े में होता।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

मेमको मोड़ पर मारपीट के बाद हंगामा

ग्रामीणों ने आठ लेन सर्विस रोड जाम किया

संवाददाता

धनबाद। मेमको मोड़ के पास एक युवक के साथ मारपीट की घटना को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने आठ लेन सड़क की सर्विस लेन को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

बताया जा रहा है कि सड़क किनारे स्थित जाहेर थान के पास स्ट्रीट लाइट मरम्मत में लगे कुछ लोगों ने धार्मिक स्थल परिसर में शराब पीकर हंगामा किया। स्थानीय युवक दीप हेम्ब्रम ने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। ग्रामीणों के अनुसार ट्रक पर सवार 4 से 5 लोगों ने युवक पर हमला किया।युवक के शोर मचाने पर सुसनीलेवा बस्ती से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौके पर पहुंच गए। भीड़ को आता देख सभी आरोपी अपना ट्रक वहीं छोड़कर फरार हो गए।घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने मेमको मोड़ के पास सर्विस लेन पर जाम लगा दिया और आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की मांग करने लगे। जाम के कारण कुछ देर तक आवागमन बाधित रहा।सूचना पर बरवाअड्डा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जनता दरबार में सुनीं आमजनों की समस्याएं

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निदेशानुसार शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय कुमार झा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित मामलों के त्वरित एवं नियमानुसार निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जनता दरबार में अनुकंपा के आधार पर नियोजन, मुआवजा राशि का भुगतान, अवैध रूप से अबुआ आवास निर्माण, गलत जन्म तिथि दर्ज होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र के निरस्तीकरण, मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने तथा मानदेय का भुगतान नहीं होने से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं।जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बाघमारा में स्वास्थ्य कर्मचारियों का सम्मेलन, विधायक हुए शामिल

बाघमारा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघमारा में बुधवार को झारखंड राज्य चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की प्रखंड शाखा का पांचवां और अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का दूसरा सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो और राष्ट्रीय संगठन सचिव अशोक कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि स्वास्थ्यकर्मी और सरकारी कर्मचारी समाज सेवा के अहम स्तंभ हैं। कर्मचारियों की समस्याओं का समय पर समाधान होने से उनकी कार्यक्षमता बढ़ती है, जिसका लाभ सीधे जनता को मिलता है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों की लंबित मांगों को पूर्व की तरह विधानसभा में उठाने का आश्वासन दिया।

राष्ट्रीय संगठन सचिव अशोक कुमार सिंह ने कहा कि सहिया, बीटीटी, जल सहिया और आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका जैसी लाखों महिला कर्मियों का दो से चार हजार रुपये मासिक पर शोषण हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद वर्षों से अनुबंध पर कार्यरत कर्मियों को नियमित नहीं किया जा रहा है। उन्होंने धनबाद में सहिया और बीटीटी के करोड़ों रुपये के भुगतान में गड़बड़ी का मामला भी उठाया और भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय भुगतान की मांग की। सम्मेलन को अशोक सिंह नयन, मनीष शर्मा, ठाकुर प्रसाद दास सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। संचालन जिला मंत्री नंदलाल गोप ने किया। मौके पर सीएचसी के चिकित्सक और कर्मी मौजूद रहे।

न्यूज IN ब्रीफ

बाघमारा में श्रद्धा से मनाई गई विश्वकर्मा पूजा बीसीसीएल के प्रतिष्ठानों में भव्य आयोजन

बाघमारा। शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा बाघमारा क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान बीसीसीएल के ब्लॉक-दो, बरोरा क्षेत्र, रीजनल स्टोर, मधुबन वाशरी सहित विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों और कारखानों में प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई।

बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने पूजा में शामिल होकर विधिवत पूजा-अर्चना की और कंपनी की प्रगति व कर्मियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने विभिन्न पूजा पंडालों का दौरा कर कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर डीटी राजीव सिन्हा, बरोरा जीएम केके सिंह, ब्लॉक-दो क्षेत्र के जीएम कुमार रंजीव, एजीएम टीएस चौहान समेत कई अधिकारी और कर्मी मौजूद थें ।

लोयाबाद में गणेश पूजा के अवसर पर भव्य भक्ति जागरण का आयोजन

लोयाबाद। गणेश पूजा के शुभ अवसर पर लोयाबाद 6 नंबर में गुरुवार की देर शाम भक्ति युवा शक्ति समिति द्वारा भव्य भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन लोयाबाद थाना प्रभारी पिकु प्रसाद ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने उन्हें चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। भक्ति जागरण में प्रसिद्ध गायिका पल्लवी झा और उनके टीम ग्रुप ने अपने मधुर भक्ति गीतों से श्रोताओं को भावुक कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत श्री गणेश वंदना से हुई। इसके बाद ह्लजय श्री रामह्व, ह्लमैया का चोलाह्व, ह्लचलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया हैह्व जैसे भजनों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रोताओं ने देर रात तक भक्ति रस में डूबकर आनंद लिया।

कार्यक्रम की सफलता में अवधेश सिंह, शंकर केसरी, रोशन पासवान,मनोहर नोनिया सहित भक्ति युवा शक्ति टीम के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे श्रद्धालु उपस्थित थे, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ भक्ति गीतों का आनंद लिया।लोयाबाद थाना प्रभारी पिकु प्रसाद ने कहा कि गणेश पूजा उत्सव धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह समाज में एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है तथा ऐसे आयोजन धार्मिक एवं सांस्कृतिक एकता को मजबूत बनाते हैं। इससे पूर्व समिति के सदस्यों ने 14 सितंबर को मूर्ति की स्थापना की थी। भक्ति जागरण के साथ मूर्ति विसर्जन भी धूमधाम से संपन्न किया गया।

करकेंद दुर्गा पूजा कमिटी की बैठक में 2025 के आय-व्यय का ब्योरा पेश, 2026 के पूजा की तैयारियों पर हुआ मंथन

पुटकी/लोयाबाद : श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा महोत्सव समिति करकेंद के तत्वाधान में पूजा कमिटी की बैठक आयोजित की गई।बैठक में पिछले वर्ष 2025 में आयोजित दुर्गा पूजा के आय-व्यय का पूरा ब्योरा प्रस्तुत किया गया। इसके अलावे वर्ष 2026 की दुर्गा पूजा को लेकर नई कमिटी का गठन किया गया। बैठक के दौरान आगामी दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की एवं पूजा को और बेहतर एवं व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने, श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने तथा पूजा पंडाल को आकर्षक साज सज्जा एवं आधारित को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कमिटी की ओर से बताया गया कि इस वर्ष श्रद्धालुओं के लिए दक्षिण भारत के मंदिर की थीम/फीचर विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। जिस मंदिर की थीम पर पंडाल तैयार किया जाएगा, उसके बारे में भी श्रद्धालुओं को जानकारी दी जाएगी। बैठक में कमिटी के कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। इनमे सर्वश्री लक्ष्मण तिवारी, सुबोध जी,राजू पांडेय गंगाधर जी, महामंत्री सचिन सोंडिक, आशित सिंह, मंटू सिंह, गणेश ठाकुर,आलोक रॉय, सतेंद्र राम, मेला मंत्री रंजन सिन्हा तथा सचिव पंकज खंडेलवाल सहित कमिटी के अन्य सदस्य शामिल रहे कमिटी सदस्यों ने सामूहिक रूप से इस वर्ष की दुर्गा पूजा को भव्य, शांतिपूर्ण और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर बनाने का संकल्प लिया।

बरोरा पुलिस ने दर्ज कांड में आरोपी को किया गिरफ्तार, न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया जेल

बाघमारा। बरोरा थाना क्षेत्र से जुड़े एक मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरोरा थाना कांड संख्या 43/2026 के मामले में नावाडीह निवासी 50 वर्षीय उगन गोप को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 126(2), 115(2), 118(1), 109(1) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस की कार्रवाई के बाद आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

रणधीर वर्मा चौक पर सी आईएसएफ की कार्रवाई, कोयला लदी दो बाइक जब्त

धनबाद। अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ सीआईएसएफ ने कार्रवाई करते हुए रणधीर वर्मा चौक से कोयला लदी दो बाइक जब्त की है। दोनों बाइकों पर 20 से अधिक बोरियों में कोयला लदा हुआ था।जानकारी के अनुसार गश्त के दौरान जवानों को देखकर बाइक सवार मौके से फरार हो गए। जवानों ने बाइक और कोयले को कब्जे में ले लिया। दोनों बाइकों को एमएमडीआर एक्ट के तहत जब्त किया गया है। फिलहाल यह जांच की जा रही है कि कोयला कहां से लाया गया था और कहां ले जाया जा रहा था। लगातार हो रही कार्रवाई से अवैध कोयला कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप है।

राज्यस्तरीय करमा महोत्सव 2026 की तैयारी तेज, बाघमारा में हुई समिति की बैठक

नवप्रदेश बाघमारा। झारखंड के प्रकृति पर्व करमा महोत्सव 2026 की तैयारी तेज हो गई है। इसको लेकर शुक्रवार को हरिणा स्थित शौर्य शहीद मेजर सम्राट मैथी ग्राउंड में करमा अखरा समिति की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष का महोत्सव झारखंडी संस्कृति, जल-जंगल-जमीन और भाई-बहन के प्रेम को समर्पित होगा। समिति ने युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने पर जोर दिया।महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आने की संभावना है। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद ढुलू महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो और प्रखंड प्रमुख गीता देवी शामिल होंगी। समिति ने सभी लोगों से झारखंडी परिधान में करम डाली के साथ महोत्सव में शामिल होने की अपील की है।

छाताबाद भू-धंसान मामले में त्रिपक्षीय बैठक, पुनर्वास को लेकर ग्रामीणों और बीसीसीएल में मतभेद

संवाददाता

बाघमारा। छाताबाद में भू-धंसान की घटना के बाद गुरुवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रशासन, बीसीसीएल और ग्रामीणों के बीच त्रिपक्षीय बैठक हुई। करीब दो घंटे चली बैठक में प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और मुआवजे पर चर्चा हुई, हालांकि इस दौरान कई मुद्दों पर तीखी बहस भी हुई।

बीसीसीएल एरिया-3 के जीएम एसके आनंद ने कहा कि बरसात में भू-धंसान का खतरा बढ़ जाता है और अवैध खनन भी इसकी एक वजह हो सकती है। उन्होंने बताया कि राहत शिविर शुरू कर दिया गया है और पहले चरण की सर्वे रिपोर्ट 15-20 दिन में आने की उम्मीद है। पुनर्वास के लिए बेलगड़िया में क्वार्टर उपलब्ध हैं, इच्छुक परिवारों को मुआवजा देकर वहां शिफ्ट किया जाएगा।

वहीं ग्रामीणों ने बेलगड़िया में बसाए जाने का विरोध किया। ग्रामीणों का कहना था कि उनका रोजगार और सामाजिक जीवन छाताबाद से जुड़ा है। उन्होंने करमाटांड़, तेतुलमारी या सिंदवारटांड़ जैसे नजदीकी क्षेत्रों में पुनर्वास की मांग रखी।

सीओ गिरिजानंद किस्कू ने बताया कि छाताबाद में सतही और भूमिगत वैज्ञानिक सर्वे के लिए क्क्ळ-क्रट को वर्क ऑर्डर दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर पुनर्वास योजना बनाई जाएगी। फिलहाल प्रभावित आठ परिवारों को तत्काल क्वार्टरों में शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

तोपचांची प्रखंड कार्यालय में एसआईआर सत्यापन के दौरान अव्यवस्था,गर्मी में बेहाल हुए मतदाता

गोमो। तोपचांची प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (रक्क्र) के तहत आयोजित स्क्रूटनी शिविर में भारी कुप्रबंधन देखने को मिला। विसंगति को लेकर नोटिस प्राप्त सैकड़ों मतदाता सुबह से ही प्रखंड परिसर पहुंचे थे,लेकिन वहां बुनियादी सुविधाओं के अभाव में उन्हें भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार्यालय परिसर में उमड़ी भीड़ के लिए न तो बैठने हेतु शेड की व्यवस्था थी, न पंखे और न ही पीने के पानी का इंतजाम। भीषण गर्मी और उमस के बीच बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चों सहित सभी वर्ग के लोग घंटों खुले में खड़े रहने को मजबूर दिखे।

पंचायत स्तर पर शिविर लगाने की मांग : मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि प्रखंड मुख्यालय तक बुलाने के बजाय यह प्रक्रिया पंचायत स्तर पर पूरी कराई जा सकती थी। इससे विशेषकर वृद्ध और महिला मतदाताओं को राहत मिलती।एक ग्रामीण ने कहा छोटे से फॉर्म सत्यापन के लिए इतनी दूर बुलाना समझ से परे है। यह काम पंचायत भवन में भी हो सकता था।

अधूरी सूचना से बढ़ी परेशानी : मतदाताओं ने आरोप लगाया कि नोटिस के साथ आवश्यक दस्तावेजों को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई थी। जिसके चलते कई लोग बिना पूरे कागजात के ही पहुंच गए। बाद में उन्हें प्रमाण पत्र लाने के लिए 5 से 10 किलोमीटर की दूरी तय कर दोबारा प्रखंड कार्यालय आना पड़ा।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में इस तरह के जन-संबंधित कार्यों के लिए पंचायत स्तर पर ही शिविर का आयोजन किया जाए, ताकि आम लोगों को अनावश्यक दौड़-धूप और परेशानी से बचाया जा सके।

आईआईटी-आईएसएम की शोधार्थी नीलांजना घोष को मिली पीएम फेलोशिप

धनबाद। आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के केमिस्ट्री एंड केमिकल बायोलॉजी विभाग की रिसर्च स्कॉलर नीलांजना घोष को प्रतिष्ठित कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री -अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (CII-ANRF) प्राइम मिनिस्टर फेलोशिप फॉर डॉक्टोरल रिसर्च के

लिए चयनित किया गया है।यह फेलोशिप भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, ग्रेटर नोएडा के साथ इंडस्ट्री सहयोग के तहत प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत नीलांजना घोष इंडस्ट्री से जुड़े शोध प्रोजेक्ट पर कार्य करेंगी, जिससे उन्हें अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक औद्योगिक अनुभव भी प्राप्त होगा।नीलांजना वर्तमान में विभाग के प्रोफेसर (हायर एकेडमिक ग्रेड) प्रो. बिस्वजीत चौधरी और बीपीसीएल के सीनियर मैनेजर (रिसर्च एंड डेवलपमेंट) डॉ. राज कुमार दास के संयुक्त निर्देशन में डॉक्टरल रिसर्च कर रही हैं।गौरतलब है कि प्रधानमंत्री फेलोशिप योजना का मुख्य उद्देश्य अकादमिक और उद्योग जगत के बीच सहयोग को सुदृढ़ करना है, ताकि शोधार्थी उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप नवाचार और शोध कर सकें।इस उपलब्धि पर प्रो. बिस्वजीत चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह फेलोशिप नीलांजना को इंडस्ट्री और एकेडमिया के समन्वय से उपयोगी और प्रभावी शोध करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। यह चयन संस्थान में उद्योग-उन्मुख अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

खानूडीह में जोहार करम महोत्सव का आयोजन, सांसद और विधायक हुए शामिल

बाघमारा। खानूडीह पंचायत में जोहार करम समिति की ओर से मां काली मंदिर प्रांगण में जोहार करम महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो शामिल हुए। इस दौरान क्षेत्र सहित दूर-दराज से आई कई सांस्कृतिक टीमों ने अपनी प्रस्तुति दी। समारोह के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि गोपाल महतो, शंकर महतो, अमरेंद्र पासवान, सुभाष रवानी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थें ।

पूर्व मध्य रेल में रिक्त पदों पर जल्द भर्ती हो एआईआरएफ ने रेलवे बोर्ड के सामने रखा पक्ष

धनबाद। रेलवे बोर्ड और ऑल इंडिया रेलवेमेन फेडरेशन के बीच स्थायी वार्ता तंत्र की महत्वपूर्ण बैठक नई दिल्ली में हुई। इसमें बोर्ड अध्यक्ष सहित सभी विभागों के शीर्ष अधिकारी उपस्थित रहे। फेडरेशन की ओर से महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा के नेतृत्व में सभी जोनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक में पूर्व मध्य रेलवे का प्रतिनिधित्व ईसीआरकेयू के महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव ने किया। इस संबंध में एआईआरएफ के जोनल सचिव ओपी शर्मा और धनबाद मंडल के मीडिया प्रभारी एनके खवास ने संयुक्त रूप से जानकारी दी।बैठक में फेडरेशन ने सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले पूर्व मध्य रेल जोन में सुरक्षा श्रेणी सहित सभी रिक्त पदों को अभियान चलाकर भरने की मांग पुरजोर तरीके से उठाई।प्रतिनिधियों ने कहा कि कर्मचारियों की कमी से संरक्षा और परिचालन दोनों प्रभावित हो रहा है।इसके साथ ही यात्रा भत्ता बंद होने से कर्मचारियों में पनप रहे आक्रोश का मुद्दा भी उठाया गया। फेडरेशन ने टीए, ओवरटाइम और सीटीए के लिए पर्याप्त बजट आवंटन और लोको पायलटों के किलोमीटर भत्ते के बकाए का तत्काल भुगतान करने को कहा।बैठक में ट्रैकमैन की पेट्रोलिंग बीट 12 किलोमीटर तय करने, रेलवे बोर्ड के आदेश 155/2022 को सभी विभागों में लागू करने, पर्यवेक्षकों के 5600 नवसृजित पदों पर बहाली प्रक्रिया तेज करने और रेलवे क्वार्टरों की मरम्मत का कार्य सीपीडब्ल्यूडी मानकों के अनुसार कराने जैसे मुद्दे भी रखे गए।

सेंद्रा-बांसजोड़ा कोलियरी में ट्रामर संतोष भुईयां का निधन, आश्रित को अनुकंपा नियोजन पर सहमति

लोयाबाद–सेंद्रा–बांसजोड़ा कोलियरी में ट्रामर के पद पर कार्यरत कर्मी संतोष भुईयां (उम्र 44 वर्ष) का बीते गुरुवार को दुगार्पुर स्थित विवेकानंद अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन के बाद आश्रितों को अनुकंपा नियोजन देने की मांग को लेकर शुक्रवार को कोलियरी प्रबंधन और संयुक्त मोर्चा के नेताओं के बीच लंबी वार्ता हुई। प्रबंधन की ओर से बताया गया कि मृतक संतोष भुईयां 28 जुलाई 2026 से बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से कार्य से अनुपस्थित थे। इस आलोक में कोलियरी द्वारा पत्रांक– सबी /एसए/ पीडी /2026 /19/36 दिनांक 4 सितंबर 2026 को अभियोग पत्र जारी किया गया था। प्रबंधन ने कहा कि इस स्थिति में प्रोविजनल एम्प्लॉयमेंट नहीं दिया जा सकता। इसके बाद दूसरी वार्ता में प्रबंधन ने आश्रित गोलकी देवी के नाम पत्र जारी करते हुए सहमति जताई कि एसओपी के तहत 90 दिनों के अंदर सभी आवश्यक कागजात जमा करने पर अनुकंपा नियोजन दिया जाएगा। मृतक की पत्नी गोलकी देवी को प्रबंधन की ओर से सहमति पत्र भी दिया गया। संतोष भुईयां पिछले दो–तीन माह से बीमार चल रहे थे। बीमारी के बावजूद वे लगातार ड्यूटी करते रहे। तबीयत अधिक खराब होने पर 20 अगस्त को उन्हें सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए 24 अगस्त को उन्हें दुगार्पुर स्थित विवेकानंद अस्पताल रेफर कर दिया था, जहां इलाज के दौरान 17 सितंबर को उनकी मृत्यु हो गई।मृतक अपने पीछे पत्नी गोलकी देवी तथा दो बच्चों को छोड़ गए हैं। बड़ी बेटी करीब 12 वर्ष की तथा बेटा करीब पांच वर्ष का है।

बॉलीवुड का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय मंच

IIFA 2027: अबू धाबी में 22-23 जनवरी को सजेगा सितारों का मंच

करण जौहर और वरुण धवन होंगे मेजबान; IIFA 2027 के टिकट बिक्री शुरू

मुंबई। इंटरनेशनल इंडियन फिल्म अकादमी अवॉर्ड्स (IIFA) 2027 का आयोजन अबू धाबी में 22 और 23 जनवरी 2027 को किया जाएगा। यह दुनिया के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित फिल्म अवॉर्ड समारोहों में से एक है, जो हर साल भारतीय सिनेमा की ग्लोबल पहचान को और मजबूत

इस बार समारोह की मेजबानी बॉलीवुड के लोकप्रिय निर्देशक और निर्माता करण जौहर तथा अभिनेता वरुण धवन करेंगे। आयोजकों ने बताया कि IIFA 2027 के टिकटों की बिक्री शुरू हो चुकी है और दर्शकों में इसे लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

अबू धाबी में होने वाला यह आयोजन भारतीय सिनेमा के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मंच पर मनोरंजन की दुनिया को एक नई पहचान देने वाला है। समारोह में देश-विदेश के कई जाने-माने फिल्म सितारे, संगीत कलाकार और फिल्म जगत की प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी।

IIFA 2027: खास बातें

- आयोजन स्थल – अबू धाबी
- तिथि – 22 और 23 जनवरी 2027
- मेजबान – करण जौहर और वरुण धवन
- टिकट बिक्री – शुरू

आज ओटीटी पर कई नई फिल्में और सीरीज रिलीज

नई दिल्ली। मनोरंजन प्रेमियों के लिए आज का दिन खास है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आज कई नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज हो रही हैं। दर्शक एक्शन, ड्रामा, थ्रिलर और कॉमेडी जैसे अलग-अलग जॉनर की नई पेशकश का आनंद ले सकेंगे। इन रिलीज में बड़े बजट की फिल्में के साथ-साथ बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज भी शामिल हैं, जो दर्शकों के बीच काफी चर्चा में हैं।

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आज से नई कहानियां, नए किरदार और नया मनोरंजन

तापसी पन्नू की 'गांधारी' नेटफ्लिक्स की ग्लोबल नॉन-इंग्लिश फिल्म चार्ट में नंबर 1



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू की फिल्म 'गांधारी' ने नेटफ्लिक्स के ग्लोबल नॉन-इंग्लिश फिल्म चार्ट में पहले स्थान पर अपनी जगह बना ली है। यह उपलब्धि फिल्म के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। फिल्म को दर्शकों और आलोचकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है, और यह दुनियाभर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

☆ तापसी पन्नू की 'गांधारी' बनी ग्लोबल चार्ट में नंबर 1

भूमि पेडनेकर ने न्यूयॉर्क फैशन वीक में शोस्टॉपर के रूप में डेब्यू किया

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने न्यूयॉर्क फैशन वीक में शोस्टॉपर के रूप में अपने फैशन करियर की नई शुरुआत की है। भूमि ने अपने शानदार लुक और आत्मविश्वास से रैंप पर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। उनका यह डेब्यू फैशन जगत में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भूमि की इस उपलब्धि की काफी सराहना हो रही है और सोशल मीडिया पर भी उनके लुक्स की खूब

★ फैशन की दुनिया में भूमि की नई उड़ान

एशियन गेम्स में भारत की शानदार शुरुआत

महिला क्रिकेट में भारत ने जापान को 8 विकेट से हराया, सेमीफाइनल में जगह

जापान 57 रन पर ढेर, श्री चरानी ने लिए 4 विकेट, शफाली वर्मा ने खेली अजेय 40 रन की पारी

नई दिल्ली। एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपने पहले मैच में जापान को 8 विकेट से हराकर शानदार शुरुआत की है। जापान की टीम 57 रन पर ऑल आउट हो गई। भारतीय गेंदबाज श्री चरानी ने 4 विकेट (10 रन) लेकर शानदार प्रदर्शन किया। जवाब में शफाली वर्मा ने मात्र 15 गेंदों पर अजेय 40 रन बनाकर भारत को जीत दिलाई। भारत अब सेमीफाइनल में बांग्लादेश से भिड़ेगा।

अफगानिस्तान पर 3-0 से टी20 सीरीज जीत

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के तीसरे मैच में 127 रन से शानदार जीत दर्ज करते हुए 3-0 से सीरीज अपने नाम कर ली। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 221/7 का मजबूत स्कोर बनाया, जिसके जवाब में अफगानिस्तान की टीम 94 रन पर सिमट गई।

मनु भाकर और तजिंदरपाल सिंह तूर ध्वजवाहक

मनु भाकर

तजिंदरपाल सिंह तूर

नई दिल्ली। भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर और निशानेबाज तजिंदरपाल सिंह तूर को एशियन गेम्स 2026 की उद्घाटन समारोह में भारतीय दल का ध्वजवाहक चुना गया है। दोनों खिलाड़ी भारतीय खेल जगत के प्रेरणास्रोत हैं।

टेकबॉल में क्विम्सी पदक से एक जीत दूर

नई दिल्ली। भारतीय टेकबॉल खिलाड़ी क्विम्सी डिसूजा ने महिला एकल वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वह अब पदक से बस एक जीत दूर हैं। क्विम्सी ने अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में दमदार खेल दिखाया और आगे का सफर जारी रखा है।

अन्य प्रमुख खबरें

बैडमिंटन
पीवी सिंधु ने महिला एकल में आसान जीत दर्ज कर प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। उनका अगला मुकाबला आज होगा।

एथलेटिक्स
नीरज चोपड़ा ने पुरुष भाला फेंक क्वालिफाइंग राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई।

हॉकी
भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अपने पूल मैच में मलेशिया को 4-1 से हराया। टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया।

कुश्ती
विनेश फोगाट ने महिला 53 किग्रा वर्ग में क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। उनकी नजर अब पदक पर है।

भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन जारी

- महिला क्रिकेट टीम ने सेमीफाइनल में बनाई जगह
- पुरुष टीम ने टी20 सीरीज में 3-0 से जीत दर्ज की
- मनु भाकर और तजिंदरपाल सिंह तूर बने ध्वजवाहक
- क्विम्सी डिसूजा टेकबॉल में सेमीफाइनल में पहुंचीं
- नीरज चोपड़ा और विनेश फोगाट ने बढ़ाई उम्मीदें

आने वाले मुकाबले

- **महिला क्रिकेट** : भारत बनाम बांग्लादेश (सेमीफाइनल)
- **हॉकी** : भारत बनाम मलेशिया (ग्रुप मैच)
- **एथलेटिक्स** : नीरज चोपड़ा (फाइनल)
- **कुश्ती** : विनेश फोगाट (क्वार्टरफाइनल)
- **अन्य इवेंट्स** : विभिन्न खेलों में भारतीय खिलाड़ियों पर नजर

नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम की उपायुक्त ने की समीक्षा

स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं आधारभूत संरचना सहित विभिन्न विकास सूचकांकों पर हुई चर्चा

संवाददाता

दुमका : उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की प्रगति को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, आधारभूत संरचना, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों के विकास सूचकांकों एवं योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई।

लंबित योजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने का निर्देश

उपायुक्त ने संबंधित विभागों को लंबित कार्यों में तेजी लाते हुए योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने पूर्ण योजनाओं की उपयोगिता सुनिश्चित करने, प्रगतिशील योजनाओं की नियमित निगरानी तथा लंबित परियोजनाओं की बाधाओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने को कहा।

विकास सूचकांकों में सुधार को लेकर समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश

उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य में तेजी लाने तथा आपसी समन्वय के साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने डेटा की सटीकता एवं समय पर रिपोर्टिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि नीति आयोग के सूचकांकों में जिले की प्रगति बेहतर हो सके।

शिकारीपाड़ा में धूमधाम से संपन्न हुआ एक माह का भादू पूजा महोत्सव

नम आंखों से मां को दी गई विदाई

दुमका : शिकारीपाड़ा स्थित ललित पाल के निवास स्थान पर पूरे बंगला भाद्र माह से चला आ रहा भादू पूजा महोत्सव गुरुवार की रात जागरण के बाद शुक्रवार की सुबह प्रतिमा के विसर्जन के साथ श्रद्धा और भावुक वातावरण में संपन्न हो गया। मान्यता है कि सच्चे मन से माँ भादू की पूजा-अर्चना करने से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं और घर-परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है।

बंगला भाद्र महीने के पहले दिन ही ललित पाल के घर में मां भादू की प्रतिमा स्थापित की गई थी। इसके बाद पूरे एक महीने तक प्रतिदिन विधि-विधान से मां की पूजा-अर्चना की गई और उन्हें विशेष भोग अर्पित किया गया। अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति और परिवार के कल्याण की कामना को लेकर आसपास की महिलाओं ने इस पूरे महीने की पूजा में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

महोत्सव के अंतिम दिन गुरुवार को भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें पारंपरिक भादू गान गाकर श्रद्धालुओं ने रात भर मां का गुणगान किया। इसके बाद शुक्रवार की सुबह श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां भादू की प्रतिमा का विसर्जन कर उनसे आशीर्वाद मांगा और अंतिम विदाई दी।

छाता मेला के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

ईचागढ़ – प्रखंड क्षेत्र के तुता पंचायत अंतर्गत मतकामडीह गांव में हर वर्ष की भांति भादो संक्रांति के अवसर पर धूम धाम से छाता मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छाता मेला समिति के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बंगाल के महिला मानसून के उस्ताद अनिल महतो द्वारा कुड़माली, बांग्ला,नागपुरी,झूमर आदि गीतों में मेला प्रेमियों को झूमने को विवश कर दिया। मौके पर आजसू नेता प्रताप महतो, सोड़ो पंचायत के मुखिया नयन सिंह मुंडा, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो,मेला समिति के भूखल महतो,अश्विनी महतो,बलराम महतो,निर्मल महतो,कमलाकांत महतो,गुलाब सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर किया रक्तदान

गिरिडीह : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को लेकर पूरे देश में चलाई जा रहे भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी गिरिडीह महानगर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शहर के विवाह भवन में संपन्न हुए इस रक्तदान शिविर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के सदस्यों के अलावा अन्य बाहर के लोगों ने भी अपने मर्जी से स्वत रक्त किया इस मौके पर जिला अध्यक्ष रंजीत राय और वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश प्रसाद यादव ने बताया कि एकमाह तकचलने वाले सेवा संकल्प अभियान के तहत आज इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है तथा प्रत्येक दिन सेवा कार्य से जुड़े कार्य भारतीय जनता पार्टी गिरिडीह महानगर कई द्वारा किया जाएगा इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के कई गणमान्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पिता की तस्वीर सामने आंखों में आंसू, हाथों में सेवा, सुदिव्य सोनू के बच्चों ने श्राद्ध कर्म में कराया लोगों को भोजन

गिरिडीह : गिरिडीह से भावुक कर देने वाली तस्वीर सामने आई है।

बच्चों के लिए पिता सिर्फ एक रिश्ता नहीं, बल्कि उनका सहारा, उनकी दुनिया और उनका सबकुछ होते हैं। ऐसे में कम उम्र में पिता को खोने का दर्द कितना गहरा होगा, इसकी कल्पना करना भी मुश्किल है।

दिवंगत मंत्री एवं गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के श्राद्ध कर्म के दौरान उनके बच्चों की भावुक तस्वीरों ने वहां मौजूद लोगों को भी भावुक कर दिया।

श्राद्ध कर्म में उनके बच्चों ने स्वयं लोगों को भोजन कराया। चेहरे पर पिता को खोने का गम था, लेकिन संस्कार और जिम्मेदारी निभाने का जज्बा भी साफ दिखाई दे रहा था।

लोगों को भोजन कराते इन बच्चों को देखकर वहां मौजूद कई लोगों की आंखें नम हो गईं। पिता की यादों के बीच बच्चों का यह सेवा भाव हर किसी के दिल को छू गया।एक तरफ सैकड़ों लोग सुदिव्य कुमार सोनू को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे, तो दूसरी तरफ उनके बच्चे पिता की स्मृतियों को अपने भीतर समेटे हुए श्राद्ध कर्म की जिम्मेदारियां निभा रहे थे।यह सिर्फ एक श्राद्ध कर्म की तस्वीर नहीं थी यह उस दर्द की तस्वीर थी, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है– एक पिता के जाने के बाद बच्चों की जिंदगी में आई उस कमी की, जो शायद कभी पूरी नहीं हो सकती।

सुदिव्य कुमार सोनू की बेटियों ने दी श्रद्धांजलि, सृष्टि-समृद्धि ने बच्चों और बुजुर्गों में बांटा फल-प्रसाद

दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निधन के बाद 13वें दिन उनकी पुत्रियों सृष्टि और समृद्धि ने अपने पिता को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए सेवा का रास्ता चुना। अजीडीह स्थित नेत्रहीन बाल विकास विद्यालय पहुंचकर दोनों बेटियों ने वहां बच्चों के बीच फल और प्रसाद का वितरण किया। इसके बाद स्नेह दीप वृद्धा आश्रम पहुंचीं, जहां बुजुर्गों के बीच भी फल और प्रसाद बांटे गए। इस दौरान माहौल बेहद भावुक नजर आया। पिता के निधन का दर्द बेटियों के चेहरे पर साफ झलक रहा था, लेकिन उन्होंने अपने पिता की स्मृति को सेवा और अपनत्व से जोड़ते हुए बच्चों और बुजुर्गों के बीच समय बिताया।मौके पर गिरिडीह की महापौर प्रमिला मेहरा, मुखिया उषा देवी, महानगर अध्यक्ष रॉकी सिंह, अभय सिंह, दिलीप रजक, राकेश रंजन भरत यादव, संजय वर्मा सहित बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता मौजूद रहे।दिवंगत सुदिव्य कुमार सोनू की बेटियों का यह सेवा भाव एक बार फिर यह संदेश देता नजर आया कि पिता भले ही साथ न हों, लेकिन उनकी यादें और उनके संस्कार परिवार के साथ हमेशा जीवित रहते हैं।

जिले में रही विश्वकर्मा पूजा की धूम



गिरिडीह। बालमुकुंद स्पंज एंड आयरन प्राईवेट लिमिटेड,टफकॉन एक्सटी सलूजा गोल्ड स्टील,लाल स्टील, गोरखनाथ, मोंगिया, नगर निगम सहित कई जगह भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना पूरे विधि-विधान और उत्साह के साथ की गई। इस अवसर पर कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्यों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर संस्थान की सुख-समृद्धि, तरक्की और कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बताया गया कि बालमुकुंद स्पंज एंड आयरन प्राईवेट लिमिटेड,टफकॉन एक्सटी, सलूजा गोल्ड स्टील,लाल स्टील, गोरखनाथ, मोंगिया, नगर निगम सहित पिछले कई वर्षों से विश्वकर्मा पूजा का आयोजन धूमधाम से करता आ रहा है। कंपनी से जुड़े करीब 2000 से अधिक लोगों के परिवार के लिए यह आयोजन अब एक महत्वपूर्ण परंपरा बन चुका है। पूजा के दौरान पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कर्मचारियों ने पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया और एक-दूसरे को विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं दीं।इस मौके पर बालमुकुंद स्पंज एंड आयरन प्राईवेट लिमिटेड के मैनेजर परशुराम तिवारी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को निर्माण, तकनीक और श्रम का प्रतीक माना जाता है। कंपनी में हर वर्ष इस पूजा का आयोजन कर्मचारियों की मेहनत और उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करने के उद्देश्य से भी किया जाता है। टफकॉन ळ के मार्केटिंग डायरेक्टर इंद्रजीत लाल ने बताया कि टफकॉन ळ परिवार पिछले दो दशक से इस परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। कंपनी का प्रयास है कि कर्मचारियों के साथ मिलकर हर पर्व और त्योहार को उत्साह एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाए। पूजा के बाद सभी सदस्यों को प्रसाद और मध्याह्न भोजन कराया जा रहा है ।

सुभाष टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के प्रशिक्षुओं का पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

गिरिडीह : कोलडीहा स्थित सुभाष टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के प्रशिक्षुओं का पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पुरी और भुवनेश्वर के विभिन्न ऐतिहासिक, धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण करने के बाद प्रशिक्षुओं का दल बुधवार को सकुशल गिरिडीह लौट आया। यात्रा के दौरान प्रशिक्षुओं ने श्री जगन्नाथ

मंदिर, समुद्र तट, कोणार्क सूर्य मंदिर, चिल्का झील में बोटिंग और डॉल्फिन दर्शन का आनंद लिया। इसके अलावा धौलीगिरि शांति स्तूप, लिंगराज मंदिर, खंडगिरि-उदयगिरि की गुफाओं और नंदनकानन का भी भ्रमण किया।प्राचार्य डॉ. अनुज कुमार ने कहा कि इस भ्रमण का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को कक्षा के ज्ञान के साथ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था। प्रशिक्षुओं ने भी यात्रा को ज्ञानवर्धक और यादगार बताया।

न्यूज IN ब्रीफ

हत्या की कथित साजिश की सूचना पर छापेमारी, हथियार के साथ पांच गिरफ्तार

जमशेदपुर : जुगसलाई थाना क्षेत्र में हत्या की कथित साजिश रचे जाने की सूचना पर पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक देशी पिस्टल, मैगजीन में लोड दो जिंदा कारतूस और फायरिंग से संबंधित एक खोखा बरामद किया गया है।पुलिस के मुताबिक, 17 सितंबर को वरीय पुलिस अधीक्षक, जमशेदपुर को सूचना मिली थी कि आर्म्स एक्ट और फायरिंग के मामलों में पूर्व से आरोपित सैफ अली उर्फ राज बच्चा अपने सहयोगियों के साथ मिल्लत नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय (गोलघर स्कूल) के पास हथियार लेकर जमा हुआ है। सूचना में वहां सब्बु टाल वाला के बेटों की हत्या की कथित योजना बनाए जाने की भी जानकारी दी गई थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर पांच लोगों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सैफ अली उर्फ राज बच्चा, मो. रेहान गद्दी उर्फ जिया, मो. शहनवाज उर्फ बिगाडू, मो. शहजादा आलम उर्फ साहिल और मो. नसीम अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि तलाशी के दौरान सैफ अली उर्फ राज बच्चा की कमर से एक लोहे का देशी पिस्टल बरामद हुआ। पिस्टल की मैगजीन में दो जिंदा कारतूस लोड थे। इसके अलावा 7.65 एमएम का खोखा भी बरामद किए जाने की बात पुलिस ने कही है।

पुलिस के अनुसार, सैफ अली के खिलाफ पहले भी फायरिंग और आर्म्स एक्ट से जुड़े मामले दर्ज रहे हैं। 9 अगस्त को सैय्यद रिजवान करीम की ओर से जुगसलाई थाना में दिए गए आवेदन में सैफ अली समेत कुछ अन्य लोगों पर जानलेवा फायरिंग के आरोप लगाए गए थे। शिकायतकर्ता ने जेल से बाहर आने के बाद अपने और परिवार की सुरक्षा को लेकर भी आशंका जताई थी। पुलिस का कहना है कि 26 अगस्त को ईद मिलाद–उन–नबी के दिन भी सैफ अली के मिल्लत नगर स्थित घर की छत पर कुछ लोगों के जुटने और कथित तौर पर फायरिंग किए जाने की जानकारी जांच में सामने आई थी। पुलिस इस घटना से जुड़े वीडियो और अन्य साक्ष्यों की भी जांच कर रही है।मामले में जुगसलाई थाना कांड संख्या 74/26, दिनांक 17 सितंबर 2026 के तहत बीएनएस और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। पुलिस हथियार के स्रोत, गिरफ्तार आरोपियों की भूमिका, पूर्व की फायरिंग की घटनाओं और हत्या की कथित साजिश में अन्य लोगों की संलिप्तता की जांच कर रही है।

आधी रात बड़ाबाम्बो चौक पर फायरिंग से मचा हड़कंप,दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सरायकेला– आमदा ओपी क्षेत्र के बड़ाबाम्बो चौक के समीप देर रात फायरिंग और गाली–गलौज करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में खरसावां के पोटोबेड़ा निवासी निरंजन दास और खमारडीह निवासी सुनील साहू शामिल हैं। पुलिस ने निरंजन दास के पास से एक देसी कट्टा बरामद किया है, जिसमें एक गोली फंसी हुई थी। इसके अलावा दोनों के पास से दो मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त एक नीले रंग की एक्टिवा स्कूटी और एक बाइक जब्त की गयी है। मामले की जानकारी गुरुवार को सरायकेला थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरायकेला अंचल के इंस्पेक्टर राजेश टुडू और आमदा ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान ने दी।

पुलिस के अनुसार, देर रात करीब 1.20 बजे सूचना मिली कि बड़ाबाम्बो चौक के पास दो युवक फायरिंग करने के साथ गाली–गलौज कर रहे हैं। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों के निर्देश पर आमदा ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गयी। टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर छापेमारी शुरू की। पुलिस को देखते ही दोनों युवक भागने लगे। इसके बाद पुलिस बल ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों की तलाशी ली, तो निरंजन दास के पास से देसी कट्टा बरामद हुआ। कट्टा खोलकर जांच करने पर उसमें एक गोली फंसी हुई मिली। उसके पास से एक रियलमी मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। वहीं, सुनील साहू के पास से भी रियलमी मोबाइल फोन मिला। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल नीले रंग की एक्टिवा स्कूटी और एक बाइक को जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी सुनील साहू का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस अब फायरिंग के पीछे के कारण और घटना के दौरान किन परिस्थितियों में गोली चलायी गयी, इसकी जांच कर रही है। मामले में खरसावां थाना कांड संख्या 48/2026 के तहत बीएनएस और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

सरायकेला में ठेकेदार संजय डालमिया के घर ईडी की छापेमारी 35 करोड़ लोन मामले की जांच

सरायकेला :– सरायकेला में शुक्रवार की सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने ठेकेदार संजय डालमिया के पटनायक टोला स्थित आवास पर छापेमारी की। सुबह करीब सात बजे तीन वाहनों से पहुंची ईडी की टीम ने घर को अपने कब्जे में लेते हुए तलाशी शुरू की। टीम द्वारा घर के अंदर विभिन्न स्थानों पर दस्तावेजों एवं अन्य सामानों की जांच किए जाने की सूचना है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई सहकारिता बैंक से करीब 35 करोड़ रुपये का लोन लेने और उसके भुगतान नहीं किए जाने से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में की जा रही है। ईडी की टीम मामले से संबंधित वित्तीय लेन–देन और दस्तावेजों की जांच कर रही है। छापेमारी के दौरान घर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था भी देखी गई। हालांकि, ईडी की ओर से अभी तक छापेमारी को लेकर आधिकारिक तौर पर विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। टीम की कार्रवाई जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही मामले में आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। लोन मामले पर कारोबारी संजय डालमिया जमानत पर बाहर है।

साप्ताहिक जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं, त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को दिए निर्देश

सरायकेला :– समाहरणालय परिसर स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों, अंचलों एवं नगर निकाय क्षेत्रों से आए आम नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनता दरबार में मुख्य रूप से राजनगर प्रखंड अंतर्गत जुम्बनी पंचायत के राजस्व ग्राम धनुडीह के निचले टोला पोलांगल में ग्रामीण पथ की मरम्मती कराने, सरायकेला नगर पंचायत क्षेत्र में कई दिनों से कचरा उठाव, ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव एवं फॉगिंग कार्य नहीं होने के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए। आमजनों की सुरक्षा एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए उक्त कार्यों को पुनः प्रारंभ कराने तथा सरायकेला नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मझधार पुल के ऊपर बने गड्ढे की मरम्मती कराने से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुआ। वहीं, चांडिल प्रखंड के डोबो क्षेत्र में सरकारी गैरमजरूआ भूमि को अवरोध से मुक्त कराने तथा आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में खराब सड़कों की मरम्मती कराने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त श्रम विभाग, आपूर्ति विभाग, भूमि संबंधी मामलों समेत अन्य विभागों से संबंधित विभिन्न समस्याओं के आवेदन भी प्राप्त हुए। उपायुक्त ने जनता दरबार में उपस्थित नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा प्राप्त आवेदनों पर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को मामलों की जांच करते हुए नियमानुसार, पारदर्शी एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित निष्पादन करते हुए संबंधित आवेदकों को नियमानुसार की गई कार्रवाई से अवगत कराने का निर्देश दिया गया।

रेल क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा पूजा विभिन्न स्थानों पर दिखा श्रद्धा और उत्साह

हटिया, रांची। हटिया रेल क्षेत्र में विश्वकर्मा पूजा श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर रेलवे के विभिन्न विभागों, कार्यशालाओं, प्रतिष्ठानों एवं अन्य स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। रेलकर्मियों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा से सुख-समृद्धि, सुरक्षा और कार्यक्षेत्र में उन्नति की कामना की।

विश्वकर्मा पूजा को लेकर रेल क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आकर्षक सजावट की गई थी। रेलवे के तकनीकी विभागों में मशीनों, औजारों एवं कार्यस्थलों की साफ-सफाई कर पूजा-अर्चना की गई। रेलकर्मियों ने अपने कार्य में उपयोग होने वाले उपकरणों एवं मशीनों की पूजा कर भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा समारोह में रेलवे के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय लोग भी बढ़-चढ़कर शामिल हुए। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कई स्थानों पर दिनभर भक्ति और उत्सव का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा से रेलवे क्षेत्र की निरंतर प्रगति, रेलकर्मियों की सुरक्षा तथा सभी के सुख-शांति की प्रार्थना की।

विश्वकर्मा पूजा के माध्यम से श्रम, कौशल और तकनीकी कार्यों के प्रति सम्मान का संदेश भी दिया गया। रेल क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित पूजा कार्यक्रमों ने आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को भी मजबूत किया।





श्रीमद् भागवत कथा का छठा दिन : श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग ने भक्तों को किया आनंदित

नवप्रदेश/पश्चिम सिंहभूम/ चक्रधरपुर नगर क्षेत्र के थाना रोड स्थित गायत्री कुंज में समस्त भगेरिया परिवार की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन, शुक्रवार को श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया। कथावाचक आचार्य हिमांशु जी महाराज ने महारास के पांच अध्यायों का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि ये पांच अध्याय भागवत के पंच प्राण हैं। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान और कंस वध का वर्णन किया गया। इसके साथ ही महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करने का प्रसंग भी सुनाया गया। कालयवन वध और उधव-गोपी संवाद का भी उल्लेख हुआ। आचार्य जी ने ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाने, द्वारका की स्थापना और रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया। श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी भक्तों को आनंदित किया। आचार्य जी ने कहा कि जो भक्त ईश्वर प्रेम में आनंदित होते हैं और श्रीकृष्ण-रूक्मिणी के विवाह में शामिल होते हैं, उनकी समस्याएं समाप्त हो जाती हैं। उन्होंने बताया कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया था। महारास लीला के द्वारा ही जीवात्मा और परमात्मा का मिलन हुआ। कथा के अंत में श्रीमद् भागवत कथा की आरती के बाद भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समस्त भगेरिया परिवार के अलावा शहर और ग्रामीण क्षेत्र के भक्त पहुंचे थे।

बड़े ही धूमधाम से मना विश्वकर्मा पूजा, और भगवान गणेश का हुआ विसर्जन

भगवान विश्वकर्मा

श्री गणेश

रांची। शहर में विश्वकर्मा पूजा श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न प्रतिष्ठानों, कारखानों, दुकानों और वाहन संस्थानों में भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने अपने औजारों, मशीनों और वाहनों की पूजा कर सुख-समृद्धि एवं उन्नति की कामना की।

वहीं, कई पूजा पंडालों और घरों में स्थापित भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं का भी श्रद्धा और भक्ति के साथ विसर्जन किया गया। ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचे। भक्तों ने नम आंखों से भगवान गणेश को विदाई दी और अगले वर्ष फिर से आने की प्रार्थना की।

विश्वकर्मा पूजा और गणेश विसर्जन को लेकर शहर में पूरे दिन उत्सवी माहौल बना रहा। पूजा समितियों और श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में आयोजन संपन्न कराया।

विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

विश्वकर्मा पूजा की विशेषता

- कारखानों, दुकानों और प्रतिष्ठानों में हुई पूजा
- औजारों, मशीनों और वाहनों की की गई पूजा
- सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना
- पूजा समितियों ने किया भव्य आयोजन

वाहनों की पूजा करते हुए श्रद्धालु।

गणेश विसर्जन में उमड़ा जनसैलाब

शहर के विभिन्न पूजा पंडालों से भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन काफी धूमधाम से किया गया। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ विसर्जन स्थल तक पहुंचे। पूरे रास्ते में 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से गणेश जी को विदाई दी और अगले वर्ष फिर से आने की प्रार्थना की।

> विश्वकर्मा पूजा और गणेश विसर्जन ने शहर में भक्ति, आस्था और एकता का संदेश दिया।

गणेश जी को दी गई अंतिम विदाई



हटिया रेलवे कॉलोनी में स्थापित भगवान गणेश का हुआ विसर्जन

रांची। हटिया रेलवे कॉलोनी स्थित पूजा पंडाल में स्थापित भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का शुक्रवार को श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ विसर्जन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना और आरती की तथा गणपति बप्पा को भावपूर्ण विदाई दी।

तुपुदाना औद्योगिक क्षेत्र में धूमधाम से मनी विश्वकर्मा पूजा, प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

रांची। तुपुदाना क्षेत्र के औद्योगिक इलाके में भगवान विश्वकर्मा की पूजा श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों, कारखानों और कार्यस्थलों में भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। कर्मचारियों और प्रतिष्ठान संचालकों ने मशीनों, औजारों एवं वाहनों की पूजा कर सुख-समृद्धि, सुरक्षा और कार्यक्षेत्र में उन्नति की कामना की।विश्वकर्मा पूजा को लेकर औद्योगिक क्षेत्र में विशेष सजावट की गई थी। सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूरे क्षेत्र में दिनभर उत्सव और भक्ति का माहौल बना रहा।

राजस्व विभाग के 3 अधिकारियों पर कार्रवाई

किसी की वेतन वृद्धि रुकी तो किसी की पेंशन में कटौती

निरंकार भास्कर

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने अलग-अलग मामलों में तीन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। विभाग की ओर से जारी पत्रों में अधिकारियों पर कार्य में लापरवाही, गलत प्रतिवेदन और नियमों की अनदेखी से जुड़े आरोपों का उल्लेख किया गया है।नरपतगंज के राजस्व अधिकारी पर कार्रवाई

अररिया जिले के नरपतगंज के राजस्व अधिकारी रामउदगार चौपाल के खिलाफ कार्रवाई की गई है। विभाग के अनुसार, गलत एवं भ्रामक प्रतिवेदन के आधार पर दाखिल-खारिज के एक मामले को अस्वीकृत किया गया था। कार्रवाई के तहत उनकी वेतन वृद्धि पर रोक लगाने का फैसला लिया गया है।सारण के अंचल अधिकारी की पेंशन में कटौती

सारण जिले के अंचल अधिकारी जयशंकर प्रसाद के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई हुई है। जारी पत्र के मुताबिक, नामांतरण रिविजन वाद संख्या 66/99-2000 में पारित आदेश की अवहेलना करते हुए विक्रेता के नाम जमाबंदी कायम नहीं रहने के बावजूद नामांतरण की अनुशंसा करने का आरोप लगाया गया है। विभाग ने उनके पेंशन में 15 प्रतिशत की कटौती पांच वर्षों तक करने का निर्णय लिया है।

जवाबदेही और पारदर्शिता पर विभाग का जोरराजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से अधिकारियों के खिलाफ लगातार विभागीय कार्रवाई की जा रही है। विभाग का कहना है कि सरकारी सेवाओं में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई जारी रहेगी।

विभागीय मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल की ओर से भी भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति की बात कही जाती रही है। विभाग के अनुसार, आम लोगों को समयबद्ध और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और पद के दुरुपयोग की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

रतवल पंचायत में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, विधायक राम सिंह ने किया शुभारंभ

नवप्रदेश/बगहा संवाददाता। बगहा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रतवल पंचायत में शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ स्थानीय विधायक राम सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक ने शिविर में पहुंचने वाले ग्रामीणों से संवाद किया तथा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले रहे लोगों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। विधायक राम सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच को बेहतर बनाना निरंतर प्राथमिकता है। स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सराहनीय प्रयास है। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन के लिए आयोजकों, चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

SSP के गोपनीय रीडर से छिनतई का प्रयास

नवप्रदेश/बेतिया। पश्चिमी चंपारण जिले के बेतिया में छिनतई के प्रयास के दौरान एसएसपी के गोपनीय रीडर नवीन त्यागी पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर बदमाशों ने कैंची से उनकी पीठ और कमर पर वार कर उन्हें घायल कर दिया। घटना के बाद उन्हें इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद मंगलवार को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।नगर थाना पुलिस के अनुसार, सोमवार रात करीब 11 बजे नवीन त्यागी अपने साथी सिपाही रितेश कुमार के साथ बाइक से हरिवाटिका चौक की ओर से अपने क्वार्टर लौट रहे थे। इसी दौरानहरिवाटिका चौक से कलेक्ट्रेट के बीच कुछ युवकों ने उनकी बाइक को घेर लिया और कथित रूप से छिनतई का प्रयास किया। रीडर और उनके साथी सिपाही ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान एक आरोपी द्वारा कैंची से नवीन त्यागी पर हमला किए जाने की बात सामने आई है। हमले में उनकी कमर के पास चोट आई।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल नवीन त्यागी को तत्काल जीएमसीएच बेतिया ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। स्थिति में सुधार के बाद मंगलवार को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।मामले की सूचना मिलने के बाद नगर थाना पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड मोहल्ले के रहने वाले आर्यन कुमार, विकास कुमार, विनय कुमार, अंकित कुमार, कृष राज, प्रियांशु कुमार और नंदकिशोर प्रसाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

स्वच्छ एवं सुंदर बेतिया केवल अभियान का नारा नहीं नगर के प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी: गरिमा

नवप्रदेश/बेतिया। प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की शुरूआत में महापौर ने दिलाया-'स्वच्छ बेतिया सुंदर बेतिया का संकल्प', नगर आयुक्त के साथ श्रमदान से दिया जनभागीदारी का संदेश, नगर निगम कार्यालय परिसर से सदर अनुमंडल, एसपी ऑफिस होते कलेक्ट्रेट के मुख्यद्वार पर बाबा साहेब आंबेडकर के प्रतिमा स्थल तक सामूहिक श्रमदान से की गई साफ-सफाई, बेतिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर नगर निगम, बेतिया कार्यालय परिसर में गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ सामूहिक स्वच्छता शपथ के साथ किया गया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया, नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित सहित नगर निगम के दर्जनों अधिकारी, कर्मचारी और स्वच्छता सेनानी अभियान में शामिल हुए। सभी ने स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बेतिया के निर्माण के लिए स्वच्छता को जीवनचर्या का हिस्सा बनाने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर जला आशीर्वाद का दिया



नवप्रदेश/अगिआंव भोजपुर। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76 में जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय समेत विद्यालय में भी आशीर्वाद कर दिया जलाकर, दीपोत्सव मनाया गया। राष्ट्रसेवा के संकल्प को समर्पित जीवन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 76वें जन्मदिन और सेवा के 25 वर्ष सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्र निर्माण के अवसर पर 'आशीर्वाद का दीया' बूथों पर जलाया गया।हनुमान मन्दिर के प्रांगण में 500 दीया, पवना दुर्गा मन्दिर के प्रांगण में 500 दीया, बेरथ सूर्य मन्दिर के प्रांगण में 100 दीया और बूथों पर बूथ अध्यक्षों के द्वारा अपने - अपने घरों में 'आशीर्वाद का दीया' जलाया गया।

धूमधाम से हुई देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा



नवप्रदेश/पीरो। पीरो अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के गांवों व कस्बों में देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा समारोह पूर्वक की गई। मौके पर अनुमंडल मुख्यालय स्थित हरिहर धाम में विश्वकर्मा समाज की ओर से भव्य समारोह आयोजित किया गया था। जहां आयोजन समिति के प्रमुख अरुण कुमार शर्मा की देखरेख में धार्मिक विधि-विधान के अनुसार भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा अर्चना की गई। समारोह को लेकर पूरे हरिहर धाम परिसर को बिजली बती से सजाकर भव्य रूप प्रदान किया गया था। गुरुवार की सुबह से ही यहां पूजा समारोह में शामिल होने के लिए लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। लोगों की जुटी भीड से आसपास मेला जैसा दृश्य उपस्थित हो गया था। इस दौरान पूजा स्थल पर गूंजते मंत्रोच्चार व भक्ति गीतों से माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। इस मौके पर संध्या पहर यहां आयोजित महा आरती कार्यक्रम में भी बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। क्षेत्रीय विधायक विशाल प्रशांत, नगर सभापति किरण उपाध्याय, उप सभापति सुरेन्द्र प्रसाद केशरी, पूर्व नगर सभापति संतोष कुमार, धीरु सिंह, वार्ड पार्षद राहुल कुमार, रवि शंकर प्रसाद, रवि केशरी, मनीष यादव, प्रेम राय, सुधीर केशरी सहित कई अन्य गणमान्य लोगों मे पूजा समारोह में शिरकत किया।

आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम में उमड़ी जनभागीदारी

नवप्रदेश/सहरसा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों की सेवा के अवसर पर गुरुवार को गांधी पथ स्थित संतमत सत्संग मंदिर में ह्यसेवा संकल्प अभियान के तहत आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने किया। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता एवं विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में उपस्थित लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं यशस्वी जीवन की मंगलकामना की। दीपों की रोशनी के बीच सेवा, समर्पण, सामाजिक एकजुटता एवं राष्ट्रहित के संकल्प का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता देखने को मिली। लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के संकल्प से जुड़ा रहा है।

सर, मैं जिंदा हूं... 4 साल पुराने हत्याकांड का खुलासा जिसे मृत मान रही थी पुलिस वही युवक थाने पहुंचा

निरंकार भास्कर

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के देवरिया थाना क्षेत्र में करीब चार साल पुराने कथित हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार, जिस सोनू कुमार को मृत मानकर हत्या का मामला दर्ज किया गया था, वह 17 सितंबर 2026 को खुद थाने पहुंच गया।प्रेम-प्रसंग को बचाने के लिए रची झूठी कहानी

पुलिस के मुताबिक, मामला वर्ष 2022 का है। गोपालगंज जिले के



थावे थाना क्षेत्र निवासी धीरज प्रसाद श्रीवास्तव ने 9 नवंबर 2022 को अपने भाई सोनू कुमार के लापता होने की शिकायत की थी। बताया गया था कि सोनू 6 नवंबर को दुकान का सामान खरीदने के लिए 50 हजार रुपये लेकर पटना निकला था।इसी दौरान सोनू के मोबाइल से व्हाट्सऐप पर एक ऑडियो भेजे जाने की बात सामने आई, जिसमें रुपये से भरा बैग छीनने और उसकी हत्या किए जाने की जानकारी दी गई थी। इसके साथ खून से सने सिर की तस्वीर भेजे जाने की भी बात पुलिस को बताई गई थी।दूसरे राज्य चला गया था सोनूपुलिस जांच के अनुसार, सोनू ने अपने प्रेम-प्रसंग को जारी रखने के लिए अपनी हत्या की झूठी कहानी तैयार की थी। पुलिस का दावा है कि 6 नवंबर 2022 को ही वह संबंधित युवती को लेकर दूसरे राज्य चला गया था। वहीं, युवती की मां की शिकायत पर थावे थाने में अलग से मामला भी दर्ज किया गया था।चार साल बाद खुद थाने पहुंचापुलिस के अनुसार, जांच के दौरान लगातार कार्रवाई और दबाव के बाद सोनू कुमार 17 सितंबर 2026 को थाने में उपस्थित हुआ। पुलिस ने उसे कथित मृतक के रूप में बरामद किया है।अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वर्ष 2022 में हत्या की झूठी कहानी किस तरह तैयार की गई और इसमें किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका थी या नहीं।

UCC पर बिहार की सियासत गरमाई, RJD ने नीतीश कुमार और JDU को दिया महागठबंधन में आने का खुला ऑफर

निरंकार भास्कर/पटना। बिहार की राजनीति में समान नागरिक संहिता को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। JDU और BJP के बीच संभावित मतभेदों की चर्चा के बीच RJD ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और खउ्र को महागठबंधन में शामिल होने का खुला ऑफर दिया है।RJD का कहना है कि वउउ जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर JDU को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। वहीं, खउ्र ने कहा है कि वह पहले प्रस्तावित कानून के प्रावधानों का अध्ययन करेगी। इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह से चर्चा कर पार्टी इस मुद्दे पर अपना रुख तय करेगी।वउउ को लेकर अलग-अलग दलों के रुख के बीच बिहार की राजनीति में आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर बयानबाजी और तेज होने की संभावना है।

स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान के तहत स्वच्छता रथ रवाना नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता की शुरूआत

नवप्रदेश/आरा, भोजपुर। स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान को प्रभावी एवं जनभागीदारी के साथ सफल बनाने के उद्देश्य से जिला जल एवं स्वच्छता समिति, भोजपुर एवं जिला गंगा समिति, भोजपुर के संयुक्त तत्वावधान में जिला पदाधिकारी, भोजपुर द्वारा समाहरणालय परिसर से स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर समाहरणालय परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर जनजागरूकता अभियान की शुरूआत की गई।

कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी ने परिसर में उपस्थित पदाधिकारियों, कर्मियों एवं अन्य लोगों को संबोधित करते हुए शौचालय के नियमित उपयोग,



स्वच्छता के प्रति व्यक्तिगत जिम्मेदारी तथा कूड़ा-कचरा के उचित प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति से स्वच्छता संबंधी आदतों को अपनाने तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की अपील की।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता, शौचालय के नियमित उपयोग एवं कचरे के सही निस्तारण से संबंधित महत्वपूर्ण संदेशों को सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। स्वच्छता रथ के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता एवं गंगा संरक्षण से संबंधित जागरूकता संदेश प्रसारित किए जाएंगे।

जिला प्रशासन भोजपुर द्वारा स्वच्छता ही सेवाझ्र2026 अभियान के तहत स्वच्छता एवं गंगा संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने तथा व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर उप विकास आयुक्त भोजपुर, वरीय उपसमाहर्ता भोजपुर, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी भोजपुर, जिला समन्वयक भोजपुर,जिला परियोजना पदाधिकारी भोजपुर,एवं अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

मध्याह्न भोजन के संचालन में हुई अनियमितता के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की जायेगी

नवप्रदेश/चरपोखरी। प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत चरपोखरी के सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के संचालन मे अनियमित ता देखने को मिल रहा है। इस गडबडी में प्रधानमंत्री पोषण योजना के प्रखंड साधनसेवी व संबंधित प्रधानाध्यापकों की मिलीभगत की बात सामने आई है। उक्त योजना के तहत सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1से8 वीं तक के छात्र-छात्राओं को प्रत्येक दिन पोषण युक्त भोजन उपलब्ध कराया जाना है। इसके लिए मध्याह्न भोजन निदेशालय द्वारा निर्धारित मात्रा में चावल के अलावे प्रति छात्र कक्षा 1से 5 एवं कक्षा 1से 8 के लिए अलग-अलग दर से राशि विद्यालय शिक्षा समिति के बैंक खाते में उपलब्ध कराई जाती है। अकेले चरपोखरी प्रखंड के 101 विद्यालयों में नामांकित 16821 बच्चों के लिए इस मद में प्रतिमाह लाखों रुपए आंवटन के बावजूद यहां सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को नियमित रूप से भोजन नहीं मिल पा रहा है। कहीं भोजन की गुणवता ठीक नहीं होती तो कहीं पूरा भोजन ही गायब हो जाता है। अधिकांश विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति अधिक दिखाकर मध्याह्न भोजन मद की राशि संबंधित प्रधानाध्यापक व प्रखंड साधनसेवी मिलकर गटक जा रहे हैं। विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के संचालन की निगरानी की जिम्मेवारी प्रखंड साधनसेवी को दी गई है। जहां रखवाला ही गडबडी में साझीदार हो वहां सबकुछ ठीक-ठाक होने की उम्मीद कैसे की जा सकती है।

कुलपति की नियुक्ति पर उठे सवाल पटना हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव को नोटिस, नियुक्ति के लिए निर्धारित योग्यता को लेकर दायर है याचिका

नवप्रदेश/मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव की नियुक्ति को लेकर पटना हाईकोर्ट में मामला पहुंच गया है। नियुक्ति के लिए निर्धारित योग्यता पूरी होने का दावा करते हुए दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कुलपति समेत संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है।

सीडब्ल्यूजेसी संख्या 7146/2026, डॉ. संदीप पहल बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य मामले में पटना हाईकोर्ट ने 17 सितंबर 2026 को सुनवाई की। न्यायमूर्ति अजीत कुमार की अदालत में केंद्र सरकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने याचिका में लगाए गए आरोपों पर विस्तृत जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा।

अदालत ने प्रतिवादी संख्या-5 प्रो. संजय श्रीवास्तव को साधारण डाक तथा एडी के साथ रजिस्टर्ड पोस्ट, दोनों माध्यमों से नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। संबंधित आवश्यक दस्तावेज दो सप्ताह के भीतर दाखिल करने को कहा गया है। मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर 2026 को निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ता डॉ. संदीप पहल की ओर से दायर याचिका में यूजीसी विनियम, 2018 के क्लॉज 7.3(i) का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि कुलपति पद के लिए निर्धारित विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष के अनुभव की शर्त पूरी नहीं होती।

याचिका के अनुसार, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति पद के लिए शिक्षा मंत्रालय ने 21 मई 2022 को आवेदन आमंत्रित किए थे, जिसकी अंतिम तिथि 20 जून 2022 निर्धारित थी। याचिका में कहा गया है कि डॉ. संजय श्रीवास्तव को बीएचयू की कार्यपरिषद द्वारा 4 अक्टूबर 2012 को करियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के तहत प्रोफेसर पद पर पदोन्नति की स्वीकृति दी गई थी तथा बीएचयू ने 5 अक्टूबर 2012 को पदोन्नति संबंधी अधिसूचना जारी की थी। याचिकाकर्ता का तर्क है कि यदि प्रोफेसर पद का अनुभव वास्तविक पदोन्नति अथवा पदभार ग्रहण करने की तिथि से गिना जाए, तो जून 2022 में आवेदन की अंतिम तिथि तक निर्धारित 10 वर्ष का अनुभव पूरा नहीं होता था।

याचिका में पटना हाईकोर्ट के सीडब्ल्यूजेसी संख्या 16680/2014 में 18 दिसंबर 2015 को दिए गए फैसले का भी हवाला दिया गया है। याचिकाकर्ता के अनुसार, उस मामले में अदालत ने कुलपति पद के लिए निर्धारित 10 वर्ष के प्रोफेसर अनुभव पर विचार करते हुए कहा था कि आवश्यक अनुभव वास्तविक कार्य-अनुभव होना चाहिए।

याचिका में यह भी दावा किया गया है कि केवल पूर्व प्रभावी अथवा पदोन्नति के आधार पर अनुभव की गणना नहीं की जा सकती। स्क्रीनिंग के दौरान यह देखा जाना चाहिए कि उम्मीदवार के पास प्रोफेसर पद पर वास्तविक रूप से 10 वर्ष का कार्य-अनुभव है या नहीं।

याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के ह्यूनियन ऑफ इंडिया बनाम एम. भास्कर मामले के फैसले का भी उल्लेख किया है। याचिका में दावा किया गया है कि केवल पदोन्नति की पिछली तारीख के आधार पर अनुभव की गणना नहीं की जा सकती।

फिलहाल मामले में अदालत ने संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है। नियुक्ति से जुड़े आरोपों पर अंतिम न्यायिक निष्कर्ष अगली सुनवाई और आगे के आदेशों के बाद ही स्पष्ट होगा। मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर 2026 को होगी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा कार्यकताओं ने जलाए दीप

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना

नवप्रदेश/डेहरी ऑन सोन। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर डेहरी नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा संकल्प अभियान के तहत दीप प्रज्वलित कर जन्मदिन उत्सव मनाया। अंबेडकर चौक, हनुमान मानस मंदिर सहित विभिन्न स्थानों और कार्यकताओं के घरों पर दीप जलाकर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना की गई। अंबेडकर चौक पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। वहीं भाजपा युवा मोर्चा के वरिष्ठ नेता अमित कुमार पटेल ने अपने



आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। इस अवसर पर अमित कुमार पटेल ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा एवं जनकल्याण के कार्यक्रमों के माध्यम से मना रही है। दीप प्रज्वलन का यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के प्रति कार्यकताओं की शुभकामनाओं के साथ राष्ट्रसेवा के संकल्प को भी प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी केवल भाजपा के प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि पूरे देश के प्रधानमंत्री हैं। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हो सकते हैं, लेकिन किसी व्यक्ति के उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना को राजनीतिक विवाद का विषय बनाना उचित नहीं है। इधर हनुमान मानस मंदिर में भी दीप उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा जिला प्रवक्ता संजय गुप्ता, बबल कश्यप, कुंवर जी, सुनील पाठक, प्यारेलाल ओझा, डॉ. नवीन नटराज, अजय ओझा सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यकताओं ने दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीघार्यु एवं राष्ट्रसेवा के लिए निरंतर समर्पित रहने की कामना की।

एक नजर

जेडीयू की बैठक के बीच अनंत सिंह का नीरज कुमार पर बड़ा आरोप

नवप्रदेश/पटना। जेडीयू की बैठक के बीच मोकामा के विधायक अनंत सिंह ने एमएलसी नीरज कुमार पर गंभीर आरोप लगाए। अनंत सिंह ने दावा किया कि उनके घर में AK-47 रखकर उन्हें फंसाया गया और जेल भिजवाया गया। उन्होंने इस मामले की जांच की मांग भी की। अनंत सिंह ने कहा कि चुनाव लड़ने के दौरान नीरज कुमार लगातार उनका विरोध करते रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नीरज कुमार ने पहले भी उनको और ललन सिंह का विरोध किया था। अनंत सिंह ने कहा कि इसी वजह से वह आगामी एमएलसी चुनाव में नीरज कुमार का समर्थन नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि एमएलसी चुनाव पार्टी के सिंबल पर नहीं होता, इसलिए वह नीरज कुमार को हराने के लिए काम करेंगे। अनंत सिंह ने मामले की जांच के साथ जरूरत पड़ने पर नार्को टेस्ट कराने की बात भी कही। नीरज कुमार ने आरोपों पर दिया जवाबनीरज कुमार ने पलटवार करते हुए कहा कि यदि अनंत सिंह के पास आरोपों से जुड़े सबूत हैं तो उन्हें अदालत जाना चाहिए। उन्होंने अनंत सिंह पर चरित्र हनन का आरोप भी लगाया।

जनसुनवाई में जिला पदाधिकारी ने सुनीं 86 शिकायतें



नवप्रदेश/बेतिया। जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय परिसर में आयोजित जनसुनवाई में जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने आम लोगों की समस्याएं सुनीं। जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे फरियादियों शेख नेजामुद्दीन, राधाकृष्ण कुमार, मनोरमा देवी, पुष्पा कुमारी, चन्द्रेश्वर मिश्रा, मुन्नी कुमारी, रामजी राउत, मुन्नी देवी आदि ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 86 मामलों की सुनवाई हुई, जिनमें कई शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा पूजा

नवप्रदेश/बिक्रमगंज। प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना श्रद्धा एवं उल्लास के साथ की गई। विभिन्न प्रतिष्ठानों, गैरेज, वर्कशॉप, कल-कारखानों, दुकानों तथा सरकारी व निजी संस्थानों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा की गई।पूजा को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि तथा व्यवसाय में उन्नति की कामना की। पूजा स्थलों पर आकर्षक सजावट की गई थी। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। वहीं, वाहन चालकों एवं मैकेनिकों ने अपने वाहनों और औजारों की साफ-सफाई कर उनकी पूजा की। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। क्षेत्र में पूरे दिन उत्सवी माहौल बना रहा।

औजारों से आधुनिक उपकरणों तक, श्रद्धा से हुई विश्वकर्मा पूजा



नवप्रदेश/सूर्यपुरा (रोहतास): शिल्प, निर्माण और तकनीक के आराध्य भगवान विश्वकर्मा की पूजा शुक्रवार को सूर्यपुरा प्रखंड क्षेत्र में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। सूर्यपुरा बाजार समेत विभिन्न गैराज, वर्कशॉप, प्रतिष्ठानों और विश्वकर्मा मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। कई स्थानों पर प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा की गई। इस दौरान लोगों ने औजारों, मशीनों, कंप्यूटर, मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की पूजा कर सुख-समृद्धि और कार्य में सफलता की कामना की। कल्याणी निवासी आचार्य अजय पाण्डेय ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान विश्वकर्मा देवताओं के शिल्पी हैं। उनकी पूजा से कार्य में उन्नति और समृद्धि की कामना की जाती है।

पीएम मोदी के जन्मदिन पर जलाए आशीर्वाद के दीप

नवप्रदेश/प्रतिनिधि, सूर्यपुरा। दावथ एवं सूर्यपुरा प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार की शाम से देर रात तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर दीप प्रज्वलित कर उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की गयी. गांव से लेकर बाजार तक कई जगहों पर लोगों ने दीप जलाकर प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं. इसी क्रम में बलिहार सूर्यपुरा निवासी भाजपा के मंडल महामंत्री मनोज कुमार वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर आशीर्वाद का दीप जलाया. इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री के स्वस्थ, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की. कार्यक्रम में बच्चों के बीच मिठाई का वितरण भी किया गया.

ऑपरेशन मुस्कान के तहत 14 गुम मोबाइल बरामद, वास्तविक धारकों को सौंपे

नवप्रदेश/डेहरी ओन सोन रोहतास। पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत डालमियानगर थाना एवं डेहरी रेल थाना क्षेत्र से गुम हुए कुल 14 मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद मोबाइलों की पहचान पूरी करने के बाद पुलिस ने उन्हें उनके वास्तविक धारकों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने बताया कि डालमियानगर थाना क्षेत्र में अलग-अलग तिथियों को दर्ज सनहा के आधार पर गुम हुए मोबाइलों की बरामदगी के लिए तकनीकी माध्यम से कार्रवाई की गई। इस दौरान डालमियानगर थाना के सनहा संख्या 512/26, 232/26, 194/26, 924/26, 756/26, 986/26, 762/26, 895/26, 204/26, 627/26, 588/26, 847/26 एवं 266/26 तथा डेहरी रेल थाना के सनहा संख्या 20/25 के तहत गुम हुए मोबाइल बरामद किए गए। पुलिस द्वारा बरामद मोबाइलों को उनके वास्तविक धारकों को सौंपे जाने पर लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गुम या चोरी हुए मोबाइलों की बरामदगी के लिए पुलिस द्वारा लगातार तकनीकी स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरामद मोबाइलों को उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाना पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है।

शाहपुर के जवईनिया बाढ़ कटावरोधी कार्य को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका

नवप्रदेश/शाहपुर/भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड अंतर्गत जवईनिया में कराए जा रहे बाढ़ एवं कटावरोधी कार्य में प्राक्कलन के विरुद्ध कथित रूप से मनमाने ढंग से कार्य कराए जाने के मामले को लेकर पटना उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका पर बुधवार को पुनः सुनवाई हुई। यह मामला उWJC No. 12078/2026 के तहत न्यायालय में लंबित है। याचिका में संवेदक सिंधुजा इंजीनियर एंड कॉन्ट्रैक्टर द्वारा प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं किए जाने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले 18 अगस्त 2026 को हुई सुनवाई में माननीय मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने राज्य सरकार को तीन सप्ताह के भीतर काउंटर एफिडेविट दाखिल करने का निर्देश दिया था। निर्धारित अवधि बीतने के बावजूद सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर बुधवार की सुनवाई में न्यायालय ने नाराजगी जताई और काउंटर एफिडेविट दाखिल करने के लिए अंतिम समय दिया।

संक्षिप्त खबरें

भारत-नेपाल के बीच व्यापार और पारगमन सहयोग मजबूत करने पर जोर

काठमांडू। भारत और नेपाल के बीच व्यापार, पारगमन और अनधिकृत व्यापार पर नियंत्रण को लेकर अंतर-सरकारी उपसमिति की बैठक में दोनों देशों के अधिकारियों ने द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। नेपाल के वाणिज्य विभाग के मुताबिक 16 और 17 सितंबर को नई दिल्ली में हुई बैठक के दौरान बाजार पहुंच, व्यापार सुविधा, सीमा शुल्क सहयोग, उत्पाद मानक, स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता (रढर) उपाय, फार्मास्यूटिकल्स और आयुष उत्पादों से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इसके अलावा सीमा अवसंरचना, कनेक्टिविटी और पारगमन व्यापार को लेकर भी चर्चा की गई। इस बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद जारी रखते हुए द्विपक्षीय व्यापार, पारगमन कनेक्टिविटी और आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। वाणिज्य विभाग के अधिकारी ने कहा कि बैठक का उद्देश्य भारत और नेपाल के बीच व्यापारिक गतिविधियों को सुगम बनाने तथा दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग को मजबूत करना रहा।

अपर त्रिशूली-1 हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के टनल से 6 शव बरामद, 492 लोग अब भी लापता

काठमांडू। नेपाल के भोटेकोसी नदी में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद ऊपरी त्रिशूली-1 जलविद्युत परियोजना के टनल से छह शव बरामद किए गए हैं। परियोजना से 492 लोग अब भी लापता हैं, जबकि 936 लोग संपर्क में आ चुके हैं। नेपाली सेना के अनुसार 26 अगस्त को भोटेकोसी में आई बाढ़ के बाद परियोजना से संपर्कविहीन लोगों की तलाश के दौरान ये शव मिले। संयुक्त बचाव दल ने ऑडिट-3 टनल में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान टनल में कंक्रीट ढलाई के लिए तैयार की गई लोहे की छड़ों की जाली के अंदर फंसी अवस्था में छह शव मिले। सेना के अनुसार ग्राइंडर, गैस कटर और रोटरी रेस्क्यू उपकरणों की मदद से शवों को बाहर निकाला गया। टनल के अंदर कीचड़ में ढकी हुई कुछ अन्य आकृतियां भी शव जैसी दिखाई दी हैं, जिसके बाद उस इलाके में तलाशी अभियान जारी है। बाढ़ के बाद अपर त्रिशूली-1 जलविद्युत परियोजना से सबसे अधिक लोग संपर्कविहीन हुए हैं। शुक्रवार तक के आंकड़ों के अनुसार, परियोजना से 492 लोग अब भी संपर्कविहीन हैं, जबकि 936 लोग संपर्क में आ चुके हैं। बाढ़ आने के समय इस परियोजना में कुल 1,433 कर्मचारी और श्रमिक कार्यरत थे। यह जलविद्युत परियोजना दक्षिण कोरियाई निवेश से निमार्णाधीन है।

जनकपुरधाम का जानकी मंदिर संरक्षित स्मारक क्षेत्र घोषित, विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने की तैयारी

काठमांडू। नेपाल सरकार ने जनकपुरधाम के प्रसिद्ध जानकी मंदिर को संरक्षित स्मारक क्षेत्र घोषित किया है। नेपाल सरकार का लक्ष्य जानकी मंदिर को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराना है। इसके लिए संबंधित सांस्कृतिक विरासत क्षेत्र को संरक्षित स्मारक क्षेत्र घोषित करना आवश्यक प्रक्रिया का हिस्सा है। संस्कृति, पर्यटन तथा नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने राजपत्र में सूचना प्रकाशित कर इस निर्णय की जानकारी दी है। मंत्रालय के अनुसार मंत्रिपरिषद की बैठक ने प्राचीन स्मारक संरक्षण ऐन, 2013 के तहत मंदिर क्षेत्र को संरक्षित स्मारक क्षेत्र घोषित करने का निर्णय लिया है। संरक्षित स्मारक क्षेत्र घोषित होने के बाद अब मंदिर के आसपास भवन निर्माण समेत अन्य गतिविधियों पर निर्धारित मापदंड लागू होंगे। सरकार ने चालू वित्त वर्ष के बजट में भी जानकी मंदिर को विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के लक्ष्य को शामिल किया है। मंत्रालय के सचिव मुकुंद प्रसाद निरौला के अनुसार चारों दिशाओं की सीमाएं निर्धारित कर इस क्षेत्र को संरक्षित स्मारक क्षेत्र घोषित किया गया है।पूर्वी सीमा में जनकपुर के भानु चौक, कदम चौक, जिला प्रशासन कार्यालय और मालपोत कार्यालय होते हुए दक्षिण दिशा में जाने वाली परिक्रमा पथ की सड़क को शामिल किया गया है। पश्चिमी सीमा में भमरापुरा चौक से पश्चिम की ओर जाने वाली सड़क, याज्ञवल्क्य संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, ज्ञानकूप और हनुमान मंदिर होते हुए उत्तर दिशा में जाने वाले परिक्रमा पथ को निर्धारित किया गया है। उत्तरी सीमा में हनुमान मंदिर, पिडारी चौक स्थित राजा जनक स्मारक, मधेस प्रदेश भवन और मिल्स एरिया होते हुए भानु चौक तक के परिक्रमा पथ की सड़क को शामिल किया गया है। इसी तरह दक्षिणी सीमा में जनकपुरधाम के मुरली चौक स्थित विद्यापति स्मारक से भमरापुरा चौक तक जाने वाले परिक्रमा पथ की सड़क को निर्धारित किया गया है।

रांची रेलमंडल खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

नवप्रदेश/रांची में पहली बार हटिया हॉकी स्टेडियम में अंतर-विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता-2026 आयोजित की गई। उद्घाटन डीआरएम करुणानिधि सिंह और सर्वो की अध्यक्षा निधि सिंह ने किया। प्रतियोगिता में महिला और पुरुष रांची रेलमंडल द्वारा पहली बार हटिया हॉकी स्टेडियम में अंतर-विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया गया। उद्घाटन शुक्रवार को डीआरएम करुणानिधि सिंह और सर्वो की अध्यक्षा निधि सिंह ने किया। स्काउट गाइड के मार्च पास्ट के साथ शुरू हुए इस आयोजन में महिला व पुरुष कर्मचारियों ने 100 मीटर दौड़ और 400 मीटर रिले दौड़ में हिस्सा लिया। डीआरएम ने कहा कि खेल से अनुशासन, टीम भावना और आपसी सौहार्द बढ़ता है। मौके पर एडीआरएम हेमराज मीणा समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

नंदीग्राम उपचुनाव : ममता बनर्जी ने किया कांग्रेस को समर्थन का ऐलान

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को नंदीग्राम उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान को समर्थन देने की घोषणा की है। यह एलान उनको इसलिए करना पड़ा क्योंकि ममता गुट की अपनी उम्मीदवार संचित प्रधान दे ने इस अहम चुनाव से अपना नाम वापस ले लिया। ममता बनर्जी ने स्पष्ट किया कि उनका गुट नंदीग्राम से अब कोई दूसरा उम्मीदवार नहीं उतारेगा। उन्होंने इस कदम को भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ 'इंडी' गठबंधन (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) के प्रति एकजुटता के रूप में पेश किया है। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, ₹हम मजबूती से लड़ने के लिए तैयार हैं। मैं चाहती हूं कि भाजपा भारत से जाए। हमारी पूरी एकजुटता इंडी गठबंधन के साथ है।₹ उन्होंने यह भी बताया कि इस फैसले से पहले उनकी विपक्षी गठबंधन के अन्य नेताओं के साथ बातचीत हुई थी। गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उन्हें फोन किया था और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने भी समर्थन का संदेश भेजा था। उल्लेखनीय है कि, आगामी छह अक्टूबर को होने वाले उपचुनाव से ठीक पहले ममता गुट की उम्मीदवार संचिता प्रधान दे ने अचानक अपना नामांकन वापस ले लिया। उनका यह फैसला राज्य सचिवालय नवान्न में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के साथ हुई एक मुलाकात के बाद आया। हालांकि,

सूत्रों ने शुरूआत में इसे शिष्टाचार भेंट बताया था, लेकिन चूंकि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी नंदीग्राम के पूर्व विधायक और ममता बनर्जी के प्रमुख राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं, इसलिए इस मुलाकात ने कई राजनीतिक सवाल खड़े कर दिए। यह राजनीतिक घटनाक्रम ममता बनर्जी के गुट के लिए एक बेहद उथल पुथल वाले दिन हुआ। चुनाव आयोग ने दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच विवाद के कारण तृणमूल कांग्रेस का नाम और उसका पारंपरिक 'घास और फूल' (जोड़ा फूल) चुनाव चिह्न फ्रीज कर दिया है। आगामी उपचुनावों के लिए ममता गुट अब 'ममता सर्वभारतीय तृणमूल कांग्रेस' के नाम से और 'फुटबॉल प्लेयर' चिह्न के साथ चुनाव लड़ेगा। वहीं, बागी गुट को 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'लिफाफा' चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है। आयोग का यह फैसला फिलहाल अंतरिम है और असली पार्टी की मान्यता पर विचार जारी है। ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग के इस फैसले पर भी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इसे भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का 'काला दिन' करार दिया और आयोग पर राजनीतिक पक्षपात तथा बदले की भावना से काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने चुनाव चिह्न फ्रीज किए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह सब सिर्फ एक राजनीतिक दल के अहंकार को संतुष्ट करने के लिए किया गया है। ममता ने आरोप लगाया कि उनके गुट के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं और कार्यकताओं को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पुलिस सत्तारूढ़ दल की एक शाखा बन गई है, उनके 14 हजार कार्यकर्ता जेल में हैं और वह खुद नजरबंद होने के कारण कार्यकताओं से नहीं मिल पा रही हैं। हार न मानने का संकल्प जताते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि उनका गुट चुनाव आयोग की इस व्यवस्था को कानूनी चुनौती देगा। उन्होंने कहा, हम अपना सिर कभी नहीं झुकाएंगे और मजबूती से वापसी करेंगे। अपनी स्थापित की हुई पार्टी की राजनीतिक विरासत पर दावा ठोकते हुए उन्होंने भावुक होकर कहा, जब तक मैं इस दुनिया से विदा नहीं हो जाती, मैं ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस को नहीं छोड़ सकती।

पाकिस्तान के खैबर पख्तनूख्वा में मस्जिद में धमाका, 15 लोगों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार की नमाज के दौरान एक मस्जिद के करीब जोरदार धमाका हुआ। इसमें कम-से-कम 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य चलाया गया। घायलों में कुछ पुलिसकर्मी भी हैं। पाकिस्तान के जिओ न्यूज के मुताबिक खैबर पख्तूनख्वा के कोहाट जिले के पुलिस लाइंस इलाके में एक मस्जिद के पास हुए धमाके में कम-से-कम 15 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। जिला मुख्यालय अस्पताल के एमएस ताहिर अली शाह ने जियो न्यूज को बताया कि धमाके के बाद 15 शव और 50 से ज्यादा घायल लोगों को अस्पताल लाया गया।पुलिस के मुताबिक, धमाका शुक्रवार की नमाज के दौरान हुआ और इससे मस्जिद के बाहर एक गड्ढा बन गया; घायलों में पुलिसकर्मी भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि धमाके के बाद पुलिस लाइंस में अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई। बचाव कर्मियों के मुताबिक धमाके से मस्जिद का बाहरी हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और एक दीवार भी गिर गई। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि इलाज के लिए कम-से-कम 25 घायलों को अस्पताल लाया गया। इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस जुल्फिकार हमीद ने बताया कि धमाके से पहले विस्फोटक से लदी एक गाड़ी पुराने पुलिस लाइंस गेट से टकराई थी। आईजीपी हमीद ने बताया, गाड़ी गेट से टकराई और फिर उसमें धमाका हुआ, साथ ही गोलीबारी भी हुई। उन्होंने कहा कि धमाका एक आत्मघाती हमला था और गोलीबारी के दौरान स्पेशल ब्रांच की इमारत में एक और आत्मघाती धमाका हुआ। आईजीपी हमीद ने रीजनल पुलिस ऑफिसर, कोहाट से रिपोर्ट मांगी है।

एचएएल ने वायु सेना को सौंपे एलसीए तेजस मार्क-1 के दो आखिरी ट्रेनर एयरक्राफ्ट

एचएएल के सीएमडी ने इंजन की कमी को तेजस मार्क-1ए की आपूर्ति में देरी की वजह बताया

नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना को आज हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बेंगलुरु में लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस मार्क-1 के दो आखिरी ट्रेनर एयरक्राफ्ट सौंप दिए, जिससे एचएएल को दिए गए पहले ऑर्डर के सभी 40 विमानों की आपूर्ति पूरी हो गई। इसके साथ एचएएल ने आज ही वायु सेना को एचटीटी 40 बेसिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट और पवन हंस लिमिटेड को ध्रुव नेक्स्ट जेनरेशन (एनजी) हेलीकॉप्टर भी सौंपे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू की मौजूदगी में शुक्रवार को एचएएल ने लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस के दो ट्विन सीटर ट्रेनर्स वायु सेना को सौंपे। यह एलसीए मार्क-1 ट्रेनर विमान भारतीय वायु सेना के 40 विमानों के पुराने ऑर्डर की अंतिम खेप हैं। वायु सेना ने ये 40 विमान दो चरणों में मार्च, 2006 और दिसंबर, 2010 में ऑर्डर किए थे। इनमें से 38 विमान पहले ही वायु सेना को सौंपे जा चुके हैं। अब अंतिम दो ट्विन-सीट ट्रेनर विमानों की डिलीवरी के साथ इस शुरूआती

एलसीए मार्क-1 ऑर्डर की आपूर्ति पूरी हो गई। इसके बाद एचएएल पर एलसीए मार्क-1ए की आपूर्ति का दबाव बढ़ गया है।

वायु सेना ने एचएएल को दो किश्तों में 180 तेजस मार्क-1 ए लड़ाकू विमान के ऑर्डर दिए हैं। पहला ऑर्डर फरवरी, 2021 में 83 लड़ाकू विमानों के लिए और दूसरा ऑर्डर पिछले साल सितंबर में 97 विमानों के लिए दिया गया था। एचएएल से दोनों सौदों के तहत वायु सेना को 141 लड़ाकू और 39 ट्रेनर विमान मिलने हैं। लेकिन मिसाइल और रडार इंटीग्रेशन की दिक्कतों के साथ-साथ इंजन की कमी के कारण इसमें देरी हो रही है। एचएएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक रवि कुमार ने तेजस मार्क-1ए की आपूर्ति में देरी की वजह विमान में मिसाइल और रडार इंटीग्रेशन की दिक्कत और इंजन की कमी को बताया है। उन्होंने कहा कि हमें अगले चार से पांच साल में पूरे एयरक्राफ्ट की आपूर्ति होने की उम्मीद है। इनका उत्पादन बेंगलुरु और नासिक डिवीजन में किया जा रहा है। हम बड़े पैमाने पर प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी का इस्तेमाल कर रहे हैं, चाहे वह एलसीए हो, हेलीकॉप्टर हो, या एचटीटी-40 हो। हम इंटीग्रेशन का काम संभालते हैं, जबकि कई नॉन-कोर एक्टिविटी प्राइवेट इंडस्ट्री पार्टनर करते हैं। सीएमडी रवि कुमार ने यह भी कहा कि मिसाइल और रडार इंटीग्रेशन की दिक्कतों की वजह से तेजस मार्क-1ए में देरी हो रही है, लेकिन जल्द ही इसका हल निकलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि 27 एयरफ्रेम बन चुके हैं और हमें 10 इंजन मिल गए हैं, इसलिए हम एयरक्राफ्ट की डिलीवरी शुरू कर पाएंगे।

इसी कार्यक्रम में वायु सेना को पहली खेप में तीन एचटीटी 40 बेसिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट सौंपे गए हैं। एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमानों की आपूर्ति लंबे समय से अटकी हुई थी। इसकी मुख्य वजह हनीवेल के टीपीई-331-12बी टर्बोप्रॉप इंजन की आपूर्ति में आई वैश्विक सप्लाई चेन की दिक्कत थी। इंजन की आपूर्ति को मंजूरी मिलने के बाद अब इन विमानों की डिलीवरी का रास्ता साफ हुआ है। ये तीन विमान मार्च, 2023 में रक्षा मंत्रालय के साथ 6,838 करोड़ रुपये के 70 एचटीटी-40 विमानों के अनुबंध का हिस्सा हैं।

पवन हंस लिमिटेड को सौंपे गए ध्रुव एनजी हेलीकॉप्टर नागरिक उपयोग के लिए हैं। पवन हंस ने 10 हेलीकॉप्टर के लिए ऑर्डर किया था, जिसमें से चार इस समारोह में दिए गए। ये समुद्री अभियानों, इमरजेंसी मेडिकल सेवा और यात्री परिवहन में काम आएंगे। इनमें आधुनिक ग्लास कॉकपिट और सुरक्षा फीचर हैं। केंद्र सरकार एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर में स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को उच्च प्राथमिकता दे रही है। इन प्लेटफॉर्मों का शामिल होना विदेशी निर्भरता कम करने की दिशा में एक और कदम है। एचएएल अब सिर्फ सैन्य विमान ही नहीं, बल्कि नागरिक हेलीकॉप्टर भी बना रहा है, जिससे देश में लड़ाकू विमानन की उद्योग क्षमता बढ़ रही है।

पंजाबियों को उड़ता पंजाब नहीं, उभरता पंजाब चाहिए : नितिन नवीन

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पठानकोट से शुरू की पहली नशा मुक्त पंजाब यात्रा

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शुक्रवार को पठानकोट से पहली 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ह्यभाजपा का नारा, नशा मिटाना साराह्न के संकल्प के साथ शुरू हुई यह नशा मुक्त यात्रा 30 सितंबर को जालंधर में समाप्त होगी।

इस अवसर पर नितिन नवीन ने नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड? का आह्वान किया। केसरी दस्तार सजाकर मंच पर पहुंचे नितिन नवीन ने कहा कि पंजाबियों को उड़ता पंजाब नहीं, उभरता पंजाब चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने सत्ता के दम पर भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब करके पंजाब को नशे से बर्बाद किया, उनके खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड? का समय आ गया है। नितिन नवीन ने कहा कि नशा पंजाब की पहचान या ताकत नहीं हो सकता। पंजाब की पहचान उसकी विरासत, विचार और नौजवान होनी चाहिए। पंजाब की पहचान गुरुओं की बाणी, किसानों के पसीने और खिलाडि?ों के जज्बे से होती थी। पंजाब के लोग खुद नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे।

भारतीय जनता पार्टी की नशे के खिलाफ लड़ाई का मूल मंत्र साझा करते हुए नितिन नवीन ने कहा कि नशा तस्करों पर वार करना, नशे के सप्लाई नेटवर्क को तोड?ा, ड्रग मनी जब्त करना, नशे के शिकार लोगों का पुनर्वास करना और समाज के सहयोग से नशे के खिलाफ लड़ाई को आगे बढ़ाना उनकी रणनीति का हिस्सा होगा। नितिन नवीन ने कहा कि देश में भाजपा जो संकल्प लेती है, उसे पूरा करती है। धारा 370 हटाने के संकल्प को पूरा करने के लिए लंबा संघर्ष किया गया तथा आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म किया गया। पंजाब भाजपा के अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह जुटान कोई राजनीतिक रैली नहीं है, बल्कि हम माताओं-बहनों का दुख बांटने आए हैं। उन्होंने कहा कि यह एक लोक आंदोलन है, जिसके तहत हम 117 विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प के अनुसार अगले दो वर्षों में नशे को जड़ से खत्म करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह बादल ने कहा कि आज पंजाब अपनी पहचान खोता जा रहा है। पंजाब की जो तस्वीर पहले हुआ करती थी, अब वह तस्वीर नहीं रही। अश्वनी शर्मा ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी से संबंधित ऐतिहासिक स्थल से यात्रा शुरू करके भाजपा ने नशे के खिलाफ लोक आंदोलन शुरू किया है। इसका बैनर राजनीतिक हो सकता है, लेकिन समस्या घर-घर की है।

समागम को अन्य नेताओं के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय सांपला, संसदीय समिति के सदस्य इकबाल सिंह लालपुरा, पूर्व लोकसभा सदस्य परनीत कौर, पूर्व राज्यसभा सदस्य श्वेत मलिक, पूर्व पंजाब मंत्री मनोरंजन कालिया, मुकेरियां से विधायक जंगी लाल महाजन तथा पंजाब विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर दिनेश बब्बू ने भी संबोधित किया।

नौसैन्य जहाज टक्कर मामले में भारत ने पाकिस्तान के आरोपों को सिरे से खारिज किया

नई दिल्ली। भारत ने अरब सागर में भारतीय युद्धपोत और पाकिस्तानी नौसैनिक जहाज के बीच हुई टक्कर को लेकर पाकिस्तान के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। इसके साथ ही भारत ने पाकिस्तानी सैन्य इकाइयों से भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न होने की चेतावनी भी दी है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पूरे घटनाक्रम पर पाकिस्तान की ओर से आए जवाब पर आज अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का जवाब हमने देखा है। पड़ोसी देश की टालमटोल करने की आदत रही है और हमें इसी तरह के जवाब की उम्मीद थी। हम उसकी ओर से लगाए आरोप को सिरे से खारिज करते हैं। पाकिस्तान का आरोप था कि यह टक्कर पाकिस्तानी विशेष आर्थिक क्षेत्र में भारतीय जहाज की उकसावे वाली और अस्वीकार्य कार्रवाई की वजह से हुई।

प्रवक्ता जायसवाल ने एक बार फिर दोहराया कि आईएनएस कोलकाता पश्चिम अरब सागर में एक नियमित तैनाती पर था। पाकिस्तानी नौसेना के जहाज पीएनएस हुनैंन ने समुद्र में अस्वीकार्य और गैर-पेशेवर तरीके से बर्ताव किया। इसके

परिणामस्वरुप टक्कर हुई। प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि पूरे घटनाक्रम में आईएनएस कोलकाता को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है और वह अभी भी समंदर में है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी जहाज खतरनाक तरीके से ओवरटेक करने की पैंतरेबाजी कर रहा था। यह भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य समझौतों के विरुद्ध है। इन समझौतों में यह स्पष्ट है कि नौसेना इकाइयों को एक-दूसरे के तीन नॉटिकल मील के दायरे में नहीं आना चाहिए। इसके अलावा पाकिस्तानी जहाज में समुद्र में टक्कर रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय नियमों का भी उल्लंघन किया है। उल्लेखनीय है कि अरब सागर में 15 सितंबर को आईएनएस कोलकाता और पीएनएस हुनैंन के बीच हुई टक्कर पर भारत ने पाकिस्तान के प्रभारी राजदूत को तलब कर इस मामले पर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया था और पाकिस्तानी जहाज के अस्वीकार्य आचरण पर कड़ी आपत्ति जताई थी। इसको लेकर पाकिस्तान का कहना था कि यह टक्कर पाकिस्तान के विशेष आर्थिक क्षेत्र में भारतीय जहाज की उकसावे वाली और अस्वीकार्य कार्रवाई की वजह से हुई। बीच समंदर में हुई इस घटना को इसलिए गंभीर माना जा रहा है, क्योंकि भारत और पाकिस्तान ने अप्रैल 1991 में सैन्य गतिविधियों से जुड़ी गलतफहमियों और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक समझौता किया था। इसके आर्टिकल 10 में दोनों देशों के नौसैनिक जहाजों और पनडुब्बियों के अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में संचालन को लेकर विशेष प्रावधान है। इसके तहत दोनों देशों के नौसैनिक जहाजों को एक-दूसरे के तीन नॉटिकल मील से कम करीब नहीं आना चाहिए, ताकि दुर्घटना से बचा जा सके। तीन नॉटिकल मील करीब 5.56 किलोमीटर के बराबर होते हैं। इस प्रावधान का उल्लेख भारत सरकार के पुराने आधिकारिक रिकॉर्ड में भी मिलता है। इसलिए मौजूदा घटना में भारत की आपत्ति केवल टक्कर होने को लेकर नहीं है, बल्कि यह भी है कि पाकिस्तानी जहाज ने अंतरराष्ट्रीय समुद्र में सुरक्षित संचालन के लिए मौजूद द्विपक्षीय व्यवस्था का पालन नहीं किया।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्रनाथ पांडेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)